चैत्र कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 28 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 39, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

क्षुद्रग्रह बेन्नु के नमूनों को संग्रहालयों में रखा 16

अदिति राव हैदरी ने साउथ एक्टर सिद्धार्थ से रचाई शादी 15

नैनीताल-ऊधमसिंह नगर से भाजपा से अजय भट्ट व कांग्रेस से प्रकाश जोशी ने किया नामांकन

ब्यूरो, हल्द्वानी/रुद्रपुर/अल्मोड़ा/देहरादून

वीरेंद्र रावत | गणेश गोदियाल | प्रकाश जोशी | प्रदीप टम्टा | अजय भट्ट

- अल्मोड़ा संसदीय सीट से कांग्रेस के प्रदीप टम्टा ने नामांकन किया
- पौड़ी व हरिद्वार सीट से कांग्रेस से गणेश गोदियाल व वीरेंद्र रावत ने भरा पर्चा
- चार सीटों पर बसपा प्रत्याशियों ने भी नामांकन कराकर ठोंकी ताल

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन बुधवार को पांचों सीटों पर नामांकन हुए। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट से भाजपा से अजय भट्ट व कांग्रेस से प्रकाश जोशी ने शक्ति प्रदर्शन कर नामांकन कराया। अल्मोड़ा सीट पर कांग्रेस से प्रदीप टम्टा ने पर्चा भरा। हरिद्वार के लिए कांग्रेस से वीरेंद्र रावत ने नामांकन किया। पौड़ी के लिए कांग्रेस से गणेश गोदियाल ने नामांकन किया। चार सीटों पर बसपा प्रत्याशियों ने भी पर्चे भरे। गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी।

रुद्रपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी व रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह और डेजिग्नेटेड रिटर्निंग आफिसर मनीष बिष्ट के समक्ष भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट व कांग्रेस के प्रकाश जोशी समेत सात उम्मीदवारों ने नामांकन किया। अजय भट्ट ने नामांकन के बाद गांधी पार्क में सभा की। अजय की रैली में सीएम पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा आदि रहे। जबकि प्रकाश जोशी के समर्थन में निकाली गई रैली में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक तिलकराज बेहड़, सुमित हृदयेश आदि रहे। वहीं, बसपा के अख्तर अली, लोक जिम्मेदार पार्टी के जीवन चंद्र उप्रेती, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के अखिलेश कुमार ने नामांकन किया। निर्दलीय रमेश कुमार और हितेश पाठक ने भी नामांकन किया। इस सीट पर 10 ने नामांकन किया है।

पौड़ी गढ़वाल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने नामांकन के बाद रोड शो किया। बसपा से धीर सिंह ने भी नामांकन किया। भाजपा के टिकट पर अनिल बलूनी पहले ही नामांकन कर चुके हैं।

टिहरी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के लिए अंतिम दिन भारतीय राष्ट्रीय एकता दल से बृजभूषण करनवाल, निर्दलीय प्रत्याशी सरदार खान, विपिन अग्रवाल, प्रेमदत्त सेमवाल, सुदेश तोमर ने नामांकन किए। जिला निर्वाचन अधिकारी देहरादून/डीएम सोनिका ने बताया कि कुल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किए हैं।

पत्रों की जांच 28 को होगी। नाम वापसी 30 मार्च को और मतदान 19 अप्रैल को होगा और मतगणना 4 जून को होगी।

कांग्रेस के टम्टा समेत चार अन्य प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

अल्मोड़ा में आखिरी दिन कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी प्रदीप टम्टा और चार अन्य पार्टियों के प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, विधायक मनोज तिवारी, हरीश धामी, गोविंद सिंह कुंजवाल समेत अनेक दिग्गजों के साथ अपने नामांकन के लिए कलक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने अपना नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा। अन्य प्रत्याशियों में बहुजन समाजवादी पार्टी से नारायण राम, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी से किरन आर्या, उत्तराखंड क्रांति दल से अर्जुन कुमार देव व बहुजन मुक्ति पार्टी से ज्योति प्रकाश टम्टा ने नामांकन कराया। सभी प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ कलक्ट्रेट पहुंचे थे। भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा पहले ही नामांकन करा चुके हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि नोटिफिकेशन जारी होने के बाद 20 मार्च से तीन नामांकन हुए थे। अल्मोड़ा संसदीय सीट पर कुल आठ नामांकन दाखिल हुए हैं।

हरिद्वार से पूर्व सीएम हरीश रावत का वेटा भी मैदान में

हरिद्वार सीट के लिए कांग्रेस से वीरेंद्र रावत ने नामांकन से पहले रोड शो किया। रोड शो में वीरेंद्र रावत के पिता पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत समेत दिग्गज कांग्रेसी मौजूद रहे। भाजपा प्रत्याशी पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत पहले ही नामांकन करा चुके हैं। बसपा से जमील अहमद, यूकेडी से मोहन सिंह असवाल ने नामांकन किया। नामांकन कराने वाले अन्य में भारतीय सेवक पार्टी के संदीप कुमार, निर्दलीय अवनीश कुमार, भारतीय युवा एकता पार्टी के सूरत सिंह रावत, निर्दलीय अकरम हुसैन, निर्दलीय प्रबोध चंद्र डबराल, एकम सनातन भारत दल के स्वामी दामोदराचार्य, निर्दलीय आकिल अहमद, निर्दलीय विजय कश्यप, उत्तराखंड समानता पार्टी के बलवीर सिंह भंडारी, निर्दलीय करण सिंह सैनी, निर्दलीय राहुल कश्यप शामिल हैं। हरिद्वार सीट पर 21 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे हैं।

एक नजर

अमरावती से नवनीत और चित्रदुर्ग से गोविंद को टिकट

नई दिल्ली। महाराष्ट्र की अमरावती (सु.) सीट से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा भाजपा से चुनाव लड़ेंगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा सीट के उपचुनाव में उम्मीदवार होंगे। भाजपा ने बुधवार शाम लोकसभा चुनावों के लिए सातवीं सूची में महाराष्ट्र एवं कर्नाटक की दो सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं। कर्नाटक की चित्रदुर्ग (सु.) सीट से गोविंद करजोल को भाजपा का टिकट मिला है। पार्टी ने आंध्र प्रदेश विस चुनाव के लिए 10 उम्मीदवार घोषित किए।

छत्तीसगढ़ : दो महिला नक्सलियों समेत छह ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सली समेत छह को मार गिराया है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि बासागुड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के तहत चिपुरभट्टी गांव के पास तालपेरू नदी के किनारे जंगलों में मुठभेड़ हुई है।

केजरीवाल की गिरफ्तारी में दिल्ली हाईकोर्ट का हस्तक्षेप से इनकार

दायर की गयी याचिका पर ईडी को नोटिस, जवाब दाखिल के लिए समय मांगा

नयी दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क/एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले में ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने गिरफ्तारी और बाद में ईडी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देते हुए केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया तथा दो अप्रैल से पहले उससे जवाब मांगा। न्यायमूर्ति शर्मा ने रिहाई की अंतरिम राहत देने के केजरीवाल के अनुरोध पर भी ईडी का रूख जानना चाहा।

न्यायमूर्ति शर्मा ने स्पष्ट किया कि अंतिम निस्तारण के लिए इस विषय पर तीन अप्रैल को सुनवाई होगी। हाईकोर्ट ने कहा कि कोई स्थगन नहीं लगाया जाएगा। हाईकोर्ट ने ईडी को अपने जवाब की डिजिटल एवं मुद्रित प्रति याचिकाकर्ता के वकील को देने का निर्देश दिया। से इस आधार पर उन्हें रिहा करने का अनुरोध किया है कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है। केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी ने अपने मुवक्किल की ओर से कहा, गिरफ्तारी का मकसद सबूत ढूंढना नहीं बल्कि मुझे और मेरी पार्टी को पंगु बनाना था। मेरी प्रार्थना है कि मुझे अभी रिहा किया जाए। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलीसीटर इस बात की संभावना है कि ईडी केजरीवाल को उनकी हिरासत खत्म होने पर बृहस्पतिवार को दिल्ली की एक अदालत में पेश कर सकती है।

मेरे पति 28 मार्च को सच्चाई बताएंगे : सुनीता केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने कहा कि ईडी के कई छापों में एक पैसा भी नहीं मिला और उनके पति 28 मार्च को अदालत में कथित आबकारी नीति घोटाले में 'बड़ा खुलासा' करेंगे। उन्होंने कहा कि दो साल की जांच के बावजूद ईडी को केवल 73,000 रुपये मिले। मेरे पति ने हिरासत में रहते हुए जल मंत्री आतिशी को निर्देश जारी किए। केंद्र को इससे दिक्कत थी। क्या वे दिल्ली को बर्बाद करना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि उनके पति इस मुद्दे को लेकर बहुत दुखी हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल एक बहादुर और सच्चे व्यक्ति हैं और उनका संकल्प मजबूत है।

दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी: उपराज्यपाल

नई दिल्ली। उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी सरकार जेल से नहीं चलने दी जाएगी। सक्सेना की यह टिप्पणी आप नेताओं के उन बयानों की पृष्ठभूमि में आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि अरविंद केजरीवाल जेल में रहने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी।

अमेरिकी राजनयिक को किया तलब

केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी मिशन की कार्यवाहक उप प्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय में तलब किया और अमेरिका की टिप्पणी पर विरोध जताया। अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारी ने कहा था कि वाशिंगटन केजरीवाल के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, हम कानूनी कार्यवाही में अमेरिकी प्रवक्ता की टिप्पणियों पर आपत्ति जताते हैं।

अंतिम दिन सपा ने मुरादाबाद में बदला प्रत्याशी, रामपुर में दो का नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/रामपुर।

- जेल से ही आजम ने दिखायी राजनीतिक ताकत, दबाव में सपा
- मुरादाबाद में रुचि वीरा, रामपुर में मुहिबउल्ला नदवी ने भरा पर्चा

अमृत विचार : आजम खां ने जेल में रहते हुए ही क्षेत्रीय जनता और पार्टी को अपने राजनीतिक ताकत का एहसास कराया है। माना जा रहा है कि, आजम रामपुर और मुरादाबाद दोनों लोस सीटों पर अपनी चलाना चाहते हैं। ऐसे में सपा ने मुरादाबाद से जहां मौजूदा सांसद एसटी हसन का टिकट काट कर उनके स्थान पर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचिवीरा को प्रत्याशी बनाया है वहीं, रामपुर से मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी पार्टी के उम्मीदवार होंगे। दोनों ने बुधवार को पर्चा दाखिल कर दिया है।

पहले चरण के चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन बुधवार को रामपुर सीट से दो उम्मीदवारों और मुरादाबाद से रुचि वीरा ने सपा के दूसरे उम्मीदवार के तौर पर नामांकन किया। रुचिवीरा भी सपा के वरिष्ठ नेता आज़म खान की करीबी हैं। इस तरह दोनों ही सीटों पर खुद को सपा प्रत्याशी बताकर दो-दो उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने से दिन भर भ्रम और उहापोह की स्थिति बनी रही। रामपुर में जहां पूर्व में लोकसभा उपचुनाव लड़ चुके आसिम राजा ने खुद को सपा उम्मीदवार बताते हुए नामांकन दाखिल किया। वहीं, यही दावा करते हुए मोहिबुल्लाह नदवी ने भी पर्चा दाखिल कर दिया। उधर, मुरादाबाद में पार्टी नेता रुचि वीरा के सपा उम्मीदवार के तौर पर नामांकन करने के बाद भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। इससे पहले, मंगलवार को मुरादाबाद से मौजूदा सपा सांसद एस. टी. हसन ने भी सपा उम्मीदवार के रूप में ही नामांकन दाखिल किया था। रामपुर से सपा प्रत्याशी नदवी ने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा, 'मुझे अखिलेश यादव ने भेजा है। आजम खां मेरे हमदर्द हैं और मैं उनके लिए दुआ करता हूं।

सपा ने स्पष्ट की स्थिति

सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि मुरादाबाद से मौजूदा सांसद एस टी हसन का टिकट काट दिया गया है और उनके स्थान पर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है। इसके अलावा रामपुर से मुहिबउल्ला नदवी पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार हैं। नदवी दिल्ली के संसद मार्ग पर स्थित जामा मस्जिद के इमाम हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि पूर्व में दोनों सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर कुछ संशय की स्थिति थी लेकिन बाद में उसे ठीक कर लिया गया है।

रामपुर से 24 घंटे के अंदर ही बदला प्रत्याशी

मुरादाबाद। रामपुर लोकसभा सीट से आजम खां के इशारे पर आसिम राजा ने भी पर्चा दाखिल किया है। ऐसे में सपा के दो प्रत्याशियों ने बुधवार को आखिरी दिन नामांकन किया। दोनों प्रत्याशी अधिकृत होने का दावा कर रहे हैं। 30 मार्च को नाम वापसी है, इसी दिन तस्वीर साफ होगी। वहीं, सपा मुरादाबाद लोकसभा सीट पर प्रत्याशी चयन में कमजोर दिखाई पड़ी। सपा ने पहले अपने मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया था। लेकिन 24 घंटे के अंदर ही उनकी जगह रुचि वीरा को प्रत्याशी घोषित कर दिया।

जिस दिन आप शेयर बेचेंगे पैसा भी उसी दिन मिलेगा

मुंबई, एजेंसी

- शेयर बेचने और खरीदने पर भुगतान की व्यवस्था में किया गया बदलाव

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज शेयरों के खरीदने और बेचने पर उनके भुगतान की व्यवस्था में गुरुवार से बदलाव कर रहा है। स्टाक एक्सचेंज टी 0 सेटलमेंट सिस्टम का ट्रायल 25 शेयरों के साथ शुरू कर रहा है। यानी जिस दिन आप इन शेयरों को बेचेंगे, पैसा भी उसी दिन आपको मिलेगा।

अभी शेयर बाजार में टी 1 सेटलमेंट सिस्टम लागू है। यानी शेयरों के बेचने पर भुगतान एक दिन बाद किया जाता है। तीन महीने पहले मार्केट रेगुलेटर ने टी 0 के लिए कंसल्टेशन पेपर जारी किए थे और 12 जनवरी तक इस पर लोगों से राय मांगी थी। 6 दिन पहले 6-स्टेप गाइडलाइन जारी की थी।

शेयर खरीदने में उसी दिन शेयर डीमेट अकाउंट में क्रेडिट हो जाएगा, जिससे अगर चाहे तो उसी दिन शेयर प्लेज भी कर सकेंगे। अभी अगले दिन डीमेट अकाउंट में शेयर्स क्रेडिट होते हैं। इससे मार्केट में लिक्विडिटी बढ़ेगी, जिससे वेटिंग पीरियड का इंतजार किए बिना इन्वेस्टर्स अन्य शेयर्स को खरीद सकेंगे। साथ ही कम समय तक के लिए पैसा होने पर भी इन्वेस्टर्स मार्केट में पैसा सकेंगे।

प. यूपी में स्टार प्रचारकों में मोदी, शाह और योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा ने घोषित किए पहले चरण के लिए 40 स्टार प्रचारक
- आधी आबादी को लुभाएंगी स्मृति, हेमामालिनी, बेबी और गीता

अमृत विचारः पश्चिमी उप्र से शुरू हो रहे लोकसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार में भाजपा ने बुधवार को 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी समेत राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री सभी आठ सीटें जीतने का बिगुल फूंकेंगे। आधी आबादी के लिए महज चार स्टार प्रचारकों में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, सांसद व अभिनेत्री हेमा मालिनी, प्रदेश की महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्या और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य का नाम है।

लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण में आठ सीटों पर मतदान 19 अप्रैल को होगा। इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत सीट शामिल है। स्टार प्रचारकों की सूची में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी है, लेकिन पड़ोसी हरियाणा राज्य से सीमाएं और रिश्ते जुड़े होने के बावजूद वहां के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रचारकों की सूची से गायब हैं।

अन्य स्टार प्रचारकों में प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, चुनाव संचालन समिति के संयोजक व मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, धर्मपाल सिंह शामिल है। केंद्रीय मंत्रियों में पीयूष गोयल, एसपी सिंह बघेल, बीएल वर्मा, संजीव कुमार बालियान है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी, दुर्विजय सिंह शाक्य, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह समेत राज्य सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, नरेंद्र कश्यप, असीम अरुण, कपिल देव अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह नागर, चौधरी लक्ष्मी नारायण, सुनील शर्मा के अलावा मुख्तार अब्बास नकवी, सोमेंद्र तोमर, जसवंत सैनी, दानिश आजाद, अश्विनी त्यागी, सुभाष यदुवंश, सत्येंद्र सिसोदिया, संतोष सिंह शामिल हैं।

आप सांसद सुशील रिंकू और अंगुराल हुए भाजपा में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- रिंकू ने कहा- राज्य सरकार ने विकास के मामले में उनका साथ नहीं दिया

पंजाब के जालंधर से आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद सुशील कुमार रिंकू और जालंधर पश्चिम के विधायक शीतल अंगुराल बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, पार्टी महासचिव विनोद तावड़े और पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ की मौजूदगी में दोनों ने सदस्यता ग्रहण की।

तावड़े ने कहा कि दोनों नेताओं के आने से पंजाब में भाजपा मजबूत होगी। आने वाले दिनों में दोनों नेताओं की क्षमताओं का पंजाब व पार्टी के हित में उपयोग किया जाएगा। पुरी ने कहा कि जहां 'डबल इंजन' की सरकार है वहां तो विकास हो रहा है, लेकिन पंजाब पीछे रह गया। केंद्र व राज्य में एक ही पार्टी की सरकार को भाजपा के नेता अक्सर 'डबल इंजन' की सरकार कहते हैं। जाखड़ ने दोनों नेताओं का भाजपा में स्वागत किया और बताया कि पार्टी मुख्यालय पहुंचने से पहले रिंकू ने लोकसभा अध्यक्ष को इस्तीफा भेज दिया है और आप की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया।

किच्छा में नदी में नहाते समय दो बच्चों की डूबने से मौत

संवाददाता, किच्छा

- पोस्टमार्टम न कराने को लेकर कई घंटे हंगामा

अमृत विचार : बरौर नदी में नहाने के दौरान दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। शवों का पोस्टमार्टम न कराने को लेकर परिजनों ने कई घंटे हंगामा किया।

कोतवाली अंतर्गत वार्ड नंबर 2, ग्राम मलपुरा के अफरोज मलिक का नौ वर्षीय पुत्र फैजान तथा फैसल मलिक का आठ वर्षीय पुत्र आतिफ अन्य बच्चों के साथ बरौर नदी में नहाने गए थे। इस दौरान फैजान और आतिफ नदी में डूब गए। मौके पर मौजूद अन्य बच्चों ने शोर मचाते हुए मदद को गुहार लगाई। सूचना जैसे ही गांव पहुंची लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। मौके पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। बच्चों के परिजनों एवं ग्रामीणों ने बरौर नदी में बच्चों की तलाश की। खोजबीन के बाद ग्रामीणों ने बेहोशी की हालत में फैजान एवं आतिफ को नदी से निकाला और किच्छा के सरदार बल्लभ भाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बच्चों का पोस्टमार्टम करने के लिए पंचनामा भरने की प्रक्रिया शुरू की तो परिजनों ने पोस्टमार्टम से इनकार कर दिया। पुलिस ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। बाद में पुलिस अधिकारियों से बात करने के बाद परिजन पोस्टमार्टम को राजी हुए। जानकारी होने पर विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए।

पहले चरण के लिए कुल 155 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

लखनऊ। पहले चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए अब तक 155 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन के आखिरी दिन 109 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सहारनपुर सीट पर अब तक कुल 13, कैराना में 17, मुजफ्फरनगर में 38, बिजनौर में 23, नगीना सुरक्षित में 12, मुरादाबाद व रामपुर में 18-18 और पीलीभीत में 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। बताया कि 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 30 मार्च को प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। इन सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।

बढ़ी परेशानियां | यूपी मदरसा बोर्ड में प्रदेश में 12 लाख 70 हजार 36 छात्र हैं पंजीकृत

बोर्ड के फेर में फंसा 13 लाख छात्रों का भविष्य

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी मदरसा बोर्ड के सामने 12 लाख 70 हजार 36 पंजीकृत छात्रों को सुरक्षित करने का लक्ष्य है। समायोजित छात्रों की इतनी बड़ी संख्या यूपी बोर्ड में कैसे जोड़ी जाए, इसको लेकर विभागीय अधिकारी किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सके हैं।

हाईकोर्ट का यूपी मदरसा बोर्ड को लेकर दिया गया अहम फैसला शासन के लिए किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं बन रहा। न्यायालय के आदेश के बाद बोर्ड का क्या होगा, छात्रों का समायोजन सहित अन्य विषयों पर बैठकें जारी हैं। बुधवार को अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ मोनिका गर्ग और निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ जे. रीभा सहित अन्य उच्च अधिकारियों ने मिलकर बैठक की। मदरसा बोर्ड में पंजीकृत 12 लाख 70 हजार 36 पंजीकृत छात्रों को समायोजित किये जाने का मामला प्रमुखता से उठा। जानकारों की मानें तो बैठक में इन छात्रों को यूपी बोर्ड में समायोजित करने को लेकर एक राय हुई। ऐसे में मदरसा बोर्ड के छात्रों को लेकर यूपी बोर्ड की व्यवस्थाएं नाकाफी मिलीं। बोर्ड रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी का कहना है कि अब तक 12 लाख से अधिक छात्र फीडिंग के क्रम में पंजीकृत हो चुके हैं। बोर्ड को लेकर शासन क्या निर्णय लेगा, इसको लेकर उच्चाधिकारियों ने बैठक की है, निष्कर्षों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

मिनी आईटीआई सिमटी, रोजगार पर ग्रहण

यूपी मदरसा बोर्ड प्रदेश भर में 536 मिनी आईटीआई संचालित करता रहा है। कोर्ट के आदेश के बाद इस व्यवस्था को विराम दे दिया गया। रजिस्ट्रार का कहना है कि मिनी आईटीआई से छात्रों को प्रशिक्षण और रोजगार मिलता रहा है।

33 हजार से अधिक शिक्षकों की सेवाओं पर संशय

मदरसा बोर्ड के पोर्टल पर 33 हजार 692 शिक्षक पंजीकृत हैं। 13 हजार 329 मान्यता प्राप्त मदरसों और 560 एडेड मदरसों में 9646 शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी अब तक सेवाएं देते रहे हैं। हाईकोर्ट के रुख के बाद इनकी सेवाओं पर संशय बना हुआ है।

सार-संक्षेप

व्यापारी नेता सेमवाल ने भाजपा का दामन थामा

गोविंद सिंह बिष्ट के साथ अखिलेश सेमवाल।

भीमताल : व्यापारी नेता अखिलेश सेमवाल ने भाजपा का दामन थाम लिया है। उन्होंने पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान ज्वाइनिंग कमेटी के प्रदेश संयोजक गोविंद सिंह बिष्ट का मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसके बाद विधायक सरिता आर्य से मुलाकात कर बताया कि भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा की नीतियों का व्यापक प्रचार करेंगे। इसके लिए उन्होंने भाजपा की नीतियों को डोर टू डोर पहुंचाने की बात कही। अखिलेश सेमवाल के भाजपा में सम्मलित होने पर पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, समेत कई अन्य भाजपा नेताओं ने स्वागत किया है।

सीवर लाइन लीक होने से लोग परेशान

लाइन लीक होने से सड़क पर बहता सीवर का पानी।

नैनीताल : तल्लीताल के समीप लीकेज होने से पूरी सड़क पर सीवरेज का पानी भरा हुआ है। इससे रोडवासियों का सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है। गंदगी के कारण उठ रही दुर्गंध ने आसपास के दुकानदारों के लिए समस्या उत्पन्न की हुई है। सीवर का पानी बाजार में रोड से होता हुआ आगे जा रहा है।

नशे में धुत स्कूटी सवार ने राहगीर को मारी टक्कर

नैनीताल : तल्लीताल क्षेत्र में नशे में धुत स्कूटी सवार एक राहगीर को टक्कर मारकर फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने उसका पीछा किया तो कुछ दूर जाकर उसकी स्कूटी दीवार से टकरा गई। बीडी पांडे अस्पताल में उपचार व मेडिकल परीक्षण में युवक के नशे में होने की पुष्टि हुई। एसओ रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने पर कैंट निवासी राजेश कुमार के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

जोशी बने सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष

हल्द्वानी : अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद में कैप्टन दयाकिशन जोशी को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। सेना मेडल परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष कर्नल बीएस ढेला ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। जोशी ने कहा कि वह संगठन को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे।

सैलानियों की वापसी और वीआईपी मूवमेंट से शहर जाम

सुबह से शुरू हुआ जाम का सिलसिला दोपहर बाद तक जारी रहा, नैनीताल रोड, कालाढूंगी रोड और रामपुर रोड पर रेंगते रहे वाहन

जाम का झाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल में छुट्टी मनाने के बाद घर वापसी के लिए निकले सैलानियों की भीड़ और वीआईपी मूवमेंट ने शहर सुबह ही जाम हो गया। छोटे-बड़े सभी चौराहों पर जाम रहा और सुबह से शुरू हुआ जाम दोपहर बाद तक जारी रहा। कड़ी धूप में जाम के बीच लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

बता दें कि होली की छुट्टी पर दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के पर्यटक बड़ी संख्या में नैनीताल समेत अन्य पर्यटन स्थलों पर पहुंचे। इधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत कई वीआईपी भी बुधवार को शहर में थे। जिसकी वजह से कई रास्तों पर वीआईपी के लिए भारी संख्या पुलिस लगा दी गई थी। काफिला गुजरने के दौरान यातायात रोक दिया गया। आलम यह हुआ कि तिकोनिया, नैनीताल कॉपरेटिव बैंक तिराहा, रोडवेज, स्टेडियम चौराहा, अग्रसेन चौक, सिंधी चौक, रामपुर रोड, सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के सामने और मंगलपड़ाव समेत कई चौराहे पूरे दिन जाम के जूझते रहे। सुशीला तिवारी के सामने तो सुबह 9 बजे ही जाम लग गया, जो करीब 11 बजे के बाद सामान्य हो सका। इसके अलावा नैनीताल रोड पर नैनीताल बैंक तिराहे से जिला उद्योग केंद्र रोड पर बुरा हाल रहा।

हल्द्वानी में बुधवार को नैनीताल रोड पर लगा जाम।

नैनीताल में माल रोड पर रेंगते हुए जाते पर्यटकों के वाहन। ● अमृत विचार

पर्यटकों से गुलजार सरोवर नगरी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: शहरों में बढ़ती गर्मी से राहत पाने के लिए अब लोग नैनीताल पहुंचने लगे हैं। वीकेंड पर सैलानियों की आमद से स्थानीय व्यापारियों के चेहरों पर भी रौनक देखने को मिल रही है।

वहीं होली के लंबे अवकाश के बाद बुधवार को भी नैनीताल में सैलानियों की बड़ी संख्या देखने को मिली। इस दौरान माल रोड तल्लीताल, मल्लीताल पंत पार्क, भोटिया बाजार, केव गार्डन, सरियाताल, हिमालय दर्शन, स्नो व्यू, नयना पीक पर पर्यटकों की काफी संख्या देखने को मिली। सैलानियों ने नैनीझील में नौकायन, रोपवे व घुड़सवारी का लुत्फ उठाया तो वहीं पंत पार्क फड़ बाजार से जमकर खरीदारी की गई। इसके चलते स्थानीय व्यापारियों के चेहरों पर रौनक देखने को मिली।

वहीं आने वाले शुक्रवार को गुड फ्राइडे का अवकाश व शनिवार-रविवार को वीकेंड के चलते फिर से नगर में सैलानियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। इसके लिए अधिकांश होटल पैक हो चुके हैं।

माल रोड पर बनी जाम की स्थिति

नैनीताल, अमृत विचार : भले ही नैनीताल में पर्यटन सीजन शुरू होने में दो महीने का समय हो लेकिन पर्यटक बड़ी संख्या में घूमने के लिए अभी से पहाड़ी क्षेत्रों का रुख करने लगे हैं। होली की छुट्टियों के बाद विभिन्न क्षेत्रों से पर्यटकों के पहुंचने से जाम की स्थिति बनी रही। भीड़ के कारण पर्यटकों को कार पार्किंग के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ा। माल रोड पर दिन भर वाहन रेंगते रहे।

पंत पार्क में चहल कदमी करते सैलानी। ● अमृत विचार

मूल्यांकन संवेदनशील विषय है, सतर्कता बरतें

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा के तहत कापियों का मूल्यांकन बुधवार से शुरू हो गया है। मूल्यांकन से पूर्व राजकीय इंटर कॉलेज रामनगर में परीक्षकों की बैठक लेते हुए केंद्र उपनियंत्रक बलवंत सिंह मनराल ने कहा कि गलतियां न ढूढी जाएं, बल्कि सही के आधार पर बच्चों को अंक दिए जाएं। मूल्यांकन एक संवेदनशील विषय है, इसलिए हम सभी को संजीदगी और सतर्कता के साथ इस कार्य को करना होगा। मूल्यांकन केंद्र के परिवेक्षक सुरेंद्र प्रताप भारती मूल्यांकन केंद्र पर समय और गुणवत्ता का पूर्ण पालन किया जाए। सह उपनियंत्रक इंटर राजेंद्र प्रसाद देवरानी और हाईस्कूल उपनियंत्रक अजय धस्माना ने भी मूल्यांकन के बाबत जानकारी दी।

रामनगर के मूल्यांकन केंद्र में शिक्षकों को संबोधित करते केंद्र उपनियंत्रक।

निरीक्षण के दौरान मूल्यांकन केंद्र प्रभारी से जानकारी लेते प्रभारी सचिव।

बता दें कि इंटर में 18782, हाईस्कूल 22888 में उत्तर पुस्तिकाएं आई हैं। मूल्यांकन 10 अप्रैल तक चलेगा। रामनगर मूल्यांकन केंद्र में कुल 16 टेबल हैं। 8 इंटर, 8 हाईस्कूल, विषय इंटर अंग्रेजी, हिंदी, राजनीति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, लेखा आदि कॉपियों का मूल्यांकन किया जा रहा है।

प्रदेश में मूल्यांकन कार्य शुरू, 3574 परीक्षक जुटे

रामनगर, अमृत विचार : उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की वर्ष 2024 की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन बुधवार से शुरू हो गया है। इसके लिए पूरे प्रदेश में 29 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। बुधवार को मूल्यांकन से पूर्व मास्टर ट्रेनरों ने सभी परीक्षकों, उप प्रधान परीक्षकों एवं अंकेक्षकों को मूल्यांकन संबंधी जरूरी निर्देश दिए। गैरहाजिर परीक्षकों के स्थान पर प्रतीक्षारत सूची से परीक्षकों की तैनाती के निर्देश दिए गए। बुधवार को प्रभारी सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी की अध्यक्षता में मूल्यांकन कार्य में गुणात्मक सुधार लाने के लिए मूल्यांकन केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर सचिव बृजमोहन सिंह रावत, शोध अधिकारी शैलेन्द्र जोशी आदि मौजूद रहे।

हल्द्वानी में भी बोर्ड कॉपियों का मूल्यांकन शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार : उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन बुधवार से शुरू हो गया है। जिले के तीन केंद्रों में मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है। पहले दिन मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) जगमोहन सोनी ने हल्द्वानी के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और एमबी इंटर कॉलेज मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों में 90 प्रतिशत शिक्षक मूल्यांकन ड्यूटी में उपस्थित रहे। सीईओ ने बताया कि मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों को रोजाना इंटर की न्यूनतम 30 व हाईस्कूल की अधिकतम 40 कॉपियों का मूल्यांकन करना होगा। मूल्यांकन के लिए शिक्षकों की और अधिक जरूरत पड़ने पर बोर्ड की ओर से निर्धारित सूची के अनुसार ड्यूटी लगाई जाएगी। बताया कि मूल्यांकन कार्य 10 अप्रैल तक चलेगा।

शहर में बढ़ने लगी गर्मी पारा 31 डिग्री के पार

संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ **मौसम विभाग के अनुसार अगर बारिश होती है तो तापमान में कमी आएगी**

अमृत विचार: पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से पहले तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है। अधिकतम तापमान 31 डिग्री पार कर गया। साथ ही न्यूनतम तापमान में भी उछाल आया है। मौसम विभाग के अनुसार अगर बारिश होती है तो तापमान में कमी आएगी।

बुधवार को सुबह से ही धूप निकली रही। दिन में अधिकतम तापमान 31.7 डिग्री तक पहुंच गया। मार्च में अभी तक का सबसे ज्यादा तापमान बुधवार को ही दर्ज किया गया है। साथ ही न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री रहा है। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से चार डिग्री ज्यादा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार से मौसम में परिवर्तन हो सकता है और मैदान सहित पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि मार्च में अभी तक का सबसे ज्यादा तापमान 30 मार्च साल 2017 को दर्ज किया गया है। उस दिन तापमान 36.9 डिग्री तक पहुंच गया था।

पर्यटकों को नाव में घुमाने के लिए आपस में भिड़े चालक

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: मल्लीताल क्षेत्र स्थित बोट स्टैंड में पर्यटकों को नौकायन कराने को लेकर दो नाव चालकों में विवाद हो गया। नशे की हालत में दोनों नाव चालक हाथापाई पर उतर आए। सूचना के बाद पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई और दोनों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में कार्रवाई की।

बुधवार सुबह मल्लीताल बोट स्टैंड में कुछ पर्यटक नौकायन के लिए पहुंचे थे। इस बीच नशे की हालत में दो नाव चालक उनको नौकायन कराने की बात पर आपस में भी झगड़ने लगे। दोनों के बीच जमकर हाथापाई हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली लेकर गई। जहां दोनों का मेडिकल परीक्षण करने पर शराब पीने की पुष्टि हुई। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि मल्लीताल निवासी नवीन जोशी व आसिफ खान के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई है।

पहाड़ों में भी होगी लॉरेल की खेती

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : अब वह दिन दूर नहीं जब ओखलकांडा, धारी, मुक्तेश्वर और प्रदेश भर के ठंडे क्षेत्र के काश्तकार लॉरेल की खेती कर सकेंगे। तेजपत्ता के समान गुण रखने वाले लॉरेल को भीमताल की आबो हवा रास आ गई है।

कुछ वर्ष पहले इस पौधे को एक नर्सरी में हॉलैंड से मंगाया गया था। इससे अन्य पौधों को तैयार किया गया है। फ्लोरीवैल के स्वामी डॉ. अखलिश त्यागी बताते हैं कि लॉरेल ठंडी जगह में भी उग सकता है। जबकि तेजपत्ता

गर्म इलाकों में पाया जाता है। डॉ. त्यागी ने बताया कि आमतौर पर इसकी पत्तियों को सुखाकर व्यंजनों में डाला जाता है।

भूमध्य रेखा के समीप स्थित देशों में इसका प्रयोग काफी अधिक मात्रा में किया जाता है। फ्रांस बेल्जियम, इटली, रूस और अमेरिका आदि देश में पाए जाने वाले इस पौधे में औषधीय गुण भी मौजूद हैं।

पत्तियों में ल्यूरिक एसिड होने के कारण कीट पतंग आदि को भगाने के लिए भी इसका प्रयोग किया जाता रहा है। मध्य युग में गर्भपात तथा जादुई तरीकों में भी इसका प्रयोग किया जाता था। यह स्वादजनक, पाचन, मूत्रवर्धक, भूख बढ़ाने व सिरदर्द के इलाज में भी लाभदायक है।

हालात एबीआर व एबीपी ट्रेड में कम ले रहे प्रवेश, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, टर्नर व आरएसी ट्रेड में बनी हुई मांग

आईटीआई के कई ट्रेडों में घट रही विद्यार्थियों की रुचि

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: एक दौर था जब आईटीआई में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों में काफी उत्साह रहता था और विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित विद्यार्थियों की मांग भी बहुत रहती थी लेकिन अब कुछ ट्रेडों को छोड़कर अन्य में प्रशिक्षित विद्यार्थियों की मांग घट रही है। खुद आईटीआई प्रशिक्षकों ने इस बात को स्वीकार किया है।

वर्तमान में हल्द्वानी आईटीआई में कुल 593 विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं जिसमें 413 नए प्रवेश हैं और 180 विद्यार्थी द्वितीय वर्ष में हैं। आईटीआई में वर्तमान में कुल 15 ट्रेड संचालित हैं जिसमें फिटर, इलैक्ट्रीशियन, मैकेनिकल इलैक्ट्रीशियन, प्लंबर, टर्नर और आरएसी ट्रेड में सभी सीटों में विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं जबकि एबीआर और एबीपी ट्रेड से विद्यार्थियों का मोह भंग हो रहा है। वर्तमान में एबीआर ट्रेड में 20 सीटों में 10 ही विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया जबकि एबीपी ट्रेड में एक भी विद्यार्थी ने प्रवेश नहीं लिया।

साथ ही अन्य ट्रेडों में भी विद्यार्थी कम रूचि ले रहे हैं। आईटीआई के एक प्रशिक्षक ने बताया कि एबीपी और एबीआर ट्रेड की मांग घट रही है जिस कारण इसके लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी घट रही है। बताया कि फैक्ट्रियों में काम न होने के कारण अब इन दो ट्रेडों के विद्यार्थियों की मांग घट गई है।

क्या है एबीआर और एबीपी

जानकारों ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में एबीआर (ऑटोमेटिक बॉडी रिपेयर) और एबीपी (ऑटोमेटिक बॉडी पेंट) ट्रेड में मैनपावर की मांग घट गई है। साथ ही फिटर, मैकेनिकल इलैक्ट्रीशियन, वेल्डर, प्लंबर ट्रेड में अभी भी अच्छी मांग है जिससे इन ट्रेडों में विद्यार्थी रूचि ले रहे हैं।

आईटीआई महिला, हल्द्वानी

कोपा	48	47
स्वीईंग	20	8
स्टैनो	24	12
मै. इलै.	24	24
कुल प्रवेश	116	92

तीन काउंसलिंग के बाद भर पाईं सीटें

हल्द्वानी आईटीआई से मिली जानकारी के अनुसार सीटें भरने के लिए तीन बार काउंसलिंग की जरूरत पड़ गई। कई वर्गों में सीटें नहीं भर पाईं जिसके कारण उनको दूसरे वर्ग की सीटों के साथ संबद्ध करना पड़ा।

आईटीआई हल्द्वानी प्रवेश विवरण 2023-24

व्यवसाय	कुल सीट	प्रवेशित
वैल्डर	20	20
स्टैनो	24	16
फिटर	40	40
आरएसी	24	24
वायरमैन	20	19
मैकेनिकल इलैक्ट्रीशियन	24	24
एमएमवी	24	24
विद्युतकार	40	40
मशीनिष्ट	40	39
प्लंबर	24	24
टर्नर	40	40
कुल प्रवेश	360	321

एक नजर

उत्तराखंड में पीएम मोदी और योगी करेंगे प्रचार

हल्द्वानी : उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करने के लिए भाजपा ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। स्टार प्रचारकों की लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई बड़े नाम शामिल हैं। स्टार प्रचारकों की लिस्ट में पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, अनुराग ठाकुर, मनोज तिवारी, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत कई केंद्रीय और राज्य के स्टार प्रचारकों के नाम शामिल है।

दो युवकों को तमंचे व चाकू के साथ गिरफ्तार किया

लालकुआं : हल्दूचौड़ में पुलिस ने दो युवकों को अवैध तमंचा एवं चाकू के साथ गिरफ्तार करते हुए उनका चालान किया। कोतवाली प्रभारी लालकुआं दिनेश चंद्र फर्त्याल के निर्देश पर हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी गौरव जोशी ने चेकिंग अभियान चलाया। इसमें नवल फुलारा (23) निवासी जग्गी बंगर हल्दूचौड़ को रेलवे फाटक बेरीपड़ाव के पास एक चाकू व विवेक वर्मा (19) निवासी दुर्गापालपुर मोतीराम हल्दूचौड़ को सिंगल फार्म हल्दूचौड़ के पास अवैध तमंचा मय कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

जिला शिकायत समिति का किया गठन

हल्द्वानी : जिला नैनीताल के उड़न दस्तों द्वारा जब्त धनराशि को अवमुक्त कराने के लिए जिला स्तर पर जिला शिकायत समिति का गठन किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडे ने बताया कि उड़न दस्तों द्वारा जिस किसी व्यक्ति, संस्था या समूह की धनराशि जब्त की जाती है तो वह अपना प्रतिवेदन समस्त साक्ष्यों के साथ निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कक्ष, एमबीपीजी हल्द्वानी में गठित समिति के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं।

नगर निगम की लापरवाही से जानलेवा हुए लावारिस पशु

छह माह में भी शहर के सभी लावारिस पशुओं को नहीं मिला ठिकाना, गोवंशीय पशुओं को आश्रय देने में नगर निगम की सुस्त चाल

पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: अक्तूबर में लावारिस गोवंशीय पशु की वजह से एक व्यक्ति की जान चली गई थी। इसके बाद भी लगातार लावारिस गौवंशीय पशु लोगों को अपना निशाना बनाते रहे। पिछले छह माह में नगर निगम ने गोवंशीय पशुओं को आश्रय देने के लिए गौशाला में भेजना शुरू किया। छह माह बाद भी शहर की सड़कों पर लावारिस गोवंशीय पशुओं को घूमना जारी है।

सोमवार की सुबह नैनीताल रोड पर देवाशीष होटल के पास एक सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गई। हादसे में लावारिस गौवंशीय पशुओं की वाहन से टक्कर की भी वजह सामने आ रही है। हालांकि नगर निगम का कहना है कि हादसे में गौवंशीय पशु नहीं थे। फिर भी पूरे शहर में अभी भी लावारिस गोवंशीय पशु समस्या बन गए हैं। जानलेवा हादसे हो रहे हैं और इनके लिए जिम्मेदार केवल नगर निगम है। विगत दिसंबर में हाथीखाल गोरापड़ाव निवासी बुजुर्ग के ऊपर एक सांड़ ने मंडी में हमला कर दिया था। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। नगर निगम गठन के 10 साल बीत जाने के बाद भी इस समस्या से निजात नहीं मिला है। न्यायालय के आदेश के बाद नगर निगम समस्या को सुलझा रहा है।

लोग छोड़कर जा रहे अपने पशु: वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी : वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने कहा कि अक्तूबर में जब गोवंशीय पशुओं की गणना की गई तो उनकी संख्या 1400 थी। नगर निगम ने इन्हें पकड़ने के लिए लगातार अभियान भी चलाया। लेकिन अब कुछ लोग अपनी गायों को खुला छोड़ दे रहे हैं। जिससे नगर निगम के सामने समस्या खड़ी हो रही है और लावारिस गायों की संख्या बढ़ती जा रही है।

हल्द्वानी में रामपुर रोड व नैनीताल रोड पर घूमते आवारा जानवर। ये जानवर रोजाना हादसों का कारण बनते हैं। ● अमृत विचार

गौशाला बनाने का 80 प्रतिशत काम पूरा

हल्द्वानी : नगर निगम के पास अपनी गौशाला नहीं होने की वजह से बाजपुर और हल्दूचौड़ स्थित गौशाला में पशुओं को भेजा था। इसके बाद शीशमहल और नजाकत के बगीचे में अस्थाई गौशाला बनाई गई। नजाकत के बगीचे में 135 गोवंशीय पशु हैं तो वहीं नजाकत के बगीचे में 45 गोवंशीय पशु हैं। नगर निगम को उम्मीद है कि गंगापुर कबडवाल में बनाई जा रही गौशाला का निर्माण अगले दो माह में पूरा हो जाएगा। नगर निगम को वहां 4.26 हेक्टेयर जमीन मिली है। यहां गौशाला बनाने का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है।

अभी तक 600 पशुओं को भेजा गौशाला

हल्द्वानी : अक्तूबर में जब नगर निगम ने गोवंशीय पशुओं को गौशाला भेजना शुरू किया था तब गणना के अनुसार 1400 गोवंशीय पशुओं को गौशाला भेजना था। अभी तक 600 पशुओं को गौशाला भेजा गया है। औसतन हर माह 100 पशुओं को गौशाला भेजा जा रहा है। यही रफ्तार रही तो बाकी गोवंशीय पशुओं को गौशाला भेजने में छह से सात माह का समय और लग सकता है।

हेल्पलाइन भी जारी, नहीं दिखा असर

हल्द्वानी : लावारिस गोवंशीय पशुओं को पकड़ने के लिए नगर निगम ने व्हाट्सएप नंबर और ईमेल आईडी जारी किया है। सड़क किनारे घूम रहे लावारिस पशुओं से निजात पाने के लिए हेल्पलाइन नंबर 8267005112 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा ईमेल आईडी nagarnigamhldgauvansh@gmail.com पर भी लिख सकते हैं। हालांकि इसका असर कम ही दिखा है।

पशुधन प्रसार अधिकारी जाएंगे गौशाला

हल्द्वानी : अस्थाई गौशालाओं में रखी गईं गाय भी दम तोड़ रहीं हैं। इस वजह से नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने आदेश जारी कर कहा है कि पशुधन प्रसार आधिकारी और पशुधन सहायक का दल गठित किया जाएग और उन्हें प्रतिदिन गौशालाओं में भेजा जाए। उल्लेखनीय है कि पकड़े गए गौवंशीय पशुओं में पेट फूलने, अपच जैसी बीमारियां हो रहीं हैं।

अतिरिक्त बसें चलाने से यात्रियों को राहत

हल्द्वानी, अमृत विचार: रोडवेज स्टेशन में हर साल होली के बाद वापस जाने वाले यात्रियों की सीट पाने को लेकर मारामारी रहती है लेकिन बुधवार को स्टेशन में कुछ अलग नजारा देखने को मिला। स्टेशन में बसें तो पर्याप्त थी लेकिन यात्रियों की भीड़ नजर नहीं आई हालांकि दिल्ली मार्ग पर जाने वाले यात्रियों की संख्या सबसे अधिक रही और दिनभर मार्ग पर जाने वाले यात्रियों का स्टेशन पहुंचने का सिलसिला चलता रहा। रोडवेज स्टेशन इंचार्ज इंद्रा भट्ट ने बताया कि दिल्ली के लिए 8 अतिरिक्त बसों सहित कुल 25 बसों का संचालन किया गया।

उन्होंने बताया कि दिल्ली के अलावा अन्य रूट पर यात्रियों की संख्या सामान्य रही। बताया कि दिल्ली मार्ग पर ही सबसे अधिक यात्री सफर करते हैं और इसी रूट से डिपो को सबसे अधिक आय प्राप्त होती है। बताया कि वर्तमान में डिपो की प्रतिदिन आय का लक्ष्य 15.46 लाख रुपये है। भट्ट ने बताया कि दो दिन की होली का असर परिवहन निगम की आय पर भी पड़ा है। बताया कि बुधवार को हल्द्वानी डिपो की 17-18 लाख रुपये की आय होने का अनुमान है। दिल्ली से वापस लौटने वाली बसों में भी यात्रियों की संख्या कम होने के कारण आय में अधिक बढ़ोत्तरी नहीं हुई है।

सितारगंज के युवक की कार से 1.37 लाख मिले

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एसएसटी की टीम ने एक बार फिर भारी मात्रा में कैश बरामद किया है। मंगलवार रात टीम ने सितारगंज के एक युवक की गाड़ी से 1.37 लाख रुपये की नकदी बरामद की है।

मंगलवार की देर रात काठगोदाम क्षेत्र के गौलापार पुल के पास एसएसटी की टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी बीच सितारगंज के वार्ड 16 निवासी राजू गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता की गाड़ी को रोककर जब तलाशी ली गई तो गाड़ी में टीम को एक लाख सैंतीस हजार रुपये मिले। सूचना पर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी भी पहुंच गए। कैश के दस्तावेज मांगे लेकिन नहीं मिल पाए। पुलिस ने नकदी को ट्रेजरी में जमा करा दिया है। इस दौरान एसएसटी टीम के वन दरोगा प्रकाश भट्ट, वंशीधर कापड़ी, सिपाही राजेश कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सतर्कता

- एसएसटी की टीम ने चेकिंग के दौरान की कार्रवाई
- गौलापुल पर पकड़ा कैश, ट्रेजरी में जमा

जिले में बनेगा नया कारागार, जमीन तलाशने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कैदियों और बंदियों से ओवरलोड हो चुकी नैनीताल और हल्द्वानी जेल के विस्तार के साथ नई जेल बनाने की तैयारी की जा रही है। जिला जेल को हल्द्वानी में बनाने का सुझाव है और इसके लिए 10 एकड़ जमीन की तलाश के निर्देश भी दे दिए हैं। जिला और उप कारागार को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी वंदना ने संबंधित अधिकारियों के साथ कैंप कार्यालय में बैठक की। जिसमें महानिरीक्षक कारागार विमला गुंज्याल ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ीं।

जिलाधिकारी ने बताया नैनीताल नगर के बंदी कारागार में 7 बैरेक हैं, जिनमें 71 कैदियों की क्षमता है, लेकिन यहां 164 कैदी (बंदी) हैं। बढ़ते अपराधिक ग्राफ को देखते हुए जेल विस्तारिकरण आवश्यक है। महानिरीक्षक कारागार ने बताया कि जेल परिसर, कारागार बिल्डिंग में बंदियों (कैदियों) के लिए वीसी कक्ष, कौशल विकास ट्रेनिंग सेंटर, व्यावसायिक शिक्षा, खेल-कूद, व्यायाम आदि के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए। मुलाकात के लिए आने वालों के बैठने के लिए भी पर्याप्त जगह होनी चाहिए। इसके लिए यदि नैनीताल में कारागार का विस्तारीकरण किया जाता है तो लगभग 10 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। चूंकि नैनीताल नगर में इतनी भूमि मिलना मुश्किल है। ऐसे नैनीताल के आसपास के क्षेत्रों में भूमि की तलाशी जाए।

बैठक में हल्द्वानी में जनपद स्तरीय कारागार बनाने के विकल्प पर भी चर्चा की गई। जिसमें 2 से 2.5 हजार कैदियों को रखने का पर्याप्त स्थान हो। जिलाधिकारी ने नैनीताल, हल्द्वानी आदि स्थानों में जेल निर्माण के लिए साइट्स सिलेक्शन कमेटी को एसडीएम, हल्द्वानी और एसडीएम नैनीताल व ईओ नगर पालिका परिषद नैनीताल के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण कर उपयुक्त स्थान का चयन करने के निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम शिवचरण द्विवेदी, एसडीएम हल्द्वानी परितोष वर्मा, प्रभारी अधिकारी जिला कार्यालय नैनीताल प्रकाश जोशी, कारागार निरीक्षक नैनीताल संजीव ह्यांकी, अधिशासी अधिकारी द्वितीय नगर निगम हल्द्वानी पूजा आदि उपस्थित रहे।

कारागार विस्तारीकरण को लेकर अधिकारियों संग बैठक करतीं जिलाधिकारी वंदना।

पहल

- वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिये जिलाधिकारी और महानिरीक्षक कारागार ने जताई सहमति
- 10 एकड़ जमीन की जरूरत, जेल निर्माण के लिए साइट सलेक्शन कमेटी को निर्देश

हल्द्वानी में लोगों से बातचीत करते सीएम पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

अचानक अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष के घर पहुंचे सीएम

हल्द्वानी, अमृत विचार: मॉर्निंग वॉक करने के लिए निकले सीएम पुष्कर सिंह धामी अचानक एक कार्यकर्ता के घर पहुंच गए। सीएम को अपने घर पर देखकर कार्यकर्ता भी चौंक गया। लोकसभा चुनाव की व्यस्तता के बावजूद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मार्निक वॉक के दौरान आमजन से मिलने का सिलसिला जारी रखा है। बुधवार को सीएम धामी बगैर किसी लावलश्कर के अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जीवन चंद्र आर्या के आवास पहुंच गए। अचानक सीएम धामी के घर पर पहुंचने पर जीवन चंद्र भी चौंक गए। सीएम धामी को मोहल्ले में देख लोगों की उनसे मिलने के लिए भीड़ लग गई।

नगर निगम के स्मार्ट शौचालय बने शोपीस

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: स्वच्छता अभियान में राज्यभर में चौथा स्थान प्राप्त करने का तमगा लेकर घूम रहे नगर निगम के कई स्मार्ट शौचालयों पर निर्माण के बावजूद महीनों से ताले लटके हुए हैं।

नगर निगम को शहर में अलग-अलग जगहों पर 15 स्मार्ट शौचालयों का निर्माण करना हैं, जिनमें से 4 बनकर तैयार भी हो गए हैं, लेकिन इन्हें अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। लोगों ने बताया कि एमबीपीजी कॉलेज के सामने बने स्मार्ट शौचालय को बने तीन महीने से ज्यादा समय हो गया है लेकिन इस पर अब भी ताला लगा हुआ है।

उन्होंने कहा कि यहां से हजारों लोग आए दिन गुजरते हैं, यदि इसका संचालन शुरू हो जाता तो लोग इसका इस्तेमाल कर सकते। इसके अलावा, आवास विकास व कॉल टैक्स के पास और चित्रशीला घाट, रानीबाग और में नगर निगम के स्मार्ट शौचालय महीनों से बनकर तैयार हैं लेकिन इन्हें भी अब तक नहीं खोला गया है।

हैरत की बात यह कि इन्हें कब तक खोला जाएगा, इसे लेकर भी नगर निगम के अधिकारियों के पास कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। इधर, 15 जगहों में बनने वाले इन स्मार्ट शौचालय के लिए निगम अब तक केवल 7 स्थानों का ही चुनाव कर पाया है। हालांकि, चयनित स्थानों में से भी ज्यादातर सड़क चौड़ीकरण की भेंट चढ़ चुके हैं लेकिन अधिकारियों का दावा है कि जल्द सभी शौचालयों को तैयार कर लिया जाएगा।

नगर निगम का हाईटेक शौचालय।

> कई स्मार्ट शौचालयों में बिजली आदि की व्यवस्था की जानी है, जिसके बाद ही स्वास्थ्य विभाग इनके संचालन का तरीका तय करेगा।
> – नवल नौटियाल, एई, नगर निगम

पर्यावरण के अनुकूल हैं स्मार्ट शौचालय

स्मार्ट शौचालयों को सीवर लाइन से नहीं जोड़ा जाता, बल्कि इनके नीचे बायो डाइजेस्टर कंटेनर लगाया जाता है, जिसमें एनेरोबिक बैक्टीरिया होते हैं। ये बैक्टीरिया मल को पानी व गैसों में बदल देते हैं। इस प्रक्रिया के दौरान मल के सड़ने पर केवल मीथेन गैस व पानी ही शेष बचता है, जिसे खुली नालियों तक में बहाया जा सकता है। एक स्मार्ट शौचालय को बनाने में 12 से 15 लाख रुपये की लागत आती है।

बरेली रोड पर हादसा स्कूटी सवार की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : घर से बाजार जा रहे एक युवक हादसे का शिकार हो गया। किसी अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से वाहन समेत फरार हो गया। स्कूटी सवार को एसटीएच पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हरिपुर केशवदत्त अर्जुनपुर निवासी रोहित कोहली (26 वर्ष) मोटाहल्दू स्थित एक ऑटोमोबाइल पार्ट्स निर्माता कंपनी में कर्मचारी थे। मंगलवार को रोहित अपनी स्कूटी लेकर घर से बाजार की तरफ जा रहा था। बरेली रोड स्थित एक शोरूम के पास उसकी स्कूटी में किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायल को एसटीएच पहुंचाया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। रोहित के चाचा त्रिलोक ने बताया कि रोहित के परिवार में उसकी पत्नी और चार साल का बेटा, माता-पिता व अन्य लोग हैं।

- अज्ञात वाहन की चपेट में आया युवक, घर से जा रहा था बाजार
- बरेली रोड स्थित वाहन के एक शोरूम के पास हुआ हादसा

ट्रायल ट्रैफिक प्लान पर डीएम ने तलब की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हाल में पुलिस ने ट्रायल ट्रैफिक प्लान लागू किया था। इसको लेकर जिलाधिकारी ने कैंप कार्यालय में बैठक की और एसपी से 28 मार्च तक इस पर रिपोर्ट मांगी। इसके अलावा अन्य विभाग के अधिकारियों से भी यातायात को लेकर किए जा रहे कामों पर रिपोर्ट तलब की है।

बता दें कि नैनीताल की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने को लेकर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर है, जिस पर दिए गए निर्देशों के तहत पार्किंग, सड़क व चौराहों का चौड़ीकरण करना है। इसको लेकर जिलाधिकारी वंदना ने विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर समीक्षा की। इसी के तहत पिछले दिनों ट्रैफिक रूट डाइवर्जन प्लान का ट्रायल किया गया था। जिलाधिकारी ने बैठक में पीडब्ल्यूडी, पर्यटन, नगर पालिका परिषद, नगर निगम आदि विभागीय अधिकारियों को ट्रैफिक व्यवस्था सुधारीकरण के संबंध में किए जा रहे प्रयासों पर अपनी-अपने रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही एसपी हरबंश सिंह को 28 मार्च की शाम तक ट्रायल ट्रैफिक रूट डायवर्जन प्लान के संबंध में अपनी रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त हल्द्वानी विशाल मिश्रा, ईई पीडब्ल्यूडी, एसडीएम परितोष वर्मा, ईई पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड, प्रभारी अधिकारी जिला कार्यालय नैनीताल आदि मौजूद रहे।

- एसपी से 28 मार्च शाम तक रिपोर्ट देने को कहा
- यातायात को लेकर अन्य विभागों से भी मांगी रिपोर्ट

अनदेखी महिला और पुरुष के लिए सिर्फ एक ही शौचालय, बैरक तक नहीं, सड़क किनारे टिनशेड में काम कर रहा थाने का आधे से ज्यादा स्टाफ

सबसे बड़ा थाना मुखानी, मूलभूत सुविधाएं न होने से परेशानी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर के सबसे बड़े क्षेत्रफल वाला थाना मुखानी में मूलभूत सुविधाएं तक नहीं हैं। आलम यह है कि यहां पुरुष और महिलाओं के लिए सिर्फ एक ही शौचालय हैं और ऐसे में कई बार महिला पुलिस कर्मियों को शर्मिंदगी का सामना भी करना पड़ता है। मानकों की बात करें तो मुखानी थाना कहीं भी खरा नहीं उतरता।

शहर में मुखानी थाने की सीमा मुखानी चौराहे से शुरू होती है और कालाढूंगी की सीमा तक इसका फैलाव है। कालाढूंगी रोड पर ब्लाक के पास मुखानी थाने को निर्माण किया गया। थाने का पिछला हिस्सा पक्का है, लेकिन अगले भाग में बैठने वाला आधा से ज्यादा स्टाफ टिनशेड के नीचे बैठ कर काम करता है। यहां अपराधी हो, थानेदार या फिर थाने का अन्य स्टाफ, इन सबके इस्तेमाल के लिए सिर्फ एक शौचालय है। न तो पुलिस कर्मियों के लिए मैस है और न ही अपराधी या आरोपियों को रखने के लिए बैरक। ऐसे में थाने में अपराधियों की निगरानी के लिए सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम करने पड़ते हैं। इन्हें मुंशियाने में बैठाया जाता है और एक आदमी को निगरानी में लगाया जाता है।

> मुखानी थाने में निर्माण कार्य के लिए प्रस्ताव मांग लिया गया है। मुख्यालय भी भेजा गया है। जल्द ही सभी व्यवस्थाएं पूरी हो जाएंगी।
> –पीएन मीणा, एसएसपी नैनीताल

मॉनीटरिंग करता है देहरादून

ये भी विडंबना है कि मुखानी थाने की पूरी मॉनिटरिंग खुद देहरादून से होती है। यहां करीब पांच सीसीटीवी लगाए हैं, जिसमें पूरे थाने की गतिविधि देहरादून में दिखाई देती है। यहां अगर थानाध्यक्ष के कमरे में बैठ कर कोई बात भी करता है, तो देहरादून में मॉनिटरिंग करने वाला अधिकारी सुन सकता है, लेकिन इन अधिकारियों को थाने की मूलभूत सुविधाएं दिखाई नहीं देती।

दुरुस्त नहीं हो पाया बनभूलपुरा थाना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा हिंसा को डेढ़ माह से अधिक का वक्त गुजर चुका है, लेकिन बनभूलपुरा थाना पूरी तरह से अपने अस्तित्व में नहीं लौट पाया। आलम यह है कि मरम्मतीकरण के बीच बनभूलपुरा थाने का ऑनलाइन सिस्टम अब भी ठप पड़ा है।

बता दें कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हुई हिंसा के दौरान उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाने को फूंक दिया था। इस आगजनी में थाने के तमाम दस्तावेज समेत कंप्यूटर व अन्य उपकरण फुंक गए थे। घटना के बाद से ही थाने में मरम्मतीकरण का काम शुरू कर दिया गया, जो अब भी जारी है। इन सबके बीच थाने में मैन्युवल तरीके से काम किया जा रहा है। हालत यह है कि थाने का सीसीटीएनएस तक शुरू नहीं कराया जा सका, जो सबसे आसान काम था। जिसके चलते 8 फरवरी के बाद से आज तक मुकदमे तो कई दर्ज हुए लेकिन अभी तक इन्हें सीसीटीएनएस पर ऑनलाइन अपलोड नहीं किया जा सका। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि नए उपकरण इंस्टॉल करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जल्द ही सीसीटीएनएस प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

बनभूलपुरा थाना। ● अमृत विचार

सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का 'दिल' बीमार

सालों से बंद पड़ा है बेस अस्पताल का हृदय रोग केंद्र, स्वास्थ्य विभाग का सामान रखने का स्टोर बना दिया गया

नरेंद्र देव, हल्द्वानी

अमृत विचार: कार्डियोलॉजिस्ट नहीं होने की वजह से बेस अस्पताल के हृदय रोग केंद्र को स्वास्थ्य विभाग ने गोदाम बना दिया है। अस्पताल की ओपीडी में हृदय रोगी पहुंचते हैं लेकिन उन्हें कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है।

बेस अस्पताल में सालों पहले कार्डियोलॉजिस्ट की सुविधा थी। साथ ही अस्पताल के हृदय रोग केंद्र में मरीजों का ऑपरेशन भी किया जाता था। बाद में कार्डियोलॉजिस्ट नहीं होने की वजह से हृदय रोग केंद्र में काम होना बंद हो गया। अस्पताल में फिजिशियन ही ओपीडी में हृदय रोगियों को देखते हैं। समस्या बढ़ी होने पर उन्हें अन्य अस्पतालों के रेफर कर दिया जाता है। मौजूदा समय में हृदय रोग केंद्र का इस्तेमाल विभिन्न कामों के लिए हो रहा है।

कोविड काल में यहां कोरोना जांच की गई। बाद में वैक्सीनेशन भी करवाया गया। इन दिनों यहां स्वास्थ्य विभाग का सामान रखा गया है। रख-रखाव के लिए एक नर्स की यहां ड्यूटी लगाई गई है। हृदय रोग केंद्र के बाहर ही खराब एंबुलेंस भी खड़ी है। मरीजों को निजी अस्पताल में हृदय रोग से जुड़े ऑपरेशन करवाने पड़ते हैं। जहां आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलना मुश्किल होता है।

जर्जर हालत में बंद पड़ा हृदय रोग केंद्र। ● अमृत विचार



बदहाल हृदय रोग केंद्र। ● अमृत विचार

खंडहर हो रही इमारत

हल्द्वानी। बेस अस्पताल स्थित हृदय रोग केंद्र कभी चमकती इमारत से अब खंडहर बन रहा है। दीवारें पूरी तरह से बदरंग हो गईं हैं। यही हाल रहे तो जल्द ही इमारत पूरी तरह से जर्जर हो सकती है।

निजी अस्पताल में खर्च

हार्ट में स्टं	2 लाख रुपये
ओपन हार्ट सर्जरी	3 लाख रुपये
ईको की जांच	1500
एंजियोग्राफी	15 हजार

> कार्डियोलॉजिस्ट नहीं होने की वजह से हृदय रोग केंद्र को बंद किया गया है। सालों से बेस अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट की व्यवस्था नहीं हो पाई है। **–डॉ. केके पांडे, पीएमएस, बेस अस्पताल**

बीडी पांडे अस्पताल में नौ अप्रैल से ईको की सुविधा

नैनीताल। बीडी पांडे अस्पताल में नौ अप्रैल से हृदय रोगियों को ईको व टीएमटी की सुविधा भी मिलेगी। दोनों मशीनें अस्पताल की कार्डियक यूनिट में स्थापित की जा चुकी हैं। ईको विधि से उपचार के लिए अब तक मरीजों को हल्द्वानी जाना पड़ता था। लेकिन अब ईको व टीएमटी जांच मरीजों को बीडी पांडे अस्पताल में ही मिलेगी। स्वास्थ्य महानिदेशक के प्रयासों से अस्पताल में मशीनों को स्थापित किया जा चुका है। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि ईको व टीएमटी मशीन अस्पताल में स्थापित की जा चुकी है। नौ अप्रैल से प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को दोनों मशीनों से मरीजों की जांच की जाएगी। बताया कि ईको मशीन से हार्ट अटैक की जांच, हार्ट फंक्शन प्रतिशत की जांच, दिल के छेंद, पैदाइशी दिल की बीमारी, फैले हुए दिल, दिल के वाल्व व दिल में भरे पानी की जांच की जाएगी। टीएमटी मशीन से छाती के दर्द, दौड़ते समय दिल की धड़कन, दिल की सर्जरी, दिल के फंक्शन, पुराने दिल के मरीज और हार्ट अटैक के बाद दिल की जांच की जा सकेगी।

बेस अस्पताल में पर्चा बनवाने के लिए लगी मरीजों की लाइन। ● अमृत विचार

तीन दिन बाद खुली ओपीडी में लगी भीड़

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में बुधवार को भीड़ रही। जिस वजह से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

लगातार तीन दिन तक ओपीडी बंद रहने की वजह से बुधवार को ओपीडी में अपेक्षाकृत अधिक मरीज थे। सुशीला तिवारी अस्पताल, बेस अस्पताल और महिला अस्पताल तीनों ही जगहों पर मरीजों की भीड़ रही। एसटीएच में मरीजों की ओपीडी में संख्या 1581 तक पहुंच गई। यही हाल बेस अस्पताल और महिला अस्पताल के भी थे। यहां भी अन्य दिनों की अपेक्षा काफी भीड़ रही। मरीजों को पर्चा बनाने में भी काफी दिक्कत आ रही थी।

ओपीडी ब्लॉक की तीसरी मंजिल को बना दिया कबाड़खाना

बेस अस्पताल की ओपीडी ब्लॉक की तीसरी मंजिल के हाल। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: सरकार के पास निर्माण के लिए तो बजट होता है लेकिन किए गए निर्माण में सुविधा देने के लिए बजट नहीं होता है। जिस वजह से निर्माण में फूंकी गई करोड़ों की रकम बर्बाद हो जाती है। इसी तरह से सोबन सिंह जीना अस्पताल में ओपीडी भवन की तीसरी मंजिल का निर्माण किया गया। पांच साल में भवन बनकर तैयार हुआ लेकिन अब इस भवन में कबाड़ रखने का काम किया जाता है। निर्माण के समय दावे किए गए थे कि बेस अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं में और भी बढ़ोतरी होगी।

बेस अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं के लिये नया ओपीडी और ओटी भवन को पिछले 15 सालों में इस्तेमाल नहीं किया गया। ओपीडी ब्लॉक की तीसरी मंजिल पर नये ओपीडी ओटी ब्लॉक का निर्माण तत्कालीन सीएम एनडी तिवारी के शासन में हुआ था। इस भवन का शिलान्यास भी उन्होंने 27 जून 2004 को किया था। इसके बाद यह भवन पांच साल में बनकर तैयार हुआ। फिर इसका लोकार्पण तत्कालीन सीएम डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने 26 जुलाई 2009 को किया। अब लोकार्पण हुए डेढ़ दशक हो गया है लेकिन भवन को बाहर से ताला लगाकर बंद किया गया है। अंदर कबाड़ रखा गया है। साथ ही भवन के दरवाजे के बाहर भी कबाड़ रखा गया है।

सरकारी धन की बर्बादी

▸▸ **निर्माण के 15 साल बाद भी भवन का नहीं हुआ इस्तेमाल**

> सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। जहां-जहां स्टाफ की कमी है उसे जल्द पूरा किया जाए। जिससे शुरू नहीं हो सकी स्वास्थ्य सेवाएं भी शुरू हो जाएं। **–डॉ. विनीता साह, डीजी हेल्थ, उत्तराखंड**

दरवाजे, खिड़कियां उपकरण सब बेकार

हल्द्वानी। भवन के निर्माण के साथ ही यहां पूरी सुविधायें जोड़ दी गयी थीं लेकिन आज यहां दरवाजों को दीमकों ने खा लिया है। बताते हैं कि खिड़कियां टूट गयी हैं। ट्यूबलाइट टूटकर नीचे गिर गयी हैं या फिर लटक रही हैं। जहां- तहां कूड़ा करकट पड़ा हुआ है।

कोविड के दौरान खोला गया था गेट

हल्द्वानी। भवन का गेट बंद ही रखा जाता है। कोविड के दौरान इसे खोला गया था और तब यहां मेडिकल प्रमाण पत्र बनाने का काम किया जा रहा था। कोविड के दौरान वार्ड शिफ्ट करने की भी योजना बनी थी लेकिन वह साकार नहीं हो पाई। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मौजूदा अस्पताल को चलाने के लिए स्टाफ पर्याप्त नहीं है। अगर सरकार की ओर से स्टाफ दिया जाए तो ओपीडी ब्लॉक के तीसरे मंजिल पर बने भवन का इस्तेमाल होगा।

फिजियोथैरेपी और लीथोट्रैप्सी की थी योजना

हल्द्वानी। भवन में आठ साल पहले फिजियोथैरेपी को स्थानांरित करने की योजना थी। साथ ही यहां पथरी के ऑपरेशन के लिए लीथोट्रैप्सी की मशीन भी लगाए जाने की योजना पर विचार किया गया था। हालांकि योजनाओं पर केवल विचार ही हुआ लेकिन कभी भी उन्हें व्यवहार में नहीं लाया गया।

एसटीएच में जल्द बनेगी कैथलैब

हल्द्वानी। सुशीला तिवारी अस्पताल में जल्द कैथलैब बनाई जाएगी। कैथलैब के लिए शासन ने रुपया स्वीकृत हो गया है। इसका निर्माण दिसंबर में शुरू होने वाला था लेकिन कुछ कारणों से इसमें देरी हो रही है। कैथलैब नहीं होने की वजह से साल 2008 में अस्पताल में मौजूदा कार्डियोलॉजिस्ट ने पद छोड़ दिया था।अब भारत इलेक्ट्रिानिक्स लिमिटेड (बीईएल) सीएसआर फंड के माध्यम से कैथ लैब विकसित की जा रही है। कॉलेज प्रबंधन ने शासन को कैथ लैब की डीपीआर भेजी थी, जो स्वीकृत हो गई है। बजट भी जारी हो गया है। उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड ने एसटीएच में कैथ लैब का ढांचा तैयार किया है जिसमें करीब 2 करोड़ 39 लाख की लागत आयेगी। कैथलैब के उपकरणों पर ही 11 करोड़ रुपये से अधिक होंगे। मेडिकल कॉलेज प्रशासन का कहना है कि अस्पताल में अभी कार्डियोलॉजिस्ट नहीं हैं। कैथलैब बनने के बाद कार्डियोलॉजिस्ट की भी नियुक्ति की जाएगी।

सार संक्षेप

काश्तकारों ने की गूल की सफाई की मांग

हल्द्वानी : बिठौरिया के काश्तकारों ने सिंचाई गूल साफ किए जाने की मांग की है। काश्तकारों का कहना है कि बिठौरिया नंबर एक में तास संख्या चार की गूल मलबे की वजह से पट चुकी है। इसके चलते बिठौरिया में काश्तकारों को खेतों में पानी नहीं मिल रहा है। आरोप है कि कुछ लोगों ने सरकारी गूल पर कब्जा भी कर लिया है और सिंचाई विभाग आंख बंद करके बैठा है। मांग की गई कि गूल को खोला जाए और अवैध कब्जा हटवाया जाए। इस दौरान गोविंद सिंह, किशन सिंह, किशोरी लाल, देवेंद्र बिष्ट, ललित प्रसाद, धर्मेंद्र, लक्ष्मण प्रसाद, हरीश कुमार, दौलत चंद्र आदि रहे।

संविदा, विशेष श्रेणी कार्मिकों को नियमित करने की मांग

हल्द्वानी : परिवहन निगम में 10-15 सालों से कार्यरत विशेष श्रेणी और तकनीकी कर्मचारियों को नियमित किए जाने की मांग एक बार फिर उठी है। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने इन कर्मचारियों का नियमितीकरण किए जाने की मांग की है। संविदा, विशेष श्रेणी व तकनीकी कर्मचारियों की परिवहन निगम में संचालन कार्य में लगभग 70 प्रतिशत भागीदारी है। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री दिनेश पंत ने उत्तराखंड परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक आनंद श्रीवास्तव को पत्र लिखकर संविदा कर्मचारियों के साथ ही विशेष श्रेणी व तकनीकी कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए निगम प्रबंधन की तरफ से पत्रावली तैयार करने की मांग की है जिससे कार्मिकों को लाभ मिल सके।

संघ ने लिया मूल्यांकन बहिष्कार वापस

रामनगर : राजकीय शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी ने पूर्व में अपनी समस्याओं के समाधान न होने पर मूल्यांकन बहिष्कार की चेतावनी दी गई थी। परंतु शिक्षक संघ के प्रांतीय नेता नवेंदु मठपाल ने बताया कि संगठन ने अपनी समस्याओं के निस्तारण की प्रक्रिया गतिमान होने और चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर मूल्यांकन बहिष्कार वापस ले लिया। संगठन के प्रांतीय महामंत्री रमेश पैन्यूली ने इस बारे में विधिवत पत्र जारी कर दिया है।

छात्र-छात्राओं को दिए उज्जवल भविष्य बनाने के टिप्स

कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में प्रश्न पूछता छात्र। ● अमृत विचार

कालाढूंगी : राउमा विद्यालय डोला में बुधवार को छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को कैरियर बनाने के टिप्स दिए गए। मुख्य वक्ता प्रताप सिंह सहायक अध्यापक गणित और प्रधानाध्यापक नरेंद्र पटवाल ने छात्र-छात्राओं को 12वीं पास के बाद उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के बारे में समझाया। इस दौरान शशि भूषण सिंह, हेमचंद तिवारी, प्रीति जोशी उपस्थित थे।

वन अनुसंधान केंद्र लालकुआं का निरीक्षण करती सगंध पौध विशेषज्ञ बीना राव।

औषधीय पौधों को देखकर विशेषज्ञ प्रभावित

लालकुआं : वन अनुसंधान केंद्र लालकुआं में मुंबई से पहुंची सगंध पौधों की विशेषज्ञ बीना राव सैकड़ों औषधीय पौधों को देखकर अत्यधिक प्रभावित हुईं। सगंध पौधों की वनस्पति वैज्ञानिक डॉ. बीना राव ने वन अनुसंधान केन्द्र लालकुआं में सुगंधित पौधों के संरक्षण एवं बाजारीकरण पर आयोजित कार्यशाला में वन अनुसंधान केंद्र में लगाए गए पौधों को विभिन्न प्रदूषण प्रभावित क्षेत्रों में लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने का आह्वान किया। वनस्पति वैज्ञानिक डॉ. बीएस कालाकोटी ने उत्तराखंड में सुगंधित पौधों की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। इस दौरान एफटीआई की उप निदेशक डॉ अभिलाषा सिंह, डीएफओ रिसर्च कुंदन कुमार, बलवंत सिंह शाही, वन क्षेत्राधिकारी अनुसंधान मदन सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

प्रवेश आयु संशोधन आदेश को लेकर बनी भ्रम की स्थिति

रामनगर : प्रदेश के विद्यालयों में इस वर्ष कक्षा एक में प्रवेश की न्यूनतम उम्र 6 वर्ष किए जाने को लेकर जारी शासनादेश के चलते आगामी सत्र में प्रवेश को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ तदर्थ समिति के प्रांतीय सदस्य मनोज तिवारी ने इस संदर्भ में मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं निदेशक सहित सभी स्तरों पर पत्राचार कर आवश्यक संशोधन करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शासनादेश में उम्र सीमा का निश्चित तिथि के अंतर्गत निर्धारण न करते हुए इसके स्थान पर प्रवेश के समय 6 वर्ष की आयु रखता हो किया जाना चाहिए ताकि नौनिहालों का 1 वर्ष बर्बाद होने से बच सके। साथ ही आगामी सत्र में कक्षा एक की छात्र संख्या शून्य होने की स्थिति से बचा जा सके।

हल्द्वानी कोल्टस ने रामनगर स्पोर्ट्स एकेडमी को हराया

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में हल्द्वानी कोल्टस ने रामनगर स्पोर्ट्स एकेडमी को पांच विकेट से हरा दिया।

जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित मैच में बुधवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए रामनगर स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम ने 33 ओवर में सभी विकेट खोकर 123 रन बनाये। अपनी टीम के लिए अर्श टम्टा ने 6 चौकों की मदद से 34 रन और मो. अयान ने 4 चौकों व एक छक्के की मदद से 28 रनों का योगदान दिया। हल्द्वानी कोल्टस के लिए रूद्रांश ने 4 और मनसिमर ने 3 विकेट लिये। जवाब में उतरी हल्द्वानी कोल्टस एकेडमी की टीम ने 31 ओवर में 5 विकेट खोकर 124 रन बनाकर जीत गई, हल्द्वानी कोल्टस के लिए शान्तनु राणा ने 11 चौकों की मदद से नाबाद 73 और अभिमन्यु काण्डपाल ने 4 चौके की मदद से 20 रनों का योगदान दिया। रामनगर के लिए अर्श टम्टा ने 2 और यशराज तनेजा कनिष्क बिष्ट और हार्दिक बिष्ट ने 1-1 विकेट लिये। शान्तनु राणा को मैन ऑफ द मैच और मो.अयान को फाइटर ऑफ द मैच दिया गया।

मैच में अम्पायर हिमांशु चतुर्वेदी, कमलेश जोशी व स्कोरर मनोज तिवारी रहे।

कसौधन समाज के पहले होली मिलन समारोह में प्रतिभाशाली बच्चे सम्मानित

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: कसौधन समाज के पहले होली मिलन समारोह में समाज के छह प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया।

बीते मंगलवार को कसौधन समाज ने हिंदू धर्मशाला में अपना पहला होली मिलन समारोह मनाया। इसमें मुख्य अतिथि मोहनलाल गुप्ता, महिला वैश्य समाज की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, पटवा समाज से अध्यक्ष विवेक कश्यप, जयसवाल समाज से अध्यक्ष राजेंद्र जयसवाल, साहू समाज से अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू व महामंत्री रामबाबू साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में समाज के छह प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया गया। समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक व फैंसी ड्रेस के कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कूपन का लकी ड्रा भी किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय समेत 45 पुरस्कार बांटे गए। मंच का संचालन महामंत्री उदय कसौधन गुप्ता व अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में गुरु प्रसाद गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, पवन कुमार गुप्ता, हनी गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

कसौधन समाज के कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

होम्योपैथिक हैल्थकेयर क्लीनिक

डॉ. गौरव बिष्ट
(बी.एच.एम.एस., एन.डी.डी.वाई.)
होम्योपैथिक फिजिशियन

होम्योपैथी एक सुरक्षित और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति है, जो बीमारी को दबाने के बजाय बिना किसी साइड इफेक्ट के उसे जड़ से खत्म करती है।

उपलब्ध सुविधायें :-

चर्म रोग
• मुंहासे, मस्से, स्किन एलर्जी
• सफेद दाग
• बालों का झड़ना, डैण्ड्रफ

नाक व श्वास के रोग
• अस्थमा, बार-बार जुकाम होना
• टॉसिल
• साइनस संबंधित रोग

पेट के रोग
• अपच, कब्ज, गैस
• अल्सर, आँत में सूजन
• फैटी लिवर

हड्डी के रोग
• जोड़ों का दर्द
• गठिया, सर्वाइकल
• कमर दर्द, साइटिका

मानसिक रोग
• माइग्रेन, सिरदर्द, मिर्गी के दौरे
• नींद न आना, डिप्रेशन, तनाव

बच्चों के रोग
• चिड़चिड़ापन, भूख न लगना
• दांत देरी से और दिक्कत से आना
• बिस्तर गीला करना
• बच्चे का विकास सही से न होना

पुरुष रोग
• प्रोस्टेट ग्रंथि की समस्यायें
• नपुंसकता, शीघ्रपतन
• वैरिकोसील

स्त्री रोग
• मासिक धर्म की अनियमितता
• सफेद पानी
• बच्चेदानी में गांठ, पीसीओडी
• बांझपन

अन्य जटिल रोग
• गुर्दे की पथरी, ब्लड प्रेशर पीलिया
• डायबिटीज, टाइफाइड बार-बार होना
• शरीर के किसी भी हिस्से में कमजोरी
• लकवा इत्यादि

क्लीनिक में आने का रास्ता



बिना ऑपरेशन बवासीर, पथरी, शरीर में गांठ आदि जटिल बीमारियों का सफल इलाज

समय
सुबह 10:00 AM से 02:00 PM
सायं 05:00 PM से 08:00 PM
रविवार पूर्ण अवकाश

लालडांट रोड, शिवालिक विहार के सामने, निकट देवदुर्गा वैडिंग प्वाइंट, हल्द्वानी
7737269262

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
कुमाऊँ की सबसे पुरानी दुकान
30 वर्षों का भरोसा
होम्योपैथी
के जरिये पाएं अपनी बीमारियों का इलाज

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
Call for Appointment
9456727473
9410514531
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग
अन्य रोग • स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
शनिवार अवकाश
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी

साल दर साल कम हो रही मेले के प्रतिभागियों की संख्या, बीते 3 सालों में लगे 26 मेले, 4148 प्रतिभागी, केवल 500 को मिला रोजगार

बेरोजगारों को नहीं भा रहा सेवायोजन विभाग का रोजगार मेला

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: सेवायोजन विभाग की ओर से हर साल रोजगार मेले लगाए जाते हैं लेकिन इन मेलों का सकारात्मक परिणाम कम ही देखने को मिलता है। विभाग के आंकड़े खुद ही इसकी सच्चाई बयां कर रहे हैं। विभाग मेले तो खूब लगा रहा है लेकिन प्रतिभागियों की संख्या साल दर साल घटते जा रही है। पिछले कुछ सालों के आंकड़े देखें तो प्रतिभागियों की संख्या में काफी गिरावट देखने को मिली है। जहां वर्तमान में कुल पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या 8.83 लाख है जिसमें 2023-24 में केवल 12351 लोगों ने रोजगार मेलों में प्रतिभाग किया है जिसमें केवल 2161 प्रतिभागियों का चयन हुआ है। इसी तरह अन्य सालों के आंकड़े भी चौंकाने वाले हैं।

पूर प्रदेश के 13 जिलों में कुल 23 सेवायोजन कार्यालय हैं। नैनीताल जिले की बात करें तो यहां हल्द्वानी के साथ ही रामनगर और नैनीताल में सेवायोजन कार्यालय है। 2023 में जिले में 3 रोजगार मेले आयोजित किये गए और 1647 बेरोजगारों ने प्रतिभाग किया जिसमें केवल 101 बरोजगारों को रोजगार मिला। 2022 में 13 मेले आयोजित हुए और 542 बेरोजगारों ने प्रतिभाग किया जिसमें 230 चयनित हुए। 2021 में कुल 10 मेले लगाए और 1959 प्रतिभागी शामिल हुए जिसमें केवल 169 का चयन हुआ।

नहीं मिल रही 8-10 हजार रुपये से अधिक वेतन की नौकरी

रोजगार मेलों से युवाओं का मोह भंग होने का एक कारण ये भी है कि मेले में युवाओं को 8-10 हजार रुपये से अधिक वेतन की नौकरी नहीं मिल रही। इसके लिए विभाग के अधिकारियों का तर्क है कि मेले में ज्यादातर आईटीआई, पॉलीटेक्निक या अन्य तकनीकी ट्रेड के पदों पर नियुक्तियां होती हैं जिसमें कंपनियां पहले ही वेतनमान निर्धारित कर देती हैं। कम वेतनमान होने के कारण अधिकांश पंजीकृत बेरोजगार रोजगार मेले में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

रोजगार मेले

वर्ष	पंजीकृत बरोजगार	संख्या	कुल प्रतिभागियों की संख्या	चयनित अभ्यर्थियों की संख्या
2018-019	803887	105	23827	5678
2019-020	778077	84	18983	2709
2020-021	807722	81	5806	1873
2021-22	879061	84	10033	1931
2022-023	882508	197	13516	3391
2023-024 (जनवरी 2024तक)	88334	131	12351	2161

बसपा ने दो मुस्लिम चेहरों पर लगाया दांव

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: भाजपा और कांग्रेस के बाद बसपा ने भी पांचों लोकसभा सीट के उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। बसपा अपने दम पर लोकसभा चुनाव में उतर रही है।

बहुजन समाज पार्टी ने उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतार दिए हैं। नैनीताल लोकसभा सीट से अख्तर अली को टिकट दिया गया है। इसके अलावा हरिद्वार लोकसभा सीट से जमील अहमद को टिकट दिया गया है। बसपा के टिकट पर टिहरी सीट से नीम चंद्र छुरियाल, पौड़ी से धीर सिंह बिष्ट और अल्मोड़ा सीट से नारायण राम बसपा के उम्मीदवार होंगे। बसपा ने राज्य में दो मुस्लिम नेताओं को टिकट दिया है। इससे पहले कयास लगाए जा रहे थे कि शायद बसपा इंडिया गठबंधन में शामिल हो जाए लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। समाजवादी पार्टी पहले ही कांग्रेस को अपना समर्थन दे चुकी है। जहां तक बसपा की बात है कि बसपा उत्तराखंड में कभी भी लोकसभा चुनाव नहीं जीती है हालांकि कभी-कभार उसके प्रत्याशियों ने अपने प्रदर्शन चौंकाया जरूर है। साल 2009 में हरिद्वार सीट से मो. शहजाद और नैनीताल सीट से नारायण पाल ने दमदार प्रदर्शन किया था।

एक बाल्टी पानी के लिए मशक्कत कर रहे लोग

गौलापार के बागजाला और देवला तल्ला पजाया में खराब हैं ट्यूबवेल, टैंकर से पानी भरने के लिए टूट रहे लोग

परेशानी

- ट्यूबवेल खराब होने से 5 हजार की आबादी पानी को तरसी
- रोजाना एक-दो टैंकर भेजकर खानापूर्ति कर रहा विभाग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: गर्मी शुरू होने से पहले ही पानी की दिक्कतें बढ़ने लगी हैं और लोगों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। गौलापार के बागजाला और देवला तल्ला पजाया क्षेत्र में ट्यूबवेल खराब होने से लगभग 5 हजार की आबादी को पानी को तरस रही है। देवला तल्ला के खराब ट्यूबवेल को जल संस्थान दो सप्ताह बाद भी ठीक नहीं कर पाया है जबकि बागजाला का ट्यूबवेल खराब हुए भी चार दिन बीत गए हैं। विभाग यहां एक-दो टैंकर भेजकर खानापूर्ति कर रहा है जिससे लोगों को एक बाल्टी पानी तक नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र में जब टैंकर आ रहा है तो लोग एक बाल्टी पानी के लिए उस पर टूट पड़ रहे हैं। बागजाला में बुधवार को जब विभाग ने टैंकर भेजा तो लोग बाल्टी और अन्य बर्तन लेकर इकट्ठा हो गए और एक बर्तन भरने के लिए आपस में धक्कामुक्की करने लगे। महिलाओं और बच्चे पानी भरने के लिए आपस में उलझते हुए नजर आए। लोगों ने जल संस्थान पर नाराजगी जताते हुए बताया कि एक तो विभाग समय पर ट्यूबवेल ठीक नहीं करता और इस दौरान लोगों को टैंकरों से भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं कराया जाता है। उन्होंने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। कहा कि कभी जल जीवन मिशन के नाम पर तो कभी किसी अन्य कारण से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है।

घरों में आ रहा सीवर का गंदा पानी : वार्ड नंबर 8 के जय दुर्गा कॉलोनी में पिछले तीन-चार दिनों से नलों से सीवर का गंदा पानी आ रहा है जिस कारण लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय पार्षद रवि वाल्मीकि ने बताया कि उन्होंने घरों में सीवर का पानी आने की सूचना जल संस्थान के अधिकारियों को दी लेकिन होली के अवकाश के कारण उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। बताया कि जय दुर्गा कॉलोनी के लगभग एक दर्जन घरों में सीवर का पानी आ रहा है जिससे होली में भी लोगों ने परेशानी का सामना किया।

टैंकर से पानी भरने के लिए जूझते लोग। ● अमृत विचार

लोगों ने बयां किया दर्द

ट्यूबवेल खराब होने से दो सप्ताह से पानी नहीं मिल रहा है। ट्यूबवेल को समय पर ठीक नहीं किया जा रहा है जिससे लोगों को अपने खर्च पर टैंकर मंगाना पड़ रहा है। बिल भेजने में विभाग देरी नहीं करता है। – **आनंदी जोशी**

विभाग हजारों की आबादी के लिए एक-दो टैंकर भेजकर खानापूर्ति कर रहा है। एक टैंकर से लोगों को एक बाल्टी पानी भी नहीं मिल पा रहा है। पानी भरने के लिए भीड़ इकट्ठा होने से दिक्कत हो रही है। – **उर्मिला रायसवाल**

जल संस्थान की लापरवाही से आए दिन लोग परेशान हैं। पूर्व में गांव में जल जीवन मिशन की लाइन डालने के लिए सड़क खोदकर छोड़ दी गई। अब खराब ट्यूबवेल को ठीक करने में देरी की जा रही है। – दीपक आर्या

पानी के लिए परेशान हुए देवीधुरा के लोग

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: दशकों से पानी की दुश्वारियां झेलने वाले देवीधुरा के ग्रामीणों को अब भी पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। 2021 से डेढ़ करोड़ से ज्यादा की योजना के तहत पानी गांव में बने टैंक तक तो पहुंच गया लेकिन लोग अब भी पानी के लिए तरस रहे हैं। जनवरी के आश्वासन के बावजूद मार्च में भी ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पाया है।

नैनीताल से मात्र 13 किलोमीटर देवीधुरा गांव में कई दशकों से लोग पीने के पानी की समस्या झेल रहे थे। इसको देखते हुए 17 सितंबर 2021 को 189.38 लाख की देवीधुरा कूण पेयजल पंपिंग योजना की शुरुआत की थी। जल निगम ने पंपिंग योजना का काम शुरू कर दिया था। योजना के तहत सौलिया में मुख्य टैंक, फिल्टर प्लांट के साथ ही देवीधुरा तक दो इंच की पाइप लाइन बिछा दी गई थी। साथ ही टैंक भी बना दिए गए थे। देवीधुरा में घर-घर पेयजल लाइन बिछाने के साथ अब पंप भी लगा दिया और पानी मुख्य टंकी तक पहुंच गया मगर कई महीने बीत जाने के बावजूद ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पाया है।

जबकि जल निगम की ओर से जनवरी में पानी घर-घर पहुंचाने की बात कही गई थी। मार्च में भी पानी न मिलने पर ग्रामीण पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। जबकि जल निगम के अधिकारी कभी टेस्टिंग तो कभी लाइन टूटने की बात कह रहे हैं। अब मजदूरों की छुट्टी का बहाना बनाया जा रहा है। मामले में एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि जल निगम के अधिकारियों से वार्ता कर जल्द ही पानी ग्रामीणों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जाएंगे।

एक सप्ताह बाद फिर खराब हुआ हीरानगर का ट्यूबवेल

हल्द्वानी, अमृत विचार : जल संस्थान के ट्यूबवेल खराब होने का सिलसिला खत्म नहीं हो रहा है। हीरानगर का ट्यूबवेल एक बार फिर खराब हो गया है। एक सप्ताह बाद ट्यूबवेल दोबारा खराब हो गया है जिससे लगभग 5 हजार की आबादी को पानी नहीं मिल रहा है। आए दिन ट्यूबवेल खराब होने के कारण शहर के कई क्षेत्रों में पानी की दिक्कत हो रही है। विभाग प्रभावित क्षेत्र में टैंकर भेजने का दावा कर रहा है लेकिन लोगों को टैंकर से पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है जिससे लोगों को निजी टैंकर मंगाना पड़ रहा है। जल संस्थान के ईई रविशंकर लोशाली ने बताया कि ट्यूबवेल ठीक किया जा रहा है और जल्द ही पानी की आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

सामान्य प्रेक्षक ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: नैनीताल लोकसभा के सामान्य प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक ने निर्वाचन संबंधी चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।

बुधवार की दोपहर सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरारऔर पुलिस प्रेक्षक शिव कुमार वर्मा ने एमबीपीजी कॉलेज पहुंचकर निर्वाचन संबंधित तैयारी का निरीक्षण करते हुए मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति कक्ष में पहुंचे। जहां कार्मिकों से बात की, उसके बाद पर्यवेक्षक इलेक्शन कंट्रोल रूम पहुंचे।

उन्होंने स्ट्रांग रूम और समस्त एआरओ कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीना, उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान, शिवचरण द्विवेदी, विजय नाथ शुक्ल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी हल्द्वानी एपी बाजपेई, परितोष वर्मा, रेखा कोहली, तहसीलदार सचिन कुमार समेत कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सामान्य प्रेक्षक गगनदीप बरार ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल के प्रत्याशी और आम जनता सर्किट हाउस में सुबह 9 से 11 बजे तक मिल सकते हैं। इसके साथ ही 9411101609 नंबर पर आमजन और राजनीतिक दल के प्रत्याशी शिकायत, समस्या के लिए संपर्क कर सकते हैं।

एमबीपीजी कॉलेज में निरीक्षण करते सामान्य प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक। ● अमृत विचार

श्रीमद्भागवत कथा आज से शुरू

भीमताल, अमृत विचार : जंगलियागांव में गुरुवार से श्रीमद भागवत कथा का विधिवत धार्मिक अनुष्ठान के साथ शुभारंभ होगा। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम सिंह कुल्याल ने अवगत कराया कि जंगलियागांव के पंचायत घर में एक सप्ताह तक श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन के दौरान महिलाओं के द्वारा पंचायत घर से सैम मंदिर तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। बताया कि 4 अप्रैल को हवन यज्ञ के साथ भंडारे का आयोजन होना है। ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने सभी से प्रतिभाग करने की अपील की है।

रुद्रपुर में भाजपा में शामिल होते भवाली नगर पालिका के निर्वतमान अध्यक्ष संजय वर्मा।

भवाली के पूर्व चेयरमैन संजय भाजपा में शामिल

संवाददाता, हल्द्वानी

स्वागत

- रुद्रपुर में मुख्यमंत्री के समक्ष ली भाजपा की सदस्यता
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने माला पहनाकर किया स्वागत

अमृत विचार: भवाली के निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष संजय वर्मा ने भाजपा की सदस्यता ली है।

भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के नामांकन के बाद गांधी पार्क रुद्रपुर में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, संगठन महामंत्री अजय कुमार आदि के समक्ष वह भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट व पूर्व मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट ने निवर्तमान संजय वर्मा को माला पहनाई और भाजपा का अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया।

इस अवसर पर वर्मा ने कहा कि भाजपा की विकासवादी सोच से प्रेरित होकर वह पार्टी में शामिल हुए हैं। उल्लेखनीय है कि संजय वर्मा पूर्व में 1996 में भवाली पालिका के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जिला व्यापार मंडल के महामंत्री, नगर महामंत्री व पूर्व में भाजपा युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री रह चुके हैं। साथ ही वह पत्रकारिता जगत में भी काफी सक्रिय रहते हैं।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा व रमेश पोखरियाल निशंक, मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक सरिता आर्या, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता चंदन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

टीका लगाकर किया होली गायन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: होली का रंग खेलने के बाद दूसरे दिन टीका लगाया गया। इस दौरान भजन व होली का गायन भी किया गया।

अपनी धरोहर संस्था द्वारा बुधवार को होली का टीका गोलज्यू मंदिर उत्थान मंच में किया गया। टीके का उद्देश्य बताते हुए डॉ. नवीन जोशी ने कहा कि होली के रंग खेलने के बाद दूसरे दिन टीका लगाया जाता है। कुमाऊं की होली भारत ही नहीं पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। राम गोविन्द दास भाई जी हरिः शरणम् जन संस्थापक ने टीके के अवसर पर कहा कि कुमाउनी संस्कृति सब का सम्मान करती हैं। अपनी धरोहर संस्था के साथ मिलकर हल्द्वानी के स्वागत द्वार को गोलज्यू द्वार बनने के साथ हरेला व गोलज्यू यात्रा निकालने पर हरिः शरणम् जन संस्था पूर्ण सहयोग करेगी। वहां पर अपनी धरोहर के अध्यक्ष विजय भट्ट, एनबी गुरवंत, सुनीता जोशी, बसंती तोलिया, चंदन किरोला मौजूद रहे।

टीका कार्यक्रम में होली गायन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

अयारपाटा क्षेत्र में गुलदार की दहशत

नैनीताल: सरोवर नगरी नैनीताल में इन दिनों गुलदार की दहशत है। गुलदार बीते 15 दिनों में शहर के चार्टनलाज, अयारपाटा, हाडी बाडी, फांसी गधेरा समेत अन्य क्षेत्रों में दर्जन भर कुत्तों को अपना शिकार बना चुका है। बुधवार सुबह अयारपाटा मार्ग पर गुलदार ने कुत्ते पर हमला कर उसे घायल कर दिया। गनीमत रही कि कुत्ता गुलदार के चंगुल से बच गया। अयारपाटा निवासी हेमा बताती हैं कि मॉर्निंग वॉक के दौरान अयारपाटा मार्ग पर गुलदार ने कुत्ते पर हमला कर उसे घायल कर दिया। स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर गुलदार जंगल में भाग गया।

जिले के 12 मतदान केंद्रों में होंगे छह से अधिक बूथ

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: नैनीताल जिले की विधानसभा नैनीताल में एक, हल्द्वानी में 7 और कालाढूंगी में 4 शहरी मतदान केंद्र हैं, जहां 6 से अधिक बूथ है।

नैनीताल में मतदान केंद्र सीआरएस टीई का मल्लीताल नैनीताल कक्ष संख्या 5, हल्द्वानी में नगर निगम इंटर कॉलेजकाठगोदाम, एमबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कालाढूंगी रोड, राजकीय इंटर कॉलेज बनभूलपूरा इंद्रानगर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बनभूलपुरा लाइन नंबर 18, ललित आर्य महिला इंटर कॉलेज हल्द्वानी, विवेकानंद पूर्व माध्यमिक विद्यालय हल्द्वानी और कालादूंगी में आईटीआई मुखानी, सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल छोटी मुखानी, राजकीय इंटर कॉलेज नारायणनगर कुसुम खेड़ा, श्री 1008 बाबा हैड़ाखान राजकीय इंटर कॉलेज कठघरिया केंद्र हैं।

परेशानी दिन में तेज धूप के कारण गेहूं के दानों का पूरा विकास नहीं हो पाता, जिले में लगभग 21 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं लगा है

तापमान बढ़ने से गेहूं की फसल प्रभावित होने की आशंका

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: बीते कुछ दिनों से बढ़ी गर्मी और तेज हवा का असर रबी की फसलों पर पड़ रहा है। गेहूं में बालियां आ गई हैं लेकिन गर्मी बढ़ने से उत्पादन में गिरावट आने की आशंका है। जिले में लगभग 21 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं लगाया गया है।

समय से पूर्व बढ़ी गर्मी से किसान परेशान हैं। किसानों को गेहूं की फसल की चिंता सता रही है। गेहूं की फसल को कम तापमान की जरूरत होती है लेकिन अचानक से गर्मी बढ़ने से उत्पादन पर असर पड़ सकता है। किसानों ने बताया कि गेहूं में बाली लगते ही तापमान बढ़ने व तेज हवा चलने से गेहूं की बालियों में दाने नहीं भर पाते और दानों को मजबूती नहीं मिल पाती है। उन्होंने बताया कि तापमान में वृद्धि के कारण दानों का पूरा विकास नहीं हो पाता और समय से पहले ही दाने परिपक्व हो जाते हैं, जिससे दाना कमजोर पड़ जाता है। इससे गेहूं की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों पर असर पड़ता है।

कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे मौसम पर नजर बनाए रखें और सतर्क रहें। उनका कहना है कि गेहूं की फसल में हल्की सिंचाई करें, जिससे खेत में उचित नमी बनी रहे और फसल पर उच्च तापमान का असर न पड़े। उन्होंने कहा कि जब तेज हवा चल रही हो तो सिंचाई को रोक दें अन्यथा फसल गिर सकती है। विशेषज्ञों ने खासकर देर से बोई गई फसल को लेकर ज्यादा सावधान रहने की बात कही है। कहा कि अंकुरण के समय तापमान में वृद्धि गेहूं की फसल के लिए अच्छा नहीं है, क्योंकि इससे उपज पर असर पड़ सकता है।

उन्होंने बताया कि गेहूं में बालियां लगने के बाद कुछ समय चाहिए होता है। बाली लगते ही तेज हवा चलने और तापमान बढ़ने से गेहूं के दानों को मजबूती नहीं मिल पाती है। बढ़े हुए तापमान के कारण वे जल्द तैयार हो जाते हैं लेकिन उनका पूरा विकास नहीं हो पाता है। इससे पैदावार पर असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि बढ़ते तापमान के कारण गेहूं की फसल पर रोग लगने की आशंका भी बढ़ जाती है, इसलिए किसानों को नियमित रूप से गेहूं की फसल की सर्वेक्षण करते रहना चाहिए।

तापमान बढ़ने से गेहूं के उत्पादन पर असर पड़ सकता है। ऐसे में रात के समय में हल्की सिंचाई करनी चाहिए। दिन में सिंचाई करने से तेज हवा के कारण पौधे गिर सकते हैं।
– **डॉ. वीके यादव**, मुख्य कृषि अधिकारी

बीते दिनों हुई बारिश से गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई थी और अब अचानक गर्मी से फसल को नुकसान पहुंच रहा है। इस बार गेहूं का उत्पादन कम होने की आशंका है।
– **राकेश महतोलिया**, किसान

इस बार महंगा व अच्छी वैराइटी का गेहूं बोया था, उम्मीद थी कि पैदावार अच्छी होगी, लेकिन बढ़ी गर्मी और तेज हवाओं से उत्पादन कम हो सकता है। शाम के समय सिंचाई कर रहे हैं।
– **दीपक आर्य**, किसान

चुनाव में विजय को जुटें कार्यकर्ता

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : चुनावी कार्यक्रम के बीच रात्रि विश्राम को रामनगर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव में अनिल बलूनी को रिकॉर्ड वोटों से जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी उत्तराखंड से विशेष स्नेह रखते हैं और उनके द्वारा राज्य हित में कई विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है।

मुख्यमंत्री नैनीताल लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के नामांकन में शिरकत करने के बाद बुधवार को यहां एक रिसोर्ट में रुके। गुरुवार को प्रातः वह बेतालघाट के लिए रवाना हो जाएंगे।

रामनगर में कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर धामी। ● अमृत विचार

सीएम धामी से मिले जिप्सी चालक

रामनगर : कॉर्बेट जिप्सी वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के भ्रमण में परमिटों के बढ़ाए गए शुल्क के संशोधन के संबंध में निवेदन किया गया। कहा गया कि कई बार पत्राचार के माध्यम से भी समस्त उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन कोई भी अधिकारी इसमें हस्तक्षेप करने को तैयार नहीं है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही परेशानियों का समाधान किया जाएगा।

सार-संक्षेप

एयरपोर्ट में हस्ताक्षर अभियान चलाते डायरेक्टर सुमित सक्सेना। ● अमृत विचार

पंतनगर एयरपोर्ट में मतदान के लिए जागरूक किया

पंतनगर : जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह और नोडल अधिकारी स्वीप मनीष कुमार के दिशा निर्देश में पंतनगर एयरपोर्ट पर कार्मिकों व आगंतुकों के लिए मतदान जागरूकता को हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। पंतनगर एयरपोर्ट के डायरेक्टर सुमित सक्सेना ने सबसे पहले हस्ताक्षर कर अभियान की शुरूआत करते हुए जिले के सभी मतदाताओं से आगामी 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सहायक नोडल स्वीप व्योमा जैन, अमन अनिरूद्ध, पारस, पिंकेश, विश्वनाथ वर्मा आदि लोग मौजूद थे।

खटीमा में आयोजित एनएसएस शिविर में योगाभ्यास करते शिविरार्थी। ● अमृत विचार

एनएसएस शिविर में किया योगाभ्यास

खटीमा : हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस के सात दिवसीय शिविर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया गया। योगाभ्यास भी किया। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ उपनिरीक्षक रूबी मौर्य ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और नाटक प्रस्तुत किए। इस दौरान शिविरार्थियों ने विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाते हुए लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी आरक्षण नेगी, डॉ. रोमा गुहा, डॉ. हीरा अन्ना आदि मौजूद थे।

कैंप में छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देतीं डॉ. शैलजा पांडेय। ● अमृत विचार

स्वास्थ्य शिविर में बीमारियों और बचाव के उपाय बताए

खटीमा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज बग्गा चौवन गांव में शिविर आयोजित कर डॉ. शैलजा पांडेय ने एनीमिया, स्वस्थ आहार, स्वास्थ्य पोषण, साफ-सफाई की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों में किशोरावस्था के समय होने वाले बदलावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों और बचाव के उपाय बताए। इस दौरान डॉ. देश दीपक, काउंसलर विजेता, निर्मला, अनीता आदि मौजूद थे।

वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किया दुष्कर्म

महिला ने ठेकेदार पर लगाया पति के साथ मारपीट करने का आरोप

शिकायत

- 26 मार्च को फिर से घर आकर छेड़छाड़ कर अभद्रता की
- पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: महिला ने पड़ोसी ठेकेदार पर उसके साथ दुष्कर्म करने तथा बेटे व पति के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

ग्राम रानी नागल निवासी महिला ने बुधवार को तहरीर देकर पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति लेबर की ठेकेदारी करता है, जिसके चलते वह अन्य श्रमिकों के साथ ठेकेदार के माध्यम से मजदूरी करने जाती थी। एक दिन ठेकेदार ने सायं के वक्त ट्राली से उतरते वक्त उससे छेड़छाड़ की। उसके बाद से उसने मजदूरी पर जाना बंद कर दिया। आरोप है कि पति की गैर मौजूदगी में एक दिन रात में वह अपने तीनों बच्चों के साथ घर में सो रही थी कि इसी बीच आरोपी कमरे में घुस गया और तमंचा निकालकर उसके बेटे के सिर पर रख दिया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। उसके साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से वीडियो भी बना ली। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपित ने कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। 26 मार्च की सुबह करीब 9 बजे आरोपी फिर से उसके घर आ धमका और अश्लील हरकते कर उसे खींचकर घर से बाहर ले जाने लगा। पति ने बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने पत्थर उठाकर पति के सिर में वार कर दिया। आरोपी उसकी वीडियो वायरल करके आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

रास्ते की सफाई कर रहे युवक पर जानलेवा हमला

बाजपुर : गुरुद्वारा साहिब के रास्ते की सफाई कर रहे युवक पर गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला करने का आरोप गांव के ही कुछ लोगों पर लगाते हुए पीड़ित पिता ने केलाखेड़ा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। ग्राम तोता बेरिया निवासी गुरदेव सिंह पुत्र प्यारा सिंह ने पुलिस को बताया कि 26 मार्च की सायं 6 बजे वह अपने पुत्र लखविंदर सिंह व कुछ ग्रामीणों के साथ गुरुद्वारा साहिब के रास्ते की सफाई कर रहा था। आरोप है कि इसी बीच गांव के ही चार पांच लोग वहां आ धमके और एकराय होकर गाली-गलौज कर लाठी-डंडों व पत्थर आदि से हमलावर हो गए। उसके पुत्र लखविंदर बेरहमी से मारपीट गया। बीच-बचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट की गई। शोर-शराबा होने पर पहुंचे अन्य लोगों ने किसी तरह बचाया। मारपीट में लखविंदर का एक दांत भी टूट गया है, जिसे गंभीरावस्था में पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सहकारी समिति कर्मी के निधन पर शोक

किच्छा: कोतवाली अंतर्गत ग्राम बरा स्थित किसान सेवा सहकारी समिति में कार्यरत महिला कर्मचारी एवं व्यापारी की पत्नी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। महिला कर्मचारी की मौत की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

रितु तनवानी।

कांग्रेस कमेटी के जिला महामंत्री गुलशन सिंधी की भाभी एवं व्यापारी धर्मेंद्र सिंधी की पत्नी रितु तनवानी का विगत 66 दिनों से रुद्रपुर स्थित मेडिसिटी अस्पताल में इलाज चल रहा था। परिजनों के अनुसार ग्राम बरा स्थित सोसाइटी में विगत 20 जनवरी को ड्यूटी के दौरान अचानक ब्रेन हेमरेज होने के चलते रितु तनवानी बेहोश होकर गिर गई थी। सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा रितु तनवानी को इलाज के लिए रुद्रपुर स्थित मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 40 वर्षीय रितु तनवानी ने मंगलवार की शाम करीब 7 बजे इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बुधवार को नगर के बाईपास स्थित सत्यपथ धाम पर उन्हें अंतिम विदाई दी गई। मौके पर परिजन धर्मेंद्र तनवानी, गुलशन तनवानी, मनोज तनवानी, आरती तनवानी, कंचन तनवानी के अलावा विधायक तिलक राज बेहड़ आदि लोग मौजूद रहे।

पूर्व क्रिकेटर तेंदुलकर का कुमाऊं भ्रमण आज से

पत्नी अंजलि के साथ पूर्व क्रिकेटर सचिन रमेश तेंदुलकर। ● अमृत विचार

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: भारत रत्न सहित विभिन्न अवार्डों से सम्मानित पूर्व क्रिकेटर सचिन रमेश तेंदुलकर गुरुवार से कुमाऊं भ्रमण पर पत्नी के साथ पंतनगर पहुंच रहे हैं। उनके चार दिन के प्रस्तावित दौरे में कैंची धाम के दर्शन सहित नैनीताल और कौसानी भ्रमण की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार सचिन और उनकी पत्नी अंजलि इंडिगो की फ्लाइट से 11.50 बजे पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जहां से उनके सीधे कैंची धाम जाने की संभावना है, जहां दर्शन के बाद उनको नैनीताल में प्रवास करना है। तेंदुलकर परिवार के चार दिन के इस भ्रमण में रानीखेत, अल्मोड़ा, कौसानी व मुन्स्यारी भी जाने की संभावना है। 31 मार्च को वह फ्लाइट से 12.30 बजे वापस दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे।

यात्रा

- कैंची धाम दर्शन सहित नैनीताल-कौसानी जाने की संभावना, 31 को होगी वापसी

घर में आग लगने से सामान हुआ खाक

जसपुर के गांव नारायण पुर में लगी आग से जला सामान। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: गांव नारायणपुर में करोड़ी सिंह के घर में आग लगने से घर का सारा सामान जल गया।

बुधवार को सायं 5 बजे को गांव नारायणपुर निवासी करोड़ी सिंह के घर में अचानक आग लग गई, जिससे गांव में चीख पुकार मच गई। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोग आग बुझाने में जुट गये, लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर पर फायर स्टेशन से तत्काल फायर यूनिट घटनास्थल पर पहुंची। फायर यूनिट द्वारा मिनी हाई प्रेशर की होजरील से आग पर लगातार पंपिंग की गई और आग को फैलने से रोका। आग से घर में रखा सामान, स्प्रे मशीन, वेल्डिंग मशीन बिस्तर, पंखा, एलईडी आदि सामान जल गया।

टावर पर चढ़ा युवक उतारने में छूटे पसीने

काशीपुर: प्रतापपुर निवासी एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों व लोगों ने उसे करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद टावर से उतारा।

बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र में प्रतापपुर निवासी विनोद पेंटर नाम का एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया, जिससे वहां हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और व्यक्ति को समझाने का प्रयास किया, लेकिन व्यक्ति नीचे उतरने के बजाए और ऊपर चढ़ने लगा। पुलिस व युवक के परिजनों की कड़ी मशक्कत के बाद युवक टावर से बड़े टशन में नीचे उतरा। इस दौरान युवक ने नीचे तमाशबीन भीड़ का हाथ हिलाकर अभिवादन भी किया। युवक करीब एक घंटे तक टावर पर चढ़ा रहा। युवक के नीचे उतरने पर पुलिस ने राहत की सांस ली और युवक व उसके परिजनों को हिदायत भी दी।

सात पर बिजली चोरी का केस

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : विद्युत विजिलेंस टीम हल्द्वानी ने श्रीरामपुर व धीमरीब्लॉक में छापेमारी कर सात विद्युत चोरी कर रहे उपभोक्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया। लगभग दो दर्जन बकायदारों के संयोजन भी काटे। टीम की कार्रवाई देख उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा रहा।

बुधवार को हल्द्वानी विजिलेंस टीम के एई अमित चंद्र आर्य व गदरपुर एसडीओ परविंदर सिंह के नेतृत्व में विजिलेंस टीम व कर्मचारियों ने छापेमारी कर श्रीरामपुर निवासी पवित्र विश्वास, सतपाल सिंह, इति विश्वास एवं धीमरीब्लॉक निवास देवराज, मिलकराज, निर्पेन महलदार, मानदास राठौर को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा। टीम ने कार्रवाई कर सात लोगों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज किया। लगभग दो दर्जन बकायादारों के संयोजन भी कांटे। टीम में अवर अभियंता अफशान सैफी, विजिलेंस इंस्पेक्टर शरद चौधरी, सुभाष बैरागी, लव कुमार आदि थे।

दिनेशपुर के श्रीरामपुर में छापा मारती विद्युत विजिलेंस की टीम। ● अमृत विचार

जंगल में जलती शराब की तीन भट्टियां पकड़ीं

खटीमा। आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आबकारी विभाग की टीम ने आज उत्तर प्रदेश सीमा के गांव से लगे सुरई वन रेंज के जंगल क्षेत्र में दबिश देकर अवैध शराब बनाने की तीन जलती भट्टियां पकड़ी। टीम ने मौके से 90 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की। जिला आबकारी अधिकारी अशोक कुमार मिश्रा के निर्देशन में टीम ने सुरई रेंज से लगे हुए रघुलिया गांव के पास के जंगलों में दबिश दी। जहां टीम को नाले के किनारे अवैध रूप से बनाई जा रही कच्ची शराब की तीन भट्टियां चलती हुई मिली। अलबत्ता शराब बनाने वाले टीम की आहट पाकर मौके से फरार हो गए थे। टीम ने मौके से 90 लीटर कच्ची शराब के साथ लगभग 1500 किलो लहन बरामद किया। टीम ने लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन
दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

नामांकन के समय रुद्रपुर जाने वाले वाहनों को रोका

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के नामांकन के आखिरी दिन बुधवार को भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी नामांकन पत्र लेकर रुद्रपुर में बने नामांकन स्थल पर जमा हुए। जिसको लेकर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

रुद्रपुर में हुए नामांकन को लेकर पुलिस प्रशासन भी चौकन्ना रहा। जिसे लेकर पुलिस प्रशासन ने रुद्रपुर से लेकर काशीपुर सहित पूरे जिले में अलर्ट कर रखा था। नामांकन के दौरान कोई गड़बड़ी की आशंका के चलते बॉर्डर पर सख्ती बरत रखी थी। साथ ही हर आने जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग हो रही थी। जिससे कोई बाहरी राज्य का व्यक्ति नामांकन के दौरान कोई अनहोनी न कर सके। वहीं पुलिस ने नामांकन के दौरान भारी वाहनों का प्रवेश भी वर्जित कर रखा था, जिससे काशीपुर से रुद्रपुर जाने वाले वाहनों को बॉर्डर पर ही रोका गया। साथ ही अन्य रास्तों पर भी भारी वाहनों को रूट डायवर्ट कर रखा था।

बुधवार को रुद्रपुर में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट व कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। दोनों प्रत्याशियों के साथ भाजपा व कांग्रेस के दिग्गज राजनेता भी मौजूद थे, जिनमें सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं उपस्थित होकर अजय भट्ट का नामांकन कराया। वहीं प्रकाश जोशी के नामांकन के समय नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य मौजूद रहे। इसके अलावा अन्य दलों के प्रत्याशियों ने भी आखिरी दिन नामांकन पत्र दाखिल किये।

प्रत्याशियों के समर्थकों की भारी भीड़ व गड़बड़ी की आशंका के चलते पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए एक दिन पूर्व ही भारी वाहनों की एंट्री बंद कर दी और बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों की सख्ती से जांच शुरू कर दी। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि नामांकन के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। साथ ही बॉर्डरों पर भी सख्ती से चेकिंग के निर्देश दिये गये थे, जिससे नामांकन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न हो सके और कोई व्यवधान उत्पन्न न हो।

सख्ती

- बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग, भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा
- नामांकन के दौरान गड़बड़ी की आशंका के चलते बॉर्डर पर सख्ती बरत रखी थी

यूपी में दूसरे चरण के चुनाव के लिए आज से होगा नामांकन

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए 28 मार्च से नामांकन शुरू होंगे। इन सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 28 मार्च को दूसरे चरण की अधिसूचना जारी होने के बाद सुबह 11 बजे से नामांकन शुरू हो जाएंगे। प्रत्याशी अपराह्न तीन बजे तक नामांकन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस चरण में अंतर्गत अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर अलीगढ़ व मथुरा सीटों के लिए चुनाव होना है।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रूद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

गांधी पार्क में आयोजित सभा में मौजूद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट व अन्य। ● अमृत विचार

नामांकन स्थल को जाते कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या एवं अन्य कांग्रेस विधायक। ● अमृत विचार

लोकसभा चुनाव : भाजपा, कांग्रेस और बसपा प्रत्याशियों ने पर्चा भरा

सभी सीटों पर होगी हमारी जीत : धामी

दावा

- चार जून को देश में होली के साथ मनाई जाएगी दीपावली
- गांधी पार्क में नामांकन सभा को संबोधित कर बोले मुख्यमंत्री

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में आम जनता के उत्साह को देखकर दावे के साथ कहा सकता हूं कि इस बार उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत होगी। यह जीत पिछले लोकसभा चुनाव से अधिक मतों यानी पांच लाख से अधिक वोटों से जीत होगी। साथ ही नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

मुख्यमंत्री धामी बुधवार को नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट के प्रत्याशी अजय भट्ट के नामांकन के दौरान गांधी पार्क में आयोजित नामांकन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी सीटों पर जीत तो होगी ही लेकिन इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी भट्ट रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। 4 जून को परिणाम आते ही देश में होली के साथ ही दीपावली भी मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के तीसरे टर्म में देश विकसित भारत का संकल्प आगे बढ़ेगा। साथ ही देश, दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है।

नामांकन पत्र भरते नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट। ● अमृत विचार

पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व में बढ़ा देश का कद : भट्ट

रुद्रपुर : भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि धाकड़ सीएम धामी के नेतृत्व में राज्य का काफी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि पांच साल तक लोगों को जो स्नेह मिला उसे देखकर ही राष्ट्रीय नेतृत्व ने देश में प्रत्याशियों की पहली सूची में उनका नाम भी शामिल कर दिया। इसका श्रेय आप सभी को जाता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व में देश का कद बढ़ा है।

लोगों के सपनों को साकार करेंगे अजय भट्ट : महेंद्र

रुद्रपुर : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि इस बार सभी सीटों पर भाजपा प्रत्याशी विगत चुनावों से अधिक मतों से जीत दर्ज करेंगे। आम जनता ने जो सपने देखे हैं प्रत्याशी भट्ट उन सपनों को साकार करेंगे।

कांग्रेस जमानत बचाने को करेगी संघर्ष : बहुगुणा

रुद्रपुर : पूर्व सीएम विजय बहुगुणा ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी है भारत। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी देश में चुनाव होते हैं तो पूछा जाता है कि प्रत्याशी कौन है, लेकिन पीएम मोदी के सामने कोई प्रत्याशी नहीं खड़ा है। उन्होंने कहा कि हम वादे करते नहीं काम करते हैं और भाजपा चुनाव में अखंड मतों से जीत करने जा रही है, जबकि कांग्रेस अपनी जमानत बचाने को।

उत्तराखंड देवभूमि व वीरभूमि है: सौरभ

रुद्रपुर : कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि व वीर भूमि है। यहां की जनता देश को सशक्त बनाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट पांच लाख से भी अधिक वोटों से जीत दर्ज करेंगे।

ये लोग रहे मौजूद

संगठन मंत्री अजय, पूर्व सीएम रमेश चंद्र पोखरियाल निशंक, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, विधायक शिव अरोरा, मोहन बिष्ट, सरिता आर्य, अरविंद पांडे, बंशीधर भगत, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व सांसद बलराज पासी, बलवंत भौर्याल, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, गुंजन सुखीजा, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नैनीताल बेला तोलिया, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, भारत भूषण चुघ, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, चंदन बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, दान सिंह भंडारी, सुशील गावा, गुरविंदर सिंह चंडोक, अनिल चौहान, अनिल डब्बू, हिमांशु बिष्ट, विवेक सक्सेना, खिलेंद्र चौधरी, राजेश कुमार, जिला मीडिया प्रभारी मयंक कक्कड़, लोकसभा मीडिया प्रभारी ललित मिगलानी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जनता को बताएंगे भाजपा की जनविरोधी नीतियां

जोश

- सुबह 11 बजे गल्ला मंडी स्थित प्रांगण में एकत्र हुए कार्यकर्ता
- प्रत्याशी के साथ विधायक प्रस्तावक के रूप में मौजूद रहे

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन कांग्रेस के प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने दिग्गज नेताओं के साथ रोड शो निकाला और डीएम कार्यालय स्थित नामांकन कक्ष में अपना पर्चा दाखिल किया।

बुधवार सुबह 11 बजे गल्ला मंडी स्थित प्रांगण में कार्यकर्ताओं के आने का सिलसिला शुरू हुआ जो दोपहर एक बजे तक चला। साढ़े 12 बजे कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के साथ गल्ला मंडी पहुंचे, जबकि उससे पहले ही जसपुर विधायक आदेश चौहान, खटीमा विधायक भुवन कापड़ी और नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा ने सभास्थल पहुंचकर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया।

देखते ही देखते दोपहर साढ़े बारह बजे के बाद कांग्रेस नेताओं के चेहरे पर उस वक्त खुशी देखने को मिली, जब कार्यकर्ताओं की भीड़ प्रांगण में दिखने लगी। इसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी ने बाइक सवार युवाओं और पैदल चल रहे कार्यकर्ताओं के साथ रोड शो किया और मुख्य बाजार होते हुए डीडी चौक से नैनीताल हाईवे से एसएसपी कार्यालय मार्ग स्थित नामांकन केंद्र पहुंचे और दो बजे के करीब अपना पर्चा दाखिल किया। उस वक्त प्रत्याशी के साथ कांग्रेस विधायक प्रस्तावक के रूप में मौजूद रहे।

नामांकन पत्र भरते नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी।

पांच साल मोदी का नाम जपते रहे भाजपा प्रत्याशी : जोशी

रुद्रपुर : कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों को लेकर जनता के बीच जाया जाएगा। वह वर्षों से कार्यकर्ताओं के संपर्क में रहे हैं। उनके द्वारा प्रदेश व्यापी आंदोलन जनता के लिए किए हैं। जनता को सोच समझकर अपना प्रत्याशी चुनना चाहिए। भाजपा प्रत्याशी ने पांच साल मोदी के नाम का प्रचार किया। खुद की उपलब्धि प्रत्याशी के पास नहीं है। भाजपा मोदी के नाम पर वोट मांगती है, जबकि कांग्रेस प्रत्याशियों के पास अपना विजन है। उसी विजन को लेकर आगे बढ़ा जाएगा। यदि जनता ने सांसद बनने का मौका दिया तो वह उन की उपेक्षा पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

मोदी सरकार का कार्यकाल निराशाजनक : आर्य

रुद्रपुर : नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि देश में परिवर्तन की लहर और जनता बदलाव चाहती है। दस साल से केंद्र की मोदी सरकार का कार्यकाल निराशाजनक रहा है। वर्ष 2014 में पीएम मोदी या फिर भाजपा जिन मुद्दों को लेकर चुनावी मैदान में उतरी थी। वही बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पलायन, कानून व्यवस्था का मुद्दा जातिवाद में बदल गया। वर्तमान में पहाड़ी इलाकों में जल, जंगल और जमीन भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गए है। इन सभी मुद्दों को लेकर कांग्रेस जनता के बीच जाएगी और कांग्रेस पार्टी को विश्वास है कि इस बार भ्रामक प्रचार को दरकिनार कर जनता वास्तविक मुद्दों और मूलभूत समस्याओं को देखकर पांचों सीटों पर कांग्रेस को विजयी बनाएंगी।

प्रदेश अध्यक्ष माहरा का नहीं पहुंचना बना चर्चा का विषय

रुद्रपुर : गल्ला मंडी से रोड शो और कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के नामांकन में जहां नेता प्रतिपक्ष सहित सभी कांग्रेस विधायकों ने अपनी दस्तक दी। मगर आखिरी वक्त तक कांग्रेस कार्यकर्ता, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का इंतजार करते रहे और एक बजे के करीब जब इंतजार का सब्र टूट गया उसके बाद चर्चाओं का बाजार शुरू हो गया। किसी की जुबा पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की नाराजगी की चर्चा थी तो कोई किसी कारणवश नहीं आने की चर्चाएं करने लगे। बावजूद प्रदेश अध्यक्ष के नहीं आने पर कार्यकर्ताओं को जरूर मायूसी का सामना करना पड़ा [र

एसएसपी ने संभाला मोर्चा, खुलवाया जाम

रुद्रपुर : बुधवार को नामांकन के दौरान हाईवे पर कई बार जाम की स्थिति बनने लगी तो एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने खुद ही मोर्चा संभालते ही पहले वायरस लैस के माध्यम से अधीनस्थों को यातायात सुचारू करने का आदेश दिया और स्वयं चलकर नामांकन केंद्र स्थित हाईवे पहुंचे। यहां उन्होंने देखा कि कार्यकर्ताओं की भीड़ की वजह से हाईवे पर जाम लगा हुआ है। जिस पर एसएसपी ने अधीनस्थों को तत्काल हाईवे खाली कराने का आदेश दिया। जिस पर तैनात जवानों ने कार्यकर्ताओं को खदेड़ना शुरू कर दिया और देखते ही देखते ही हाईवे जाम मुक्त हो गया।

भाजपा प्रत्याशी भट्ट के खाते में हैं 1203320 रुपये

रुद्रपुर : भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा दिया है। इसमें उन्होंने शैक्षिक योग्यता अल्मोड़ा से विधि स्नातक दर्शायी है। इसके अलावा चल संपत्ति का ब्यौरा देकर खाते में 1203320 रुपये और पत्नी पुष्पा भट्ट के खाते में 412580 रुपये दर्शायी है। इसके अलावा भाजपा प्रत्याशी के पास 104 .80 ग्राम सोना है। जबकि चांदी 2 .80 किग्रा . है। इसकी कीमत 116382 रुपये है। पत्नी के पास 603 .50 ग्राम सोना है जिसकी कीमत 1936500 रुपये हैं। जबकि चांदी 1 .25 किग्रा . है। जिसकी कीमत 51956 रुपये हैं। भाजपा प्रत्याशी के पास दो मारुती जिप्सी और एक वेगन कार, जबकि पत्नी के पास एक स्विफ्ट डिजायर कार है।

रुद्रपुर के गांधी पार्क में आयोजित भाजपा की नामांकन सभा में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के खाते में हैं 1295490 रुपये

रुद्रपुर : नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने अपना नामांकन कराया है। इस दौरान उन्होंने अपनी संपत्ति का ब्यौरा दिया है। इसमें उन्होंने अपनी शैक्षिक योग्यता दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकॉम दर्शायी है। इसके अलावा अपनी चल संपत्ति का ब्यौरा देते हुए खाते में 1295490 रुपये और पत्नी अन्नू जोशी के खाते में 797400 रुपये दर्शायी है। इसके अलावा कांग्रेस प्रत्याशी के पास 15 ग्राम सोना है। इसकी कीमत 292500 रुपये हैं। पत्नी के पास 90 ग्राम सोना है जिसकी कीमत 585000 रुपये है। कांग्रेस प्रत्याशी के पास टोयोटा, इनोवा और एक क्रेटा कार है जिनकी कीमत 828000 रुपये है।

कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के रोड शो में शामिल उत्साही बाइक सवार कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

चौकसी | पैरामिलिट्री और पीएसी के जवानों ने संभाला मोर्चा, दो जनपदों का पुलिस बल रहा तैनात

संगीनों के साये में रहा शहर, चप्पे-चप्पे पर दिखी सुरक्षा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन के नामांकन प्रक्रिया का आखिरी दिन होने के कारण पुलिस प्रशासन ने भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। जिसको लेकर पूरा शहर संगीनों के साये में रहा और चप्पे-चप्पे पर पैरामिलिट्री सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा को लेकर एसएसपी बार-बार वायरलैस के माध्यम से मॉनिटरिंग करते दिखे।

बुधवार को नामांकन के आखिरी दिन होने के कारण भाजपा, कांग्रेस और बसपा सहित कई निर्दलीय प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसको लेकर मंगलवार को ही एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार कर लिया था और बुधवार को शहर में चप्पे-चप्पे पर सशस्त्र जवान तैनात हो गए। एसएसपी ने बताया कि नामांकन को लेकर नैनीताल-ऊधमसिंह नगर जिले के पुलिस बल के अलावा तीन कंपनी पैरामिलिट्री, चार कंपनी पीएसी और होमगार्ड की तैनाती की गई है।

इसके अलावा आदेशित किया कि नामांकन के दौरान या फिर नामांकन केंद्र के आसपास अवैध असलहा व लाइसेंसी हथियार लाने पर कार्रवाई की जाए। इसके अलावा गांधी पार्क से लेकर गल्ला मंडी तक भाजपा-कांग्रेस के नामांकन व रोड शो को लेकर जालबंद बैरिकेडिंग की गई थी। जिसके चलते गांधी पार्क के दोनों बैरिकेडिंग कर भाजपा और मुख्य बाजार से हाईवे की ओर बैरिकेडिंग कर कांग्रेस के रोड शो के लिए बनाया गया था। बुधवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक नामांकन होने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

नामांकन प्रक्रिया के दौरान मोबाइल बैरियर के साथ तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

नामांकन को लेकर यातायात मार्ग बदला

रुद्रपुर : बुधवार को नामांकन को लेकर यातायात पुलिस ने रूट डायवर्ट रखा। जिसको लेकर पुलिस ने सुबह सात बजे से शाम बजे बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रखा। इसके अलावा माल वाहन जहां थे वहीं खड़े कराए। इसके अलावा शाम पांच बजे तक नैनीताल हाईवे से गुजरने वाली बसों के अलावा कंपनियों की बसों का प्रवेश वर्जित रखा गया था। जिनको अटरिया मार्ग से सिडकुल की ओर प्रवेश दिया गया। साथ ही हिदायत दी गई थी कि निर्देशों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बहुजन समाज पार्टी के दो प्रत्याशी नामांकन कराने पहुंचे

नामांकन

- बिना सिंबल मिले डॉ. चौधरी पहुंचे नामांकन कराने
- दोनों के बीच समझौते के बाद अख्तर अली ने कराया नामांकन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : बुधवार को नामांकन के आखिरी वक्त बसपा के दो प्रत्याशी के आने पर पुलिस प्रशासन हैरान हो गया। बाद में दोनों प्रत्याशियों के बीच सुलह समझौता हुआ और देरी से आए बसपा के सिंबलधारी प्रत्याशी ने अपना नामांकन करवाया।

बुधवार की दोपहर दो बजे के करीब नामांकन केंद्र पर रामनगर के रहने वाले डॉ. आरबी चौधरी पटका धारण कर केंद्र पर पहुंचे। जब पुलिस ने पूछा तो बताया गया कि वह बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं, जिसके बाद पुलिस ने प्रत्याशी को अंदर प्रवेश दे दिया। इसके आधे घंटे बाद अचानक काशीपुर के अख्तर अली महागीर खुद को बसपा प्रत्याशी बताने लगे तो पुलिस वाले असमंजस में पड़ गए।

आनन-फानन में केंद्र के बाहर बैठे डॉ. चौधरी को नामांकन करने से रोक दिया। इसके बाद दोनों प्रत्याशियों के बीच काफी देर तक वार्ता हुई और बाद में अख्तर अली ने बसपा सिंबल से अपना पर्चा दाखिल किया। डॉ. चौधरी का कहना था कि बसपा सुप्रीमो ने उन्हें डमी प्रत्याशी के रूप में उतारा था। बाद में सिंबल के साथ पहुंचे प्रत्याशी के आने के बाद उन्होंने अपना नामांकन नहीं कराया।

बसपा प्रत्याशी के खाते में दो लाख रुपये और तीन तोला सोना

रुद्रपुर : नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे बसपा प्रत्याशी अख्तर अली ने भी अपना नामांकन कराया है। इस दौरान उन्होंने अपनी संपत्ति का ब्यौरा दिया है। इसमें उन्होंने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर दर्शायी है। इसके अलावा अपनी चल संपत्ति का ब्यौरा देते हुए खाते में 200000 रुपये और पत्नी रुखसाना के खाते में 50000 रुपये दर्शायी है गयी। इसके अलावा बसपा प्रत्याशी के पास तीन तोला सोना है। जबकि पत्नी के पास दो तोला सोना है। बसपा प्रत्याशी के पास मोटरसाइकिल और ई-रिक्शा है।

एक नजर

घर के पास मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

काशीपुर : बाजपुर थाना क्षेत्र में अपने ही घर के पास एक युवक का संदिग्ध अवस्था में शव मिला। ग्राम रतनपुरा थाना बाजपुर निवासी 29 वर्षीय विजय सिंह मेहनत मजदूरी करता था। मंगलवार की सुबह व नाश्ते के बाद दोस्तों से मिलने के लिए घर से निकला था, लेकिन काफी देर बाद भी वह वापस नहीं लौटा। जिसके बाद शाम को उसका शव घर से कुछ की दूरी पर संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को काशीपुर मोर्चरी भिजवाया, जहां बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है।

युवक को तमंचा और कारतूस के साथ दबोचा

काशीपुर : लूटपाट की घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे युवक को पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। कटोराताल चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान नौगजे की मजार की पुलिया के पास, मानपुर रोड पर संदिग्ध अवस्था में खड़े युवक को देखा, जो पुलिस को देख घबराकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे घेरकर पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास से पुलिस को तमंचा और कारतूस मिला। आरोपी ने अपना नाम विशाल दिवाकर निवासी पशुपति विहार थाना आईटीआई बताया। आरोपी नशे की पूर्ति व बेरोजगार होने के कारण चोरियां तथा छिनौती की घटनाओं को अंजाम देता है।

एनएसएस स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति रैली निकाली

नानकमत्ता : नगर के श्री गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर लगाया जा रहा। इसके अंतर्गत द्वितीय दिवस में एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रात: योगाभ्यास किया। शिविर के तहत गढ़ीपट्टी पोषित ग्राम में दूसरे दिन नशा मुक्ति उन्मूलन रैली निकाली गई। इसके साथ स्थानीय स्तर पर भांग के पौधों का भी निस्तारण किया गया। एनएसएस के प्रथम ग्रुप चंद्रशेखर एवं पांचवें ग्रुप आजाद ग्रुप द्वारा नशा जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जनता को जागरूक किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सीता मेहता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला रहीं।

वारंटी को गिरफ्तार किया

जसपुर : लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जसपुर पुलिस का वारंटियों के विरुद्ध अभियान जारी है। पुलिस ने आपरेशन प्रहार के अन्तर्गत 2 मामलों में एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। वारंटी प्रशान्त कुमार निवासी दुललापुर थाना ठकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश का निवासी है। वारंटी को सुभाष चौक से गिरफ्तार किया गया।

महंगाई से पुश्तैनी कारोबार बचाने की जद्दोजहद

दशकों से ऐतिहासिक चैती मेले में झूले, मौत का कुआं व सिलबट्टा बाजार लगाने आए दुकानदारों के माथे पर चिंता

पीड़ा

- मुरादाबाद से 10 हजार में वाहन चैती परिसर पहुंचता था
- अब माल ढुलाई के 15 हजार रुपये मांगे जा रहे

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : उत्तर भारत का प्रसिद्ध चैती मेले में इस बार महंगाई की मार पड़ सकती है। मेले में झूले, मौत का कुआं, सिलबट्टा, ढोलक बाजार आदि लगाने वाले लोग आना शुरू हो गए हैं, लेकिन माल ढुलाई और ठेका महंगा होने से उनके चेहरों की रौनक उड़ सी गई है। वह इसी उम्मीद के साथ आए हैं कि मेला शुरू होते ही उनकी मेहनत रंग लाने लगेगी।

नवरात्र से ऐतिहासिक चैती मेला शुरू हो जाएगा। इसके लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। दुकानदार झूला, सिलबट्टा बाजार, ढोलक बाजार, चूड़ी बाजार का सामान लेकर चैती मैदान में पहुंच गए हैं। बताया कि इस बार माल ढुलाई महंगा हो गया है। मुरादाबाद से माल लेकर 10 हजार में जो वाहन चैती परिसर में पहुंचता था, अब माल ढुलाई के 15 हजार रुपये मांगे जा रहे हैं। ठेका भी 3.67 करोड़ महंगा छूटा है।

चैती मेले के लिए सजने लगा मौत का कुआं। ● अमृत विचार

मेले में दुकानें लगाने को जगह की नापजोख शुरू

काशीपुर। चैती मेला लगाने की तैयारियां होने लगी है। दुकानें लगाने को चैती मैदान में जगह की नापजोख शुरू हो गई है। बुधवार को मेला प्रशासन की देखरेख में ठेकेदार के लोगों ने दुकानें लगाने की जगहों को चिन्हित किया। बताया कि मेले में दर्जनों झूले, खिलौनें, चूड़ी, खान पीन की दुकानें लगेगी। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि पार्किंग, तहबाजारी, झूले आदि टेंडर किए गए है। मेले में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर की जाएगी। मानकों का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इसके लिए दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

जमा पूंजी ठेका और माल ढुलाई में चली गई

दुकानदारों ने बताया कि उनकी जमा पूंजी ठेका व माल ढुलाई में चले गई है। कर्जा लेकर किसी तरह संघर्ष कर रहे हैं। बताया कि झूले लगाना, ढोलक, सिलबट्टा बाजार लगाना उनका पुश्तैनी काम है। अब महंगाई की मार से पुश्नेनी काम संकट में है। उनका परिवार का पेट पालना मुश्किल हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही। आधुनिकता की मार से भी पुश्तैनी कारोबारी परेशान हैं।

कई दशकों से चैती मेले में सिलबट्टा बाजार लगाते आ रहे हैं। इस बार ढुलाई किराए में वृद्धि होने से आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उम्मीद हैं कि मेला शुरू होते ही आर्थिक स्थिति ठीक होने लगेगी।

–**विक्रम सिंह**, सिलबट्टा कारोबारी

मौत के कुंआ समेत कई दुकानें लंबे समय से चैती मेले में लगाते आ रहे हैं। इसके अलावा कई अन्य शहरों में भी मेला लगाया जाता है, लेकिन चैती मेले में महंगाई बढ़ने से परेशानी हो रही है।

–**आजाद**, दुकानदार

काफी उम्मीदों के साथ चैती मेले में दुकान लगाने पहुंचे हैं। बच्चों के लिए झूले लंबे समय से लगाते आ रहे हैं। इस बार ढुलाई और ठेका महंगा होने से दिक्कतें हो रही है।

–**संदीप कुमार**, झूला कारोबारी।

मौत का कुआं देखने सैकड़ों लोग आते हैं, अधिकांश सामान चैती मैदान में लाया गया है। इस बार ढुलाई किराए में बढ़ोत्तरी हुई है।

–**राजा**, दुकानदार

प्रमाणपत्र नहीं बनने पर एसडीएम से मिले

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : राजस्व निरीक्षकों की हड़ताल के कारण स्थाई-जाति, आय आदि प्रमाणपत्र नहीं बन पा रहे हैं जिससे क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा। इस समस्या के निस्तारण की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया।

बुधवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे कुछ लोगों ने वहां मौजूद एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि करीब एक माह से क्षेत्र में राजस्व निरीक्षकों की हड़ताल जारी है जिसकी वजह से स्थानीय नागरिकों को प्रमाण पत्र बनवाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और स्कूलो में लगातार बच्चों से जाति, स्थाई, आय प्रमाणपत्र मांगे जा रहे हैं। प्रमाणपत्र की उपलब्धता न होने के कारण बच्चो के प्रवेश आदि में परेशानी हो रही है। साथ ही उत्तराखंड में पीसीएस की भर्ती के लिए आवेदन हो रहे हैं और प्रमाण पत्र न होने की वजह से बेरोजगार युवक-युवतियां आवेदन नहीं कर पा रहे हैं जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है। नैनीताल जनपद में जिलाधिकारी ने प्रमाण पत्रों को जारी करने के लिए अन्य कर्मचारियों को आदेशित किया है और वहां प्रमाण पत्रों के बनने का कार्य जारी है। उन्होंने नैनीताल जनपद की तर्ज पर ऊधमसिंह नगर में भी प्रमाण पत्रों से संबंधित कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने के लिए व्यवस्था करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में जिला पंचायत सदस्य हरजसपाल सिंह हैरी व अजीतपाल सिंह, चकरपुर ग्राम प्रधान पति सुनील कुमार, शुभम शर्मा, तरनदीप सिंह, सोनू सिंह आदि थे।

बाजपुर में एसडीएम आरसी तिवारी (दाएं) को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

मेले में लगी दुकानों से चोरी करता युवक धरा, दूसरा फरार

शक्तिफार्म: ग्रामसभा देवनगर में आयोजित काली पूजा महोत्सव के दौरान लगी मिठाई की दुकानों से चोरों ने नगदी एवं मोबाइल उड़ा लिए। ग्रामीणों ने एक आरोपी को दबोच कर पुलिस के सुपुर्द किया जबकि एक अन्य फरार है।

गत 6 दिनों से ग्रामसभा देवनगर में काली पूजा महोत्सव एवं मेले का आयोजन किया जा रहा था। मेले में अन्य दुकानों के साथ-साथ मिठाई की भी दुकाने लगी हुई हैं। मंगलवार की रात दुकान स्वामी गहरी नींद में थे कि तभी आजाद वार्ड नंबर एक निवासी मनोसांत सुतार के दुकान में रखी लगभग 15 हजार रुपये एवं मोबाइल तथा अमित अधिकारी के दुकान से लगभग 10 हजार की नगदी चोरों ने उड़ा ली। सुबह जब इसकी दुकान स्वामी खोजबीन आरंभ की तो गांव के ही एक युवक से उन्होंने मोबाइल बरामद किए। पकड़े गए युवक से कड़ाई से पूछताछ किए जाने पर कहा कि उसके साथ दो अन्य युवक भी शामिल थे। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना देकर पकड़े गए युवक को पुलिस के सुपुर्द किया।

ग्रेजुएशन सेरेमनी में बच्चों को डिग्री देकर सम्मानित किया

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: सिटी कॉन्वेंट स्कूल में यूकेजी के बच्चों की ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक मोहन चंद्र उपाध्याय ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।

प्री-विंग को छोड़ प्राइमरी विंग में प्रवेश कर रहे यूकेजी के विद्यार्थियों को कन्वोकेशन ड्रेस में डिग्री देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए डिग्री दी। प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय ने कहा कि यह सेरेमनी बच्चों के हौसलों को बुलंद करने उन्हें अगले पड़ाव में प्रवेश करने का अहसास करवाने के मकसद से करवाई गई है। इस आयोजन से बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होता है। इस अवसर पर प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, उपप्रधानाचार्य केऐलाश चंद्र पांडेय आदि उपस्थित रहे।

खटीमा के सिटी कान्वेंट में आयोजित ग्रेजुएशन सेरेमनी में उपस्थित बच्चे।

गोमांस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, एक हुआ फरार

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: उत्तराखंड गोवंश संरक्षण स्क्वायड ने ग्राम हरलालपुर में संचालित एक मीट की दुकान पर छापेमारी कर एक क्विंटल 64 किलो गोमांस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है, जबकि उनका एक साथी मौके से फरार होने में सफल रहा।

स्क्वायड के (कुमाऊं रेंज) प्रभारी एसआई प्रवीण सिंह की अगुवाई में गठित टीम ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई कर ग्राम हरलालपुर में एक घर में संचालित हो रही मीट की दुकान पर छापेमारी की। बताया जाता है कि टीम को देखकर वहां मौजूद तीन तस्करों ने भागने का प्रयास किया, जिनमें से घेराबंदी करके दो आरोपितों को दबोच लिया, जबकि उनका तीसरा साथी फरार होने में सफल रहा। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम दुमोला रोड थाना गंज रामपुर (उप्र) निवासी फैसल पुत्र अनीस व मुड़िया कलां बाजपुर निवासी आरिश पुत्र यूसुफ बताया। फरार साथी का नाम केलाखेड़ा निवासी साबिर पुत्र फिदा हुसैन बताया। टीम ने मौके से करीब 164 किलो गोमांस समेत अन्य सामान बरामद किया। पशु चिकित्सकों की टीम ने गोमांस की जांच के लिए सैंपल लिया। तस्करों के विरुद्ध गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया है, जिन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।

स्वागत भाजपा पूर्व सैनिक जिला प्रकोष्ठ सहसंयोजक, सांस्कृतिक सहसंयोजक व अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री का स्वागत

अनुसूचित जाति के हितों के लिए करेंगे कार्य : कुंवर

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : भाजपा काशीपुर जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने पूर्व सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर को पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सचिन राणा को जिला सहसंयोजक मनोनीत करने पर बुधवार की सायं चक्कीमोड़ में पूर्व सैनिकों व कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान भाजपा जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री राकेश सिंह का भी स्वागत किया गया। पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक हिम्मत सिंह कुंवर ने जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा जो दायित्व उन्हें सौंपा गया है वह पूर्ण ईमानदारी व निष्ठावान तरीके से निभाएंगे। सांस्कृतिक जिला सहसंयोजक सचिन राणा ने कहा कि उन्हें बचपन से ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रुचि रही है। जिसका वह भविष्य में अपने दायित्व को निर्वाह करते हुए कार्य करेंगे। भाजपा अनुसूचितजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री राकेश सिंह ने कहा कि वह पूर्व की भांति संगठन व अनुसूचित जाति समाज के हितों के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम का संचालन सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान ने किया।

इस मौके पर पूर्व सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू, जिला उपाध्यक्ष योगेश पानू, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, राजेंद्र सिंह मेहरा, लोकपाल शाही, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू उर्फ दीपू, प्रयाग दत्त कांडपाल, राजेंद्र उपाध्याय, दान सिंह बड़ती, राजेंद्र सिंह पानू, सूबेदार भुपाल सिंह कोरंगा, महेंद्र सिंह पपोला, कुंदन सिंह खनका, भगवत सिंह पांगती, देव सिंह धर्मशक्तू, दिनेश नयाल, आनंद सिंह गड़िया सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

दिनेशपुर में भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक का स्वागत करते कार्यकर्ता।

सार-संक्षेप

जसपुर में सुन्दरकांड का पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

शक्ति पीठ मंदिर में किया सामूहिक सुंदरकांड का पाठ

जसपुर : सनातन धर्म सेवा समिति जसपुर के तत्वावधान में नगर के सरकारी हॉस्पिटल के पीछे स्थित शक्ति पीठ मंदिर में सामूहिक सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सनातन धर्म प्रेमियों का सहयोग प्राप्त हुआ। आशा एवं सुषमा के परिवार की ओर से प्रसाद की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष नीलकमल शर्मा, पवन वर्मा, सचिन, दिनेश कौशिक, दीपा गेहलोत, प्रीति, महिमा, बबीता, शिवांगी आदि मौजूद रहे।

नानकमत्ता के मगरसडा गांव में आग लगने से जला सामान। ● अमृत विचार

घर में आग लगने से सामान जला

नानकमत्ता : देर रात्रि घर में आग लगने से राशन, कपड़ा, अलमारी आदि सामान जल गया। मगरसडा गांव निवासी विनोद सिंह देर रात्रि खाना खाने के बाद परिवार सहित घर के बाहर सो गये थे। अचानक घर के अन्दर आग लग गयी। परिजनों ने बताया कि जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग तेज हो चुकी थी। शोर सुनकर गांव के लोग पानी लेकर दौड़ पड़े, लेकिन आग पर मुश्किल से काबू पाया गया। तब तक सारा सामान जल चुका था। विनोद सिंह मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करता है।

बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव के निधन पर शोक

जसपुर : बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव एवं क्षेत्र के प्रमुख व्यवसाई निर्मल सिंह सैनी का चंडीगढ़ के मैक्स हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे 58 वर्ष के थे तथा वह अपने पीछे पत्नी तरविंदर कौर तथा दो पुत्र अमृतपाल सिंह तथा अमनप्रीत सिंह को छोड़ गए हैं। निर्मल सिंह को सांस में दिक्कत होने की वजह से 6 मार्च को चंडीगढ़ के मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान 26 मार्च को उनका निधन हो गया। बुधवार को प्रात: उनका पार्थिव शरीर उनके आवास ग्राम गोविंदपुर उनके पहुंचा, जहां पर ग्राम वासियों, बसपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र वासियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर बसपा के लोकसभा प्रभारी डॉ बीएस गौतम, विधानसभा सचिव नसीम अहमद, जिला सचिव रविराज एडवोकेट, कन्हैयालाल तथा विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक डॉ शैलेंद्र सिंघल आदि ने शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाया।

निर्मल सिंह।

नामांकन में सपा कार्यकर्ताओं को नहीं बुलाने पर नाराजगी

बाजपुर : समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के समर्थन में बड़ा दिल दिखाते हुए उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव की किसी भी सीट पर अपना प्रत्याशी नहीं उतारा है, क्योंकि पूर्व में बागेश्वर चुनाव में हुई हार को कांग्रेस ने सपा के नाम ठीकरा फोड़ दिया था, लेकिन जिस प्रकार से बुधवार को कांग्रेस का नामांकन नैनीताल लोकसभा में हुआ है जिसमें समाजवादी पार्टी से किसी को नहीं बुलाया गया और ना ही किसी बैनर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तस्वीर लगाई गई है, जबकि समाजवादी पार्टी ने नैनीताल लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतरने के लिए बूथ स्तर तक संगठन बनाया है।

अरविंद यादव।

चाकू सहित एक दबोचा

खटीमा : चकरपुर चौकी प्रभारी प्रियांशु जोशी अपनी टीम के साथ क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था को लेकर पुलिस टीम गश्त कर रही थी। एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पकड़कर पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास अवैध चाकू बरामद हुआ। युवक ने स्वयं को गौटिया निवासी नईम अहमद बताया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रात: 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)



हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?

इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्नता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्ब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

एक नजर

बेटे के गम में मां ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

बंडा (शाहजहांपुर), अमृत विचार : बंडा के मोहल्ला पसियापुर निवासी बादशाह की पत्नी सरोजा देवी (45) ने घरेलू कलह के चलते दोपहर बाद कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिवार के लोगों ने उन्हें बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि सितंबर माह में उसका पुत्र रामप्रवेश(19) पंजाब में नौकरी करने गया था और घर वापस आते समय रास्ते से ही वह बस से उतरकर कहीं चला गया था।

चुनाव रैलियों की अंतिम रूप दे रही भाजपा: चौहान

देहरादून, अमृत विचार : भाजपा ने नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ ही बड़ी रैलियों की योजना को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन का जनता बेसब्री से इंतजार कर रही है। राज्य भाजपा भी पूरी तरह तैयार है और जैसे ही उनका व अन्य नेताओं का कार्यक्रम प्राप्त होगा।

पुलिस कर्मियों ने जमकर खेली होली

दोराहा चौकी, सुल्तानपुर पट्टी चौकी में पुलिस कर्मियों ने किया कार्यक्रम का आयोजन

- सभी पुलिसकर्मी डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए
- पुलिस कर्मियों ने एक दूसरे को खूब लगाया रंग

संवाददाता, बाजपुर

दोराहा चौकी सुल्तानपुर पट्टी चौकी में होली खेलते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : होली पर्व पर पुलिस कर्मी अपना कर्तव्य निभाते हुए लोगों की सुरक्षा में डेट रहे। होली का त्योहार सकुशल संपन्न होने के बाद होली के दूसरे दिन मंगलवार को दोराहा चौकी, सुल्तानपुर पट्टी चौकी में पुलिस कर्मियों ने होली खेली।

सिपाही से लेकर अधिकारी तक डीजे की धुन पर धमाल मचाते दिखे। रंगों की मस्ती में एक दूसरे को गुलाल लगाकर उम्र और पद के अनुसार आशीर्वाद भी लिया गया। होली के दूसरे दिन हर साल की तरह इस साल भी बाजपुर की पुलिस चौकियों में पुलिस कर्मियों ने होली मनाई। पुलिस कर्मियों ने एक दूसरे के संग जमकर होली खेली और मस्ती के मूड में दिखे। सभी पुलिसकर्मी डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने एक दूसरे को गले मिलकर एवं रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर दोराहा चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह, बन्ना खेड़ा चौकी इंचार्ज विक्रम धामी, एसआई धीरेंद्र सिंह परिहार, एसआई देवेंद्र मनराल, दिलीप सिंह फर्त्याल, मनोज सिंह बिष्ट, दीपक सिंह ढेला, प्रभात चौधरी, मनोज सिंह भाकुनी, गिरिजा शंकर, हरीश, ललित सिंह कन्याल, मोहन सिंह भट्ट, मोहन जोशी, प्रमोद दिवाकर आदि मौजूद रहे।

होली से एक दिन पहले ही रोडवेज ने कमाए 10 लाख

काशीपुर। होली पर घर जाने वालों की बसों व ट्रेनों में खासी भीड़ देखने को मिली। यही वजह है कि रोजाना सात लाख के करीब कमाने वाले काशीपुर डिपो ने होली से एक दिन पहले ही दस लाख से अधिक रुपये की कमाई कर दी। डिपो के एआरएम अनिल कुमार सैनी ने बताया कि इस बार होली में निगम का राजस्व 10 लाख 60 हजार 211 रुपये रहा। साल 2023 में होली से एक दिन पहले आय नौ लाख 80 हजार थी। बताया कि 35 बसें निगम की खुद की है, जबकि 19 बसें अनुबंध पर चल रही है। दिल्ली रूट पर 16 बसें चलती है।

कैमरों से होगी बूथों की निगहबानी

संवाददाता, अल्मोड़ा

- अलग-अलग विधानसभाओं के 480 केंद्र किए चयनित
- समय से मिलेगी जानकारी समस्या का होगा समाधान

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। मतदान के दिन किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैले और मतदान प्रभावित न हो इसके लिए निर्वाचन विभाग ने जिले के 480 मतदान केंद्रों पर वेब कैमरों से नजर रखने का निर्णय लिया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए जिले में चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की गई हैं। मतदान के दौरान किसी भी बूथ पर किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था न हो और मतदान जरा भी प्रभावित न हो इसके लिए भी पूरे प्रयास किए गए हैं। तोमर ने बताया कि जिले में 480 ऐसे बूथों को चयनित किया गया है, जिनकी वेब कैमरे के जरिए निगहबानी की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन अधिकारियों समेत बूथ की गतिविधियों पर पूरी तरह नजर रखी जाएगी। इस व्यवस्था से जहां बूथों से विभिन्न प्रकार की जानकारियां समय से मिल सकेंगी। वहीं किसी प्रकार की समस्या के सामने आने पर उसका समाधान भी तत्काल किया जा सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस व्यवस्था के लिए कर्मचारियों को पूरी तरह प्रशिक्षण दिया गया है। बताया कि चिन्हित किए गए मतदान केंद्र जिले की सभी छह विधानसभाओं से लिए गए हैं।

राज्यपाल 30 से दो दिवसीय चम्पावत दौरे पर

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह 30 मार्च से चम्पावत के दौरे पर रहेंगे। दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल शनिवार को देहरादून से प्रस्थान कर 4.30 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम छमनिया हेलीपैड लोहाघाट पहुंचेंगे।

यहां से वह 4.35 बजे कार से प्रस्थान कर 4.40 बजे आइटीबीपी गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। 4.40 से 5.30 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। इसके बाद वह 5.30 बजे अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। रात्रि विश्राम आइटीबीपी गेस्ट हाउस में करेंगे। 31 मार्च रविवार को सुबह 9 बजे कार से प्रस्थान कर 9:30 बजे अद्वैत मायावती आश्रम पहुंचेंगे। यहां 9.30 से 11.30 बजे तक उनका समय आरक्षित रहेगा। इसके बाद 11.30 बजे प्रस्थान कर 12 बजे आइटीबीपी गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। जहां वह 12.15 से 12.45 तक आइटीबीपी जवानों के साथ बातचीत करेंगे। अपराह्न 12.55 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम छमनिया हेलीपैड से प्रस्थान कर अपराह्न 1.10 बजे रीठा-मीठा साहिब हेलीपैड चम्पावत पहुंचेंगे।

मौसम : तराई में 29 और 30 को हो सकती है बूंदाबांदी

- मौसम वैज्ञानिकों ने जताई संभावनाएं, पारा भी बढ़ेगा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : तराई के तापमान में इजाफा होने लगा है। इससे लोग गर्मी से झुलसने लगे हैं। राहत देने वाली बात यह है कि 28 को तराई में बादल छाए रहेंगे, 29 और 30 मार्च को हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

बुधवार को अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री के करीब रहा। पंतनगर विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ आरके सिंह ने बताया कि न्यूनतम तापमान 17 डिग्री के करीब रहा। बताया कि 28 मार्च की शाम को मौसम में बदलाव आने लगेगा। पहाड़ और तराई में बादल छाए रहेंगे। उन्होंने बताया कि 29 और 30 मार्च को बादल छाने के साथ ही हल्की बारिश पड़ेगी। हल्की बारिश से तापमान में भी कमी आएगी। इसके बाद तापमान में इजाफा होने लगेगा। बताया कि एक सप्ताह में ही तापमान 34 डिग्री के करीब तक पहुंच जाएगा। उन्होंने बताया कि तापमान बढ़ने के साथ ही आगामी दिनों में लू भी चलने लगेगी।

सबसे गर्म दिन रहा बुधवार

	अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
रविवार	-30	-13.0
सोमवार	-31	-12.4
मंगलवार	-31.3	-12.9
बुधवार	-31.5	-17

बीमारियों का खतरा भी बढ़ेगा

काशीपुर : आमतौर पर गर्म वातावरण में बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। खान पीन बेहतर नहीं होने पर पेट से संबंधित बीमारियां चपेट में ले सकती है।

पंखे चलाने शुरू किए

काशीपुर : गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों ने घरों में पंखें चलाने शुरू कर दिए हैं। जबकि कूलर व ऐसी की तैयारी शुरू कर दी है। इलेट्रॉनिक दुकानदारों की माने गर्मी के उपकरण दुकान पर उपलब्ध हैं।

साल भर में 200 किलो शहद बेच लेती हैं पुष्पा

- अपने रिश्तेदारों से शहद लेकर उसे मेलों और सरकारी कार्यक्रमों में स्टॉल लगाकर बेचती हैं
- वह 18 समूहों का नेतृत्व करती हैं और उनके उत्पादों को बेचने की जिम्मेदारी भी उनके कंधों पर है

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पुष्पा सम्मल साल भर में करीब 200 किलो शहद बेचती हैं। कई सालों से शहद बेचने के कारण लोगों के बीच वह शहद वाली आंटी व भाभी के रूप में चर्चित हो गई हैं।

पुष्पा सम्मल ने बताया कि वह खुद मधुमक्खी पालन नहीं करतीं, उनके रिश्तेदार हैड़ाखान, गौलापार, किच्छा आदि में शहद का उत्पादन करते हैं और वह उन्हीं से शहद खरीदकर बेचती हैं। वह 400 रुपये प्रति किलो शहद बेचती हैं। उन्होंने बताया कि मैदानी क्षेत्रों में ज्यादातर एपिस मेलिफेरा मधुमक्खी पाई जाती है, जिसका शहद कभी जमता नहीं है। वह बताती हैं कि शहद के कई औषधीय गुण होते हैं, जो अनगिनत बीमारियों के इलाज में उपयोगी माना जाता है। मुख्य रुप से लोग त्वचा में निखार लाने, पाचन ठीक रखने, इम्युनिटी पॉवर बढ़ाने, वजन कम करने आदि के लिए शहद का उपयोग करते हैं। इसके अलावा शहद में एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण भी होते हैं।

उत्थान मंच में पूर्व में लगे मेले में शहद व अन्य उत्पाद बेचतीं पुष्पा सम्मल।

> मेरा मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक तौर पर मजबूत बनाना है, जिससे उनके जीवन में बदलाव आ सके।
>
> – **पुष्पा सम्मल**, अध्यक्ष, जागरूकता सहायता समूह

पुष्पा सम्मल कई सालों से सफलतापूर्वक कारोबार करके महिलाओं को नई राह दिखा रही हैं। उनका जागरूकता स्वयं सहायता नाम से एक समूह है लेकिन इसके साथ ही वह अन्य 18 महिला समूहों का संचालन भी करती हैं, जिसमें सैकड़ों सदस्य हैं। इन समूहों की महिलाएं को रोजगार दिलाने और उनके बनाए उत्पादों को बाजार मुहैय्या कराने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर ही है। उन्होंने बताया कि कुछ महिला समूह नगर निगम की बैणी सेना में कार्य कर रही हैं, जबकि अन्य समूह सिलाई-कढ़ाई, एपण आर्ट, पहाड़ी बड़ी, मुंगोड़ी, चिप्स, पापड़ आदि बनाते हैं। साथ ही, कई समूह पहाड़ी क्षेत्रों से दालें, मडुआ, भाग के दाने आदि सामान लाकर बेचता है। उन्होंने बताया कि वह मेलों व सरकारी आयोजनों में स्ट्राल लगाती हैं और उनका ज्यादातर सामान यहीं बिक जाता है।

वह कहती हैं कि मेरा मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक तौर पर मजबूत बनाना है, जिससे उनके जीवन में बदलाव आ सके। वह कहती हैं कि आर्थिकी को मजबूत किए बिना महिलाएं तरक्की नहीं कर सकती हैं।

सांड से टकराई कार, गर्भ में पल रहे शिशु की मौत

- आठ माह का था गर्भ, प्रसव पीड़ा होने पर ले जा रहे थे अस्पताल

संवाददाता, खुटार (शाहजहांपुर)

अमृत विचार : खुटार के गांव औरंगाबाद का युवक प्रसव पीड़ा होने पर आठ माह की गर्भवती पत्नी को कार से पुवायां के अस्पताल ले जा रहा था। पुवायां के गांव गंगसरा में कार सांड से टकरा गई। हादसे में दंपती घायल हो गए। गर्भवती के पेट में पल रहे आठ माह के शिशु की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को पुवायां अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने शिशु की मौत की पुष्टि की। घटना से दंपती को गहरा सदमा पहुंचा है।

औरंगाबाद गांव निवासी परवेज की पत्नी सबीना आठ माह की गर्भवती थीं। उसका इलाज पुवायां से चल रहा था। बुधवार दोपहर बाद करीब पांच बजे सबीना के पेट में दर्द शुरू हो गया। परवेज कार से उसे लेकर पुवायां जा रहा था। वह गंगसरा में गोमती नदी के पुल पन्नघट के पास पहुंचे, अचानक सड़क पर सांड़ आ गया। कार उससे टकरा गई और कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार परवेज और उनकी पत्नी सबीना गंभीर घायल हो गए। आसपास मौजूद लोग पहुंच गए। जानकारी पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों ने परवेज और सबीना को पुवायां निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने घायल परवेज की मरहम पट्टी कर छुट्टी दे दी। सबीना के पेट में पल रहे बच्चे की स्थिति अल्ट्रासाउंड कर देखी जिसके बाद डॉक्टर ने शिशु की मौत की पुष्टि कर दी।

गूंजने वाली थी किलकारी ..., सदमे में परिजन

घटना से दंपती को गहरा सदमा पहुंचा है। जिस बच्चे के आने से घर के आंगन में किलकारी गूंजने वाली थी। उसके इस दुनिया में आए बिना ही चले जाने से परिवार वाले बहुत दुखी हैं।

नगर निगम ने 20 क्विंटल सूखे कूड़े का किया निस्तारण

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नगर निगम ने एक ट्रायल प्रोजेक्ट के तहत दो हजार किलो सूखे कूड़े का निस्तारण का दावा किया है। यदि यह ट्रायल सफल हुआ तो इसे आगे बढ़ाए जाने की बात भी कही जा रही है।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि पिछले डेढ़ महीने से तल्ली बमोरी, वार्ड-49 में डस्टबिन लेस सोसाइटी प्रोजेक्ट का ट्रायल चल रहा है, जिसमें उसे सफलता मिली है। इसके तहत बैणी सेना की 6 महिलाएं घर-घर जाकर लोगों को लगातार बढ़ रहे कचरे के दुष्परिणाम और उसे अलग अलग करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। अब तक वार्ड के करीब 80 फीसदी परिवार इस अभियान से जुड़ गए हैं और अपने घर से ही सूखे व गीले कूड़े को अलग करने लगे हैं।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि लोगों को घर से ही गीला और सूखा कूड़ा को अलग रखने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि गीले कूड़े में बचा हुआ खाना, फल-सब्जियों के छिलके, चाय पत्ती आदि और सूखे कूड़े में प्लास्टिक, कपड़े, जूते-चप्पल, कागज आदि आते हैं। उन्होंने बताया कि गीले और सूखे कूड़े को घरों से ही अलग अलग किया जाएगा तो इससे कचरे के जल्द निस्तारण में मदद मिलेगी।

उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट के तहत सूखे कूड़े को गो क्लीन गो ग्रीन एनजीओ की गाड़ी सप्ताह में दो दिन उठाकर रुद्रपुर की कंपनी को भेज रही है, जहां इससे दाना, प्लास्टिक की बोतलें, बाल्टियां, कुर्सियां आदि बनाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि गीले कूड़े को निगम की गाड़ियां प्रतिदिन उठाती हैं, जिसे फिलहाल गौलापुल के करीब बने ट्रंचिंग ग्राउंड में रखा जा रहा है। वहां एक सेंटर स्थापित करके बाद में इसे भी पृथक किया जाएगा, जिससे खाद आदि बनाए जाने की योजना है।

ट्रायल

- वार्ड-49 में चल रहा डस्टबिन लेस सोसाइटी का ट्रायल
- सूखे कूड़े से कंपनी प्लास्टिक की बोतलें, बाल्टियां, कुर्सियां आदि बना रही हैं

> वार्ड-49 में ट्रायल के तौर पर इस प्रोजेक्ट को किया गया, जो कि सफल रहा है। अब इसे अन्य वार्डों में भी चलाने की योजना है।
>
> – **डॉ. मनोज कांडपाल**, प्रमुख स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम

> बैणी सेना के सदस्यों ने सोसाइटी के लोगों से गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करने की अपील की। यह अच्छा प्रयास है, इसे आगे बढ़ाया जाना चाहिए।
>
> – **पीतांबर अंडोला, निवासी, श्याम विहार, वार्ड-49**

मल्लखंभ के लिए चुने गए नोजगे के बच्चे

खटीमा से राष्ट्रीय मलखंभ प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों के साथ स्कूल प्रबंधन।

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : नोजगे पब्लिक स्कूल हैप्पी की नोजगे मल्लखंभ व्यायामशाला के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय मल्लखंभ प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

मल्लखंभ फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से सब जूनियर राष्ट्रीय मलखंभ प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा में 29 मार्च से 31 मार्च तक किया जाना है, जिसमें नोजगे से तमन्ना सक्सेना, तमन्ना सिंह, वैष्णवी, दिव्यांशी, काव्या, अलीशा एवं राहुल का चयन उत्तराखंड टीम के लिए हुआ है।

बच्चों को प्रबंध निदेशिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य आरिज अल्वी, मलखंभ प्रशिक्षक रमेश ओली, एचसी पंत, आरपी पंत, वीरेंद्र सिंह, मधुमिता मुखर्जी, रश्मि पहवा, मंजू भट्ट, मोनिका चंद, मीनल भट्ट, भूपेंद्र सिंह सौन आदि ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

6,790 सीटों के लिए 36,778 ने किया आवेदन

लखनऊ, अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में संचालित 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं में दाखिले के लिए गुरुवार को परीक्षा होगी। दाखिले के लिए 6790 सीटों के सापेक्ष 36778 आवेदन आए हैं। अप्रैल से शुरू होने वाले जौनपुर के दो और अयोध्या के एक विद्यालय के लिए भी परीक्षा होगी।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं और इसमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि कक्षा छह, सात, आठ, नौ और 11वीं में रिक्त सीटों के लिए दाखिला परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए आश्रम पद्धति विद्यालय में भी कक्षा छह, सात और आठ में दाखिले के लिए परीक्षा होगी। सबसे अधिक आवेदन कक्षा छह के लिए आए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय के हिसाब से 70 बच्चों का दाखिला भी होगा।

एहसास | चित्रशिला घाट पर मृतकों के परिजनों को निशुल्क बांटे जा रहे पौधे

पौधों के माध्यम से संजोईं जा रही हैं अपनों की यादें

- पांच साल में रेनूका एस लाल बांट चुकी हैं 4 हजार पौधे

कुंदन बिष्ट, हल्द्वानी

अमृत विचार : चित्रशिला घाट में अपनों का अंतिम संस्कार कर लौटने वाले दुखी परिजन घाट से पौधे लेकर घरों में लगाकर उनकी यादों को संजो रहे हैं। यह पौधे परिजनों को खोने वाले की याद के साथ ही अपने पास होने का एहसास भी दिला रहे हैं।

आश्रय सेवा समिति वृद्धा आश्रम परिवार चौपला पंचक्की में काम करने वाली रेनूका एस लाल पिछले पांच साल से चित्रशिला घाट में मृतकों के परिजनों को निशुल्क पौधों का वितरण कर रहीं हैं। रेनूका का कहना है कि वह पौधों के माध्यम से दुखी परिजनों को उनके अपने को उनके पास होने का एहसाल दिलाने के लिए पौधों का वितरण कर रही है। इससे जहां पौधे लगाकर दुखी परिजन अपनों की यांदे संजो सकेंगे वहीं पर्यावरण का संरक्षण भी हो सकेगा। रेनूका ने बताया कि वह आंवला, अमरूद, तेज पत्ता, जामून, बेलपत्री के पौधों का वितरण करती हैं। वह यह पौधे भुजिया घाट नर्सरी से रियायत दरों पर लाती हैं।

उन्हें एक पौधा 15 से 20 रुपए का पड़ता है। उन्होंने बताया कि आश्रय सेवा समिति इन पौधों का क्रय करती है और निशुल्क वितरण कराती है। बताया कि वह पौधों के लिए कोई शुल्क नहीं लेती, लेकिन जो लोग स्वेच्छा से वृद्ध आश्रम के लिए दान देना चाहते हैं वह ले लेती हैं। रेनूका ने बताया कि वह सप्ताह में पांच दिन घाट पर पौधों का वितरण करती हैं रविवार को छुट्टी होने पर घाट के कर्मचारियों को पौधे देकर जाती हैं, ताकि रविवार को आने वाले लोगों को भी पौधों का वितरण हो सके। वह अब तक 4 हजार पौधों का वितरण कर चुकी है।

मृतकों के परिजनों को निशुल्क पौधों का वितरण करने वाली रेनूका एस लाल।

घाट में बैठने के लिए मांगी जगह

हल्द्वानी : रेनूका ने बताया कि घाट में उनके बैठने के लिए जगह नहीं होने से बारिश में उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रेनूका ने बताया कि वृद्धा आश्रम द्वारा निगम को पत्र लिखकर घाट में ही एक स्थान देने की मांग की गई है। लेकिन अभी तक कोई व्यवस्था नहीं हो सकी है।

पौधों की स्थिति के बारे में भी लगातार लेती हैं अपडेट

हल्द्वानी : रेनूका ने बताया कि वह जब दुखी परिजनों को पौधे देती हैं तो उनका फोन नंबर भी लेती हैं। इसके बाद वह लगातार पौधे ले जाने वाले लोगों से पौधों की अपडेट लेती रहती हैं कि कहीं पौधा सूखा तो नहीं, यदि पौधा सूख जाता है तो वह उन्हें दोबारा पौधा ले जाने का अनुरोध करती हैं।

नई पौध और संरक्षण नहीं होने से विलुप्ति की कगार पर बेड़ू

- वन अनुसंधान केंद्र बेड़ू के पौध तैयार कर इसे बचाने का कर रहा प्रयास
- बेड़ू की प्रजाति वन्यजीव के लिए भी अच्छी साबित होती है

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कुमाऊं रेजिमेंट की बैंड की धुन पर सुने जाने वाला बेड़ू विलुप्ति की कगार पर पहुंच गया है। इसका कारण पहाड़ों से हो रहे लगातार पलायन और बेड़ू की नई पौध और उसका संरक्षण नहीं होना बताया जा रहा है।

बेड़ू न केवल एक फल है, बल्कि इसकी कई औषधीय खुबियां भी है। पर्वतीय क्षेत्र में उगने वाले बेड़ू, तिमला और गुलर फाइकस प्रजाति के पेड़ हैं। जो ऑक्सीजन छोड़ते हैं और कार्बनडाई ऑक्साइड अवशोषित करते हैं, यही नहीं इन पेड़ों के फलों का औषधीय महत्व भी है। बेड़ू पेट संबंधित रोगों को भी नियंत्रित करता है। बेड़ू की प्रजाति वन्यजीव के लिए भी अच्छी साबित होती है। वन अनुसंधान केंद्र हल्द्वानी के रेंज अधिकारी मदन बिष्ट बताते हैं कि पहाड़ों में धीरे-धीरे बेड़ू के पेड़ कम होते जा रहे हैं। बेड़ू, तिमला व गुलर जैसी प्रजाति के पेड़ प्रकृति, जैव विविधताओं को बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इन पेड़ों का संरक्षण जरूरी है। बिष्ट ने बताया कि पहाड़ों में बेड़ू के पेड़ कम होने का एक कारण लगातार पहाड़ों से हो रहा पलायन भी है। उन्होंने बताया कि वन अनुसंधान केंद्र की नर्सरी में बेड़ू के पौध तैयार किए जा रहे हैं।


बेड़ू का पेड़। ● अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अतितृष्णा न कर्तव्या तृष्णां नैव परित्यजेत् ।
शनै : शनैश्च भोक्तव्यं स्वयं वित्तमुपार्जितम् ॥

अधिक इच्छाएं नहीं करनी चाहिए पर इच्छाओं का सर्वथा त्याग भी नहीं करना चाहिए। अपने कमाए हुए धन का धीरे-धीरे उपभोग करना चाहिए॥

संपादकीय

सतर्क रहने की जरूरत

पूरी दुनिया में आतंकवाद का खतरा मंडरा रहा है। आतंकवाद सबसे बड़ी समस्या और चुनौती बना हुआ है। 22 मार्च को मॉस्को के बाहरी इलाके में स्थित क्रोकस सिटी हॉल पर हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 137 लोग मारे गए। वैश्विक स्तर पर खौफनाक आतंकी संगठन माने जाने वाले इस्लामिक स्टेट खुरासान ने रूस में की गई गोलीबारी की जिम्मेदारी ली। यह संगठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी घोषित किए गए गुट 'इस्लामिक स्टेट' का ही अंग है। इस चरमपंथी संगठन को 'आईएसके' कहा जाता है जो इस्लामिक स्टेट खुरासान का संक्षिप्त रूप है। इसका पूरा ध्यान अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान पर केंद्रित है। खुरासान एक समय फारसी साम्राज्य का हिस्सा हुआ करता था, जो अब ईरान, अफगानिस्तान और मध्य एशियाई मुल्कों में विभाजित है। इसी खुरासान के हवाले से आइसिस से संबद्ध रहा आतंकी संगठन 'आईएसआईएस-के' का जन्म हुआ। सीरिया युद्ध के समय दुनिया को बताया गया कि इनका सफाया किया जा चुका है। मगर, यह एक धोखा था। ये ऐसे आतंकी हैं, जो पाकिस्तान-अफगानिस्तान, सेंट्रल एशिया और दुनिया के विभन्न देशों में पैर पसार चुके हैं। विभिन्न सरकारें और एजेंसियां इनका दुरुपयोग करने में लगी हैं। ऐसे में क्या भारत को आइसिस-खुरासान से सतर्क रहने की जरूरत नहीं है। मास्को में हुए आतंकी हमले से भारत को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। आईएस से निपटने के लिए विभिन्न देशों को उन भू-राजनीतिक स्थितियों पर ध्यान देने की जरूरत है जो आईएस को फिर से संगठित होने में मदद कर रही हैं। जब तक तालिबान विविध आबादी वाले कट्टरपंथी अफगानिस्तान पर अपना एकमात्र पश्तूनों वाला शासन जारी रखेगा और पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में अस्थिरता, युद्ध एवं अराजकता का माहौल बना रहेगा, तब तक आईएस जैसे समूह फलने-फूलने और हमले करने के रास्ते ढूंढते रहेंगे।

आतंकवाद को समाप्त करने के लिए वैश्विक स्तर पर ठोस व साझा प्रयास करने की जरूरत है। इसमें आतंकी वित्तपोषण और इससे संबद्ध चुनौतियों के चलते हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि आतंकवादियों का समर्थन करने वाले देशों को जवाबदेह ठहराया जाए और इस समस्या से संगठित तरीके से निपटा जाए। आतंकवाद को वैश्विक घटना मानने के बावजूद आतंकवाद की अंतर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकृत परिभाषा देने के लिए पूर्व में किए प्रयास बेकार साबित हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर आतंकवाद की चुनौती को परास्त करना चाहिए। आतंकवाद की एक सार्वभौमिक परिभाषा को स्वीकार करना और आतंकवाद के प्रायोजक राष्ट्रों पर वैश्विक प्रतिबंध लगाना शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

गणतंत्र में लोकतंत्र, प्रजातंत्र और जनतंत्र

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

भारत में दुर्भाग्य से पश्चिमी समझ की जिस डेमोक्रेसी को स्वीकार किया गया है,उसमें लोकविमुखता का खोट है। अधिकांश लोग सामंतवाद के वायरस से अभी भी मुक्त नहीं हैं। आजकल के मंत्री ही राजा,जमींदार या नवाब हैं। निर्वाचक जनता उनकी ड्योढ़ियों पर नाक रगड़ती है। तब वे जन दर्शन देते हैं। जनतंत्र के पुरोधा तंत्र का हिस्सा हो गए हैं।

भारत में पश्चिमी नस्ल की डेमोक्रेसी के संवैधानिक अंतरण के बाद हिंदी में कई तरह के अनुवाद इस्तेमाल होते हैं। दरअसल डेमोक्रेसी शब्द का चरित्र परत दर परत व्यावहारिक होता है। विदेशी विचारों के आयात का यह भी एक तिलिस्म है कि दरअसल भारत के लोग समझ ही नहीं पा रहे हैं कि उनके लिए जम्हूरियत का असली अमल क्या है? डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सबसे पहले जवाहरलाल नेहरू को टोका था कि उनके संविधान के मकसद वाले भाषण में डेमोक्रेसी शब्द का उल्लेख नहीं होकर भारत में रिपब्लिक अर्थात् गणतंत्र की स्थापना करना कहा गया था।

गणतंत्र और डेमोक्रेसी में साफ-साफ फर्क है। नेहरू ने शायद पुरानी यूनानी सभ्यता के छोटे-छोटे रिपब्लिक को ध्यान में रखकर उसका भारत के भविष्य प्रशासन के लिए सायास उल्लेख किया होगा। अंबेडकर और नेहरू की पश्चिमी दृष्टियों में कई समानताएं होने के बाद भी बहुत बारीक अंतर भी रहे हैं। संविधान के पंडित अपनी व्याख्या में इस दृष्टि भेद का फलक विस्तृत करने उस स्पेस में नहीं जाना चाहते। इससे कई तरह के सवाल उठते हैं। इसमें संदेह नहीं कि किसी भी अन्य नेता के मुकाबले गांधी भारत में ग्रामीण गणतंत्र की स्थापना के पक्ष में थे। वह एक तरह से यूनानी प्रकारांतर से समझा जा सकता है। हकीकत ऐसी नहीं थी। भारत में पंचायत को राज्यतंत्र की बुनियादी इकाई के रूप में अमल में किया गया है। उसकी बैठकें पूरे ग्राम समाज के सामने होने से उसका जनसमर्थन के संदेह की कोई गुंजाइश नहीं थी।

गांधी साहित्य में डेमोक्रेसी का हिंदी अर्थ प्रजातंत्र लिखा गया है। गांधी भारत के इतिहास में सामंती शासन की प्रजा के अधिकारों और समझ को लेकर सूक्ष्म जानकारियों से लैस थे। उन्होंने कई बार रेखांकित किया है कि बहुत निचले स्तर पर भी यदि जनता में एका हो तो राजा की आज्ञा को चुस्त-दुरुस्त किया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने असहयोग और सिविल नाफरमानी जैसे नए राजनीतिक अहिंसक हथकंडे सुझाए थे। सामंती शासक के खिलाफ,नफरत, विद्रोह या सामाजिक क्रोध को गांधी ने उकसाने की कोशिश नहीं की थी। इसलिए प्रजातंत्र शब्द में सामंतशाही का

भग्नावशेष शामिल शरीक होता है। अन्य संविधान निर्माताओं के खिलाफ जाकर अंबेडकर ने पंचायत आधारित शासन प्रणाली को खारिज कर दिया। उन्होंने व्यक्ति अर्थात् निर्वाचक मतदाता को राज्यतंत्र खड़ा करने का बुनियादी आधार बनाया। यही कारण है बाद में मतदाता के वोट के आधार पर पंचायतें और नगर पालिका संस्थाओं से लेकर विधान सभाओं और संसद के लिए निर्वाचन हो रहे हैं। निर्वाचकों के ये प्रतिनिधि कम से कम पांच वर्ष के लिए सत्ता के केंद्र बन ही जाते हैं।

नए व्याकरणशास्त्री इसे जनतंत्र शब्द से संबोधित करते हैं। लगभग 130 करोड़ की आबादी के देश में कोई 50 प्रतिशत मतदाता हैं। बौद्धिक फरेब में यह माना जाता है कि उनकी ही हुकूमत चल रही है। ऐसी हुकूमतशाही में सामूहिकता नहीं होती। वह व्यक्तिवादी हो जाती है। उसे बमुश्किल कुछ सौ सदस्य संसद में और कुछ हजार विधायक विधान सभाओं में चलाते हैं। संविधान में अंग्रेजी के ज्ञानशास्त्र से सीधा उधार लेकर सामूहिक निर्णय की जिम्मेदारी और अधिकार मंत्रि परिषद के लिए कायम हुआ है। संविधान से इतर कई परंपराओं ने संविधान की समझ की काठी को कस दिया है। इसलिए देश और प्रदेश सामूहिक जिम्मेदारी के बदले प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों के निर्देशों, विवेक और व्यक्तित्व के आधार पर चलते हैं। सामूहिकता का ढोंग पालते जरूर हैं। इस तरह पश्चिम समझ की बराबरी के लोगों में प्रथम के आधार पर समझे जाने वाले प्रधानमंत्री के बदले बराबरी रहित और व्यक्ति पूजा के केन्द्र प्रधानमंत्री में डेमोक्रेसी निहित हो गई है। डेमोक्रेसी का सही अनुवाद तो लोकतंत्र है अर्थात् होना चाहिए। लोक एक अद्भुत शब्द है। उसमें सब कुछ समाहित है। गैरमतदाता, बच्चे, मुफलिस, निरक्षर,संक्रामक बीमारियों से पीड़ित, भिखारी, मानसिक व्याधियों के शिकार,संन्यासी,गुमशुदा लोग, अनाथ और हर तरह के वंचित भी लोक का प्रामाणिक हिस्सा होते हैं। वे प्रतिनिधि नहीं चुनते, लेकिन चुने हुए प्रतिनिधि उनके लिए भी होते हैं। लोक ही सत्ता का लिहाफ होता है। निर्वाचित जनप्रतिनिधि लोक के प्रति लगातार उत्तरदायी होने की समझ विकसित कर सकते हैं।

भारत में दुर्भाग्य से पश्चिमी समझ की जिस डेमोक्रेसी को स्वीकार किया गया है,उसमें लोकविमुखता का खोट है। अधिकांश लोग सामंतवाद के वायरस से अभी भी मुक्त नहीं हैं। आजकल के मंत्री ही राजा,जमींदार या नवाब हैं। निर्वाचक जनता उनकी ड्योढ़ियों पर नाक रगड़ती है। तब वे जनदर्शन देते हैं। जनतंत्र के पुरोधा तंत्र का हिस्सा हो गए हैं। उन्हें जनवादिता का अर्थ ही समझ नहीं आता। वे वोट देने वाले निर्वाचक मतदाता को निरर्थक या शासक देह की केंचुल से ज्यादा कुछ नहीं समझते। देश की राजनीति बहुत से कूढ़मगज, एकांगी और आधी अधूरी समझ के नेताओं और नौकरशाहों के हवाले है। आजादी के इतिहास, देशज सांस्कृतिक परंपराओं,लोक जीवन की विविधताओं,पुश्तैनी समझ के समाज के आत्मिक प्रयोगों और अनुभवों की सांस्कारिता वगैरह को लेकर शासन की केंद्रीय एजेंसियों को कुछ अता-पता नहीं है। इसलिए सत्ता और शासित के अलग-अलग लोक बन गए हैं। पहले भी किले,उनकी प्राचीर और उनके अलग उपनिवेशों में रहते लोग जनता के लिए दर्शनीय वस्तुएं होते थे। आज भी वही हैं। मंत्रियों की कोठियों के अतिरिक्त अब उद्योगपतियों की हवेलियां भी उग गई हैं। वहां हुकूमत का तिलिस्म और तिलिस्म की हुकूमत की दिन-रात की आंखमिचौली होती है। तथाकथित हम भारत के लोग हैं,जो अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी अर्थ बूझने में सिर फुटौव्वल कर रहे हैं। संविधान बनाने में भाषिक गलतियां हुई हैं। समझाया गया था राज्यतंत्र का ताला होगा जिसे जनता की कुंजी द्वारा ही खोला और बंद किया जा सकेगा। हकीकत इसके उलट है। जनता के विवेक के ताले को पांच बरस के लिए सत्ता की कुंजी से बंद कर दिया जाता है। दार्शनिक परिकल्पना यह है कि सत्ता की सरिता जन उद्गम से लेकर जनकल्याण के विशाल महासागर तक जाती है। राजनीतिक मौसम की बेरुखी के कारण नदी का प्रवाह केवल चुनाव के वायदों की बरसात में जन आप्लावित होता है। बाद में सत्ता की सरिता जनदृष्टि में सूखती चली जाती है। वह जन निस्तार के लिए उपलब्ध नहीं होती। शब्दों की गफलत से जनाधिकारों को किस तरह वंचित और निरर्थक बनाया जा सकता है,भारत उसका एक उदाहरण है।

संविधान बनाने में भाषिक गलतियां हुई हैं। समझाया गया था राज्य तंत्र का ताला होगा जिसे जनता की कुंजी द्वारा ही खोला और बंद किया जा सकेगा। हकीकत इसके उलट है। जनता के विवेक के ताले को पांच बरस के लिए सत्ता की कुंजी से बंद कर दिया जाता है। दार्शनिक परिकल्पना यह है कि सत्ता की सरिता जन उद्गम से लेकर जनकल्याण के विशाल महासागर तक जाती है। राजनीतिक मौसम की बेरुखी के कारण नदी का प्रवाह केवल चुनाव के वायदों की बरसात में जन आप्लावित होता है। बाद में सत्ता की सरिता जनदृष्टि में सूखती चली जाती है। वह जन निस्तार के लिए उपलब्ध नहीं होती। शब्दों की गफलत से जनाधिकारों को किस तरह वंचित और निरर्थक बनाया जा सकता है,भारत उसका एक उदाहरण है।

प्रसंगवश

समाचार की नई परिभाषा

यह केवल देशद्रोह ही नहीं,संपूर्ण मानवता के विरुद्ध दुरभिसंधि और अपराध है कि समाचारों का मुक्त प्रवाह प्रयत्नपूर्वक अवरुद्ध कर दिया गया अथवा उसे विकृत कर दिया गया।

मैं मीडिया की क्लास लेता था। प्रारंभ में ही विद्यार्थियों से पूछा करता था-प्रतिक्षण कोटि-कोटि घटनाएं घट रही हैं,गांव और गली से लेकर राजधानी तक, देश और विदेशों तक। अब विचार करके बतलाओ कि इनमें से कौन सी घटना समाचार बन सकती है? फिर अपनी बात समझाता कि इन कोटि-कोटि घटनाओं में से जो भी घटना व्यक्ति,समाज और विश्व के लिए जीवन का कोई संदेश दे सके बस,वही घटना हमें संकलित करनी है और उसे संदेश का रूप देना है,किंतु आज विभिन्न चैनलों को देख रहा हूं। समाचार की परिभाषा ही बदल गई है। कल तक हम लोग अपनी-अपनी कक्षाओं में बतलाया करते थे कि समाचार एक संदेश होता है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

वह परिभाषा अब आउट ऑफ डेट हो गई है। आज की नई परिभाषा है कि 'समाचार एक सौदा होता है,इस हाथ दे और उस हाथ ले।' अब पत्रकारिता या मीडिया लोकतंत्र का खंभा नहीं रहा,अब वह मीडिया घरानों के स्वार्थ के लिए लोकतंत्र की बुनियाद को हिलाने के लिए विस्फोटक बन चुका है। समष्टि हित के विरुद्ध व्यष्टिहित का साधक। सर्वथा अविश्वसनीय, लेकिन यह शुरुआत तो ग्लोबलाइजेशन के मुखौटे में हुई थी। उस समय सूचना क्रांति के नाम से यहां हरियाणा साहित्य अकादमी के सेमिनार में मैंने कहा था कि यदि इस पर सामाजिक नियमन नहीं हो सका तो यह मीडिया देशद्रोह की सीमा तक जा सकता है।

यह केवल देशद्रोह ही नहीं,संपूर्ण मानवता के विरुद्ध दुरभिसंधि और अपराध है कि समाचारों का मुक्त प्रवाह प्रयत्नपूर्वक अवरुद्ध कर दिया गया अथवा उसे विकृत कर दिया गया।

घोषणा पत्र में शामिल करें पर्यावरण के मुद्दे

डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को हल्के में न लेते हुए उसके स्थाई निदान के लिए चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी निरंतर संवाद और प्रयास करते रहें।

लोकसभा चुनाव-2024 की तारीखें घोषित हो चुकी है। इसी संदर्भ में सभी राजनैतिक पार्टियां जीत दिलाने वाले प्रत्याशियों के चयन के साथ ही उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनावी सभाओं,रैलियों,मीटिंगों को आयोजित करने की तैयारी में व्यस्त हैं। राजनैतिक पार्टियों द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लोकलुभावन वादों का सहारा लेने से भी कोई परहेज नहीं है।

सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र को आकर्षक,मतदाता हितैषी, गरीब हितैषी,विकासोन्मुखी बनाने के प्रयास हो रहे हैं। स्थान विशेष/राज्य विशेष के मतदाताओं से जुड़े मुद्दों को,समस्याओं को भी चुनावी घोषणापत्र में जगह देने पर विचार चल रहा है। इतना ही नहीं लगभग सभी पार्टियां देश से गरीबी हटाने,महंगाई को कम करने,भ्रष्टाचार को खत्म करने,रोजगार उपलब्ध कराने,सरकारी नौकरियों में इजाफा करने के साथ,रिक्त पदों को भरने की चर्चा पूर्व चुनावों के प्रचार में करती आई है।

हमेशा की तरह इस बार भी चुनावी घोषणा पत्र में और प्रचार के दौरान गरीबों के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाओं के साथ जल कर, बिजली कर, माफ करने का जिक्र हो सकता है, किसानों के ऋणों को माफ करने को स्थान मिला सकता है,कुछ चीजों पर सब्सिडी की भी बात हो सकती है,गैस-पैट्रोल आदि के दाम भी चुनाव के कारण कम होते दिखाई दे रहे हैं,किंतु पर्यावरण विषय प्रचार माध्यमों से लगभग नदारद दिखाई दे रहा है,आगे भी शायद दिखाई दे तो कोई आश्चर्य नहीं। वो भी तब जब चुनाव ग्रीष्म ऋतु में हो रहे हैं और इस ऋतु की शुरुआत में ही कई छोटे-बड़े शहर पानी की किल्लत से जूझते नजर आ रहे हैं। नदी,जलाशय,भूमिगत जलस्रोत दम तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। जनता नलों से जल आपूर्ति के स्थान पर टैंकरों से जल आपूर्ति पर निर्भर रहने के लिए मजबूर है तथा शुद्ध पेयजल के लिए पानी की केन/बोतल आदि पर निर्भरता बढ़ सकती है। किसानों को पराली जलाकर नई फसल के लिए खेतों की जमीन तैयार करने के अलावा कोई रास्ता भी नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय स्तर पर कचरे का चोरी छुपे जलाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। नदी,जलाशय आदि जल स्रोतों में कभी जनता द्वारा,कभी उद्योगों आदि द्वारा दूषित जल को छोड़ने की आदत में सुधार होता दिखाई नहीं दे रहा है। न ही जनता पानी के उपयोग के संदर्भ में मितव्ययिता का पाठ पढ़ने को तैयार है।

विकास के नाम पर पेड़-पौधे का कटना भी जारी है। चोरी-छिपे जंगलों से पेड़ों का कटना भी रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इतना ही नहीं खाद्य पदार्थों का दूषित या मिलावटी रुप में बजारों में बिकना भी जारी है। कुल मिलाकर जो शुद्ध हवा,पानी, भूमि, वातावरण, खाद्य पदार्थ मतदाता और उनके परिवारों को जिंदा रखते हैं,स्वस्थ रखते हैं,उम्र में वृद्धि करते हैं,विभिन्न आवश्यक वस्तुओं को उपलब्ध कराते हैं,उन्ही की चर्चा चुनाव प्रचार से गायब दिखाई दे रही है। कोई भी प्रत्याशी और पार्टी पर्यावरण सुधार हेतु,प्रदूषण मुक्त शुद्ध प्राणवायु, जल, जमीन, उर्वरक, कृषि भूमि तथा खाद्य पदार्थों के लिए, खिसकते पहाड़ों के लिए, सिकुड़ते जंगल और कृषि भूमि के लिए,दम तोड़ती नदियों,सिमटते तालाबों-जलाशयों के लिए,साथ छोड़ते या यूं कहें और गहराई में उतरते भू-जल के लिए लोकसभा चुनाव 2024 में पर्यावरण आवाज बनेगा? क्या कोई प्रत्याशियों को,राजनीतिक पार्टियों को पर्यावरणीय समस्याओं के निदान के लिए रोडमैप के साथ,कारगर योजनाओं के साथ मतदाताओं के सामने जाने के लिए प्रेरित करने का साहस करेगा?

वस्तुतः इस लोकसभा चुनाव में पर्यावरण के मुद्दों को उठाना सही नजर आता है,क्योंकि हाल ही में स्विस संस्था द्वारा जारी विश्व के देशों की वायु प्रदूषण की रिपोर्ट ने सभी देशवासियों (भारतीयों) की चिंता बढ़ाई है। वहीं बैंगलोर में जल समस्या से निपटने के लिए दूसरे प्रदेशों के कर्मचारियों से घर से काम लेने के अनुरोध की चर्चा ने देश में गहराती पेयजल समस्या की ओर सभी छोटे-बड़े शहरों का ध्यान आकर्षित किया है।

अतः पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को हल्के में न लेते हुए उसके स्थाई निदान के लिए चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी निरंतर संवाद और प्रयास करते रहें। मतदाता और देश की जनता पर्यावरण विषय को चुनावी प्रचार में,चुनावी घोषणापत्र में प्रमुखता से जगह दिलाने में सफल हो जाते हैं तो भविष्य में इस समस्या का समाधान सुनिश्चित है।

सोशल फोरम

वोटों का खेल

मर्लिन मुनरो की कई मूर्तियां विदेशों में जगह-जगह लगी हुई हैं,जो अगर भारत मे लग जाएं तो हमारी संस्कृति खतरे में पड़ जाएगी। इसे हम पश्चिम की नकल करार दे इसकी भर्त्सना करेंगे,लेकिन क्या ये बात हैरान करने के साथ तकलीफ देने वाली नहीं है कि हर गली,मोहल्लों, कस्बों,शहरों के चौक-चौराहों पर धर्म स्थल बना अपनी संस्कृति बचाने का दिखावा करने वाले लोग दरअसल दुनिया में सबसे ज्यादा पोर्न देखने वाले लोग हैं।

1100 साल पूर्व चंदेल वंश के लोगों ने खजुराहो की मूर्तियां बनाई। देखा जाए तो उस समय के पश्चिम के मुकाबले हमारे पूर्वज बहुत खुले विचारों के रहे होंगे। अब सवाल है कि आखिर इतने खुले विचारों वाले लोग यहां तक कैसे पहुंच गए? शायद एक सोची समझी नीति के तहत खुली हुई विचारधारा की भारतीय संस्कृति पर इसके अतीत को लाद दिया गया और हमारा अतीत हम पर इतना भारी पड़ गया कि हम आजतक इससे पीछा नहीं छुड़ा पा रहे हैं। अब हाल ये है कि हम जो दिखते हैं,वो है नहीं और हम जो नहीं हैं,वही हम दिखते हैं। अपने संस्कृति प्रधान देश की हकीकत ये है कि इस देश में हर 15 मिनट में एक स्त्री के साथ बलात्कार होता है और छेड़छाड़ की घटनाएं तो इससे कहीं ज्यादा हैं। इसमे भी अधिकतर बलात्कार उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में होते हैं,जहां संस्कृति बचाने का दावा सबसे ज्यादा किया जाता है।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

बहरहाल मेरे एक मित्र का मानना है कि जिस दिन विदेशों जैसी मूर्तियां बनाने से वोट मिलने लग जाएंगे उस दिन विदेशी भी हमारी मूर्तियां देख शर्मा जाएंगे। आखिर हम वात्स्यायन के देश के लोग हैं। अपना हुनर भूले नही हैं। जरूरत पड़े तो हम इरोटिक में भी विश्व गुरु बनकर दिखा सकते हैं। फिलहाल तो जरूरत वोटों की है। खेल वोटों का है।

-फेसबुक वॉल से

हमने एक दुनिया को मोबाइल में सिमटते देखा है

हफीज किदवई
लेखक

यह बदलाव जो हमने देखे हैं,देख रहे हैं और देखेंगे भी, वह हैं हमारी दास्तान। हम जिस दास्तान के तुर्रम खां बनते हैं,उस घूमती हुई दास्तान के एक हिस्सा भर हैं।

हमें लगता है धरती की सबसे किस्मत वाली जेनरेशन रहे हैं हम या फिर हम सबसे बड़े बदलावों को देखने वाले लोग हैं। हमने गांव में बिना लाइट के लालटेन और लैंप देखे,खाना पकाने को चूल्हे और अंगीठी देखी। पेट्रोमैक्स और स्टोव देखा। हीटर और गैस चूल्हा देखा। टेलीफोन देखा,पेजर देखा,मोबाइल की हर किस्म देखी। रेडियो सुना,पॉडकोस्ट सुने। बड़ी और मोटी-मोटी फिल्म के कैसेट देखी,वीसीआर देखा,पर्दा और प्रोजेक्टर देखा। सिंगल स्क्रीन सिनेमा से मल्टीस्क्रीन सिनेमाहॉल देखे। 7 डी फिल्में देखी। खेत से आए घर में उबले भुट्टे खाए,तो अमेरिकन भुट्टे भी देख लिए। ज्वार को खुद भुनवाया तो दुनिया का हर तरह का कॉर्न देख और खा लिया। पिसा कोयला,दातून,चूल्हे की पकी मिट्टी, गुल,हुक्के की राख,कोलगेट पाउडर,लालदंत मंजन और फिर तरह-तरह के टूथपेस्ट इस्तेमाल किए।

हम वह लोग हैं,जिन्होंने मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बने देखा। अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति बने देखा। सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला की चाल देखी। मदर टेरेसा, दलाई लामा, क्वीन एलिजाबेथ, सद्दाम हुसैन, यासर अराफात, जनरल गद्दाफी समेत दुनिया के तमाम टॉप लीडर देखे। अपने यहां सोमनाथ चटर्जी, मुलायम, लालू, काशीराम, शरद, करुणानिधि, बाल ठाकरे, मौलाना अली मियां, कल्बे सादिक तो न जाने कितने ही तरह के इतिहास बनाते लोग देखे। अमेरिका में दोनों तरह के बुश और लादेन के चैप्टर को देखा। हमने दुनिया को करवट लेते देखा है। तरक्की की तरफ बढ़ती अपनी मिट्टी को,धर्म के दलदल में फंसते देख रहे हैं। दुनिया को टेक्नोलॉजी में चैलेंज देने वाली अपनी पीढ़ी को नारे लगाकर भीड़ बनते देखा है। हमने दुनिया का नक्शा बनते बिगड़ते देखा है। हमने लता मंगेशकर, कपिल देव, इमरान खान, सचिन तेंदुलकर, पेले, मैराडोना, शारापोवा, विश्वनाथन आंनद, पंकज आडवाणी, हुसैन बोल्ट, जिदान, दिलीप कुमार, शाहरुख खान, हेलन, आशा पारिख, ऋषि कपूर,वहीदा रहमान,सलमान,आमिर, दिव्या भारती,श्री देवी,ऐश्वर्या को भी देखा है। हमारे सामने हैरी पॉटर आकर हिट हुई। हमने ही सुपर हीरो को बनते देखा है।

हम दुनिया की वह जेनरेशन है जिसने सिल बट्टे पर पिसी चटनी और मैकडोनाल्ड के पिज्जा,दोनों खाए हैं। हमें दोनों पसंद हैं। हमने तराने की तरह गा-गाकर पहाड़े याद किए हैं और अब हिसाब को चुटकियों में करने के लिए एआई का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। हमने तख्ती और खड़िया इस्तेमाल की है और फिर बोलकर आईपैड पर लिखा भी है। हमने कोडैक के कैमरारोल और रील का धुलना देखा है, फिर डिजिटल कैमरे, डीएसएल आर के साथ अपने हाथ में बेहतरीन कैमरे देखे हैं। हमने बैंक में तांबे का टोकन लेकर पैसे भी जमा किए हैं और अब ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी करते हैं। अपने कजिंस के साथ अंताक्षरी खेलकर रात-रात जागें भी हैं और अब रील देखकर उन्हीं कजिंस को इग्नोर भी करते देखा है। हमने जुगनू भी देखे हैं और अब उन्हें न देख पाने की तड़प भी देख रहा हूं। हम बैलगाड़ी पर भी बैठें हैं और दुनिया की तेज तरीन गाड़ियों पर भी हाथ आजमाए हैं। पोलियो को होते और उसे खत्म करते हुए देखा है। हमने बरगद के घने पेड़ को बोनसाई बनते देखा है। हमने एक भरी पूरी दुनिया को एक मोबाइल में सिमटते देखा है।

यह बदलाव जो हमने देखे हैं,देख रहे हैं और देखेंगे भी, वह हैं हमारी दास्तान। हम जिस दास्तान के तुर्रम खां बनते हैं, उस घूमती हुई दास्तान के एक हिस्सा भर हैं। हमने मौत की खबर को तार से जाते हुए और उसे सुनकर बेहोश होते इंसानों को देखा है और अब लाइव लोगों को मरते हुए देख जरा भी अफसोस न करने वाले उन्हीं लोगों को देख रहे हैं। हमने इंसान से हैवान बनते देखा है। हमने एक दुनिया को एक मोबाइल में सिमटते देखा है। हम है वह खुशकिस्मत लोग,जिन्होंने जिंदगी का हर जायका चखा है।

अश्लीलता फैलाते ओटीटी प्लेटफार्म

विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्म हमारे समाज को दूषित करने में लगे हुए हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धड़ल्ले से अश्लीलता परोसी जाती है,जो कहीं न कहीं हमारे समाज की नैतिकता और मूल्यों को प्रभावित कर रही है। ओटीटी प्लेटफॉर्म के द्वारा इरोटिक कंटेंट के नाम पर लगातार पोर्न कंटेंट परोसा जा रहा है जिसका हमारे समाज पर बहुत ही नकारात्मक असर पड़ता है। इरोटिक का अर्थ सेक्स को मानवीय संवेदना के तौर पर पेश करना होता है,लेकिन पोर्न और इरोटिक के बीच के बारीक से फर्क को मिटाकर कलात्मक के नाम पर सिर्फ नग्नता और अश्लीलता को ओटीटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से परोसा जा रहा है। यहां अश्लीलता का बाजार सज चुका है, जिस पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है।

सोनम लववंशी
स्वतंत्र लेखिका

बीते दिनों इसी दिशा में सरकार ने एक अहम फैसला लेते हुए देश के भीतर 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म को बैन कर दिया है। द ग्लोबल स्टैटिक्स डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 45 करोड़ ओटीटी सब्सक्राइबर्स हैं। ओटीटी कंटेंट में वल्गेरिटी,न्यूडिटी और ड्रग्स एब्यूज को इस हद तक ग्लैमराइज किया जा रहा है कि बच्चे इसके मोहजाल से खुद को रोक नहीं पाते हैं। आजकल ओटीटी पर प्रसारित होने वाली 10 में से 8 वेब-सीरीज या शो ऐसे होते हैं,जिन्हें हम परिवार के साथ नहीं देख सकते हैं। इन शो और वेब सीरीज में अश्लील दृश्यों के साथ-साथ अभद्र भाषा परोसी जा रही है। अब तो स्तर इस हद तक गिर गया है कि स्टूडेंट्स और टीचर्स तक के रिश्ते को भी असभ्य तरीके से दिखाया जा रहा है जिसका समाज पर नकारात्मक असर हो रहा है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार 2016 से 2020 के दौरान भारत में ओटीटी पर पोर्नोग्राफिक यानी अश्लील कंटेंट 1200 प्रतिशत से ज्यादा तेजी से बढ़े हैं,जो बालमन से लेकर बड़े-बुजुर्ग सभी को प्रभावित कर रहे हैं और जिसकी वजह से सामाजिक ताना-बाना बिगड़ रहा है। ऐसे में सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफॉर्म को इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट के तहत सेक्शन 67 और 67 (ए) के भारतीय दंड संहिता के सेक्शन 292 और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम,1986 की धारा 4 का उल्लंघन करने के आरोप में प्रतिबंधित किया गया है।

टेक्नोलॉजी की नित नई उपलब्धि से भले ही दुनिया हथेली में सिमट कर रह गई है,लेकिन इस टेक्नोलॉजी ने हमारे आसपास से क्या कुछ नहीं छीना है? गौर करेंगे तो हम देखते हैं कि इसी तकनीक ने बच्चों की मासूमियत को छीन लिया है। इसी तकनीक ने अब मानवीय मूल्यों से भी खेलना शुरू कर दिया है,जो एक सभ्य समाज के लिए बेहद दुखद और त्रासदीपूर्ण है। ऐसे में तकनीक ने भले हमें सक्षमता प्रदान की है,लेकिन इसी सक्षमता के साथ हम सभी मानसिक रूप से रुग्ण बनते जा रहे हैं। आज हमारे टीनएजर्स इसी तकनीक की वजह से मानसिक रूप से कमजोर और दूषित मानसिकता के शिकार हो रहें हैं। उनके भीतर अपराधिक प्रवृत्ति जन्म ले रही है। देखा जाए तो देश-दुनिया में इंटरनेट की लत से छुटकारा दिलाने की कोई बेहतर नीति नहीं है। इंटरनेट पर क्या देखा जा रहा है? कोई पता लगाने वाला नहीं है,यह खतरनाक स्थिति है।

वाराणसी में होली मिलन समारोहों के साथ चटख हुआ भाजपा का रंग, कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय बता रहे मैं काशी का बेटा

काशी में केसरिया छटा गहराई डमरू के साथ बज रही शहनाई



मनोज त्रिपाठी, कानपुर

अमृत विचार। बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में होली मिलन समारोहों में शहनाई और शास्त्रीय संगीत की सुर और ताल के बीच चुनावी रंग चटख हो गया है। हालांकि यहां मतदान सातवें चरण में पहली जून को होना है, लेकिन चारों ओर केसरिया छटा बिखर चुकी है । लोगों के घरों पर राम मंदिर की स्थापना के समय लगाए गए भगवा ध्वजों के साथ अब भाजपा के झंडे लहरा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रत्याशिता घोषित होने पर शहर भर में रंग, गुलाल और आतिशबाजी के साथ होली और दीपावली एक साथ मनायी थी। नौ मार्च को मोदी के शहर आने पर लोगो ने पुष्पवर्षा करते हुए इस बार जीत की हैट्रिक ही नहीं, देश में सबसे बड़ी विजय होने का शंखनाद किया था। 2014 के चुनाव में वाराणसी सीट पर नरेंद्र मोदी को पौने छह लाख वोट मिले थे, 2019 में करीब पौने सात लाख वोट मिलने से उनकी जीत का आंकड़ा और बढ़ गया था। इस बार मोदी का मुकाबला करने तीसरी बार मैदान में उतरे गठबंधन प्रत्याशी यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को लेकर लोगों की उत्सुकता सिर्फ इतनी भर है कि वह कितने वोट बटोर पाएंगे । गौरतलब है कि वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव में अजय राय तीसरे नंबर पर रहे थे। वर्तमान में वाराणसी जिले की सभी आठ विधान सभा सीटों पर भाजपा गठबंधन का कब्जा है। भाजपा के यहां बढ़ते ग्राफ को इसी से समझा जा सकता है कि 2009 में डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने 30.5% वोट शेयर के साथ जीत हासिल की थी, जो 2014 में नरेंद्र मोदी के लिए 56.4% और 2019 में 63.6% तक पहुंच गई थी इस बार भाजपा का लक्ष्य यहां तीन चौथाई से ज्यादा वोट हासिल करने का है।

वाराणसी की सभ्यता, संस्कृति और आस्था का जिस तरह काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा नदी से अटूट रिश्ता है, कुछ वैसी ही पहचान अब प्रधानमंत्री मोदी ने इस शहर से जोड़ ली है। शिव भक्त होने के साथ मोदी ने खुद को बनारसी कहकर यहां के लोगों का दिल जीत लिया है। वाराणसी को मंदिरों का शहर, देश की धार्मिक राजधानी, शिव की नगरी, ज्ञान नगरी जैसे नामों से भी जाना जाता है। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का बनारस घराना यहीं विकसित हुआ है। संत कबीर, संत रविदास, वल्लभाचार्य, मुंशी प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, पंडित रवि शंकर, गिरिजा देवी, पंडित हरि प्रसाद चौरसिया और उस्ताद बिस्मिल्लाह खां जैसे नामों ने इस शहर का मान-सम्मान और बढ़ाने के साथ देश को दिशा दिखाने का भी काम किया है। वाराणसी से पहले भी कई दिग्गज जैसे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी, भाजपा नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे अनिल शास्त्री चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं। लेकिन जिस तरह काशी के लिए कहा जाता है कि यहां कण-कण में शंकर बसते हैं, उसी तरह आज कहा जा सकता है कि जन-जन में मोदी बसते हैं। 2014 में वाराणसी से नामांकन पत्र भरते समय उन्होंने कहा भी था कि न मुझे किसी ने भेजा है, न मैं यहां आया हूं...मुझे तो मां गंगा ने बुलाया है।

पिछली बार सपा और कांग्रेस के कुल वोटों से मोदी को मिले थे दोगुने वोट

- पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा से फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से ही उतरे। उनके सामने कांग्रेस ने अजय राय और सपा ने शालिनी यादव को उतारा। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सपा प्रत्याशी शालिनी यादव को 4,79,505 मतों से बड़े अंतर से शिकस्त दी। इस चुनाव में नरेंद्र मोदी को 6,74,664 वोट मिले। सपा उम्मीदवार शालिनी को 1,95,159 और कांग्रेस के अजय राय को 1,52,548 वोट मिले थे। शालिनी यादव अब भाजपा का दामन थाम चुकी हैं, ऐसे में इस बार सपा और कांग्रेस की तरफ से अजय राय एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने उतरे हैं। मोदी के विरुद्ध यह उनका तीसरा जबकि लोकसभा सीट पर चौथा चुनाव है।

नेचर, कल्चर और एडवेंचर की त्रिवेणी बनने की तरफ बढ़े कदम

मोदी के नेतृत्व में काशी का भव्य और सामर्थ्य स्वरूप विकास की नई राह पर लगातार आगे बढ़ रहा है। योजनाओं और परियोजनाओं की सौगात ने सुविधाओं के साथ जिस तरह समृद्धि के नए द्वार खोल दिए हैं, उसे देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन गलत नहीं लगता कि काशी नेचर, कल्चर और एडवेंचर का संगम बनने जा रही है। आज काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, फूड स्ट्रीट और रिवर फ्रंट देखकर लोग वाह वाह कर उठते हैं। मंदिरों और घाटों तक पहुंचने वाली तंग गलियों का चौड़ीकरण किया गया है। मंडुवाडीह फ्लाईओवर, कनवेंशन सेंटर, ऊर्जा गंगा पीएनजी परियोजना, रिंग रोड, बाबतपुर-वाराणसी फोरलेन, आईपीडीएस, कबीरचौरा के पास हेरिटेज वॉक ने शहर का नक़्शा बदल दिया है। राम नगर में स्थापित आईडब्ल्यूटी मल्टी मॉडल टर्मिनल के द्वारा गंगा में जल परिवहन के जरिये बनारस से हल्दिया तक मालवाहक जहाजों का आवागमन संभव हुआ है। मल्टी मोडल टर्मिनल देश में इनलैंड वाटर परिवहन का पहला प्रोजेक्ट है। इसके अलावा जल संपूर्ति योजना, खूबसूरत पार्क, चौकाघाट लहरतारा फ्लाईओवर, 140 एमएलडी एसटीपी जैसी परियोजनाएं भी विकास की नई गाथा गढ़ रही हैं।

केजरीवाल हो गए थे फेल अजय ने जमानत गंवाई

भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी के खिलाफ 2014 में आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस से अजय राय मैदान में थे। मोदी ने केजरीवाल को 3,71,784 मतों से हरा दिया। इस चुनाव में नरेंद्र मोदी को 5,81,022 वोट मिले। दूसरे स्थान पर रहे अरविंद केजरीवाल के पक्ष में 2,09,238 लोगों ने वोट किया। कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय तीसरे स्थान पर रहे, उन्हें 75,684 मिले और जमानत नहीं बच सकी। सपा और बसपा के प्रत्याशियों की भी जमानत नहीं बची। बसपा के विजय प्रकाश जायसवाल को 60,579 और सपा के कैलाश चौरसिया को 45,291 मत मिले थे। नरेंद्र मोदी 2014 में वाराणसी के साथ ही वडोदरा सीट पर भी चुनाव लड़े थे। वहां से 5,70,128 मतों से जीत मिलने के बाद भी उन्होंने प्रतिनिधित्व के लिए वाराणसी को चुना।

कांग्रेस व भाजपा दोनों एक-एक बार लगा चुकी हैं जीत की हैट्रिक

वाराणसी सीट पर अब तक दो बार जीत की हैट्रिक लग चुकी है। यहां से 1952, 1957 और 1962 में कांग्रेस के रघुनाथ सिंह लगातार जीते थे, उनके बाद भाजपा के शंकर प्रसाद जायसवाल 1996, 1998 और 1999 में तीन लगातार जीत का परचम फहरा चुके हैं। वर्ष 1967 के लोकसभा चुनाव में पहली बार वाराणसी सीट पर गैर कांग्रेसी उम्मीदवार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एसएन सिंह ने कांग्रेस के रघुनाथ सिंह को 18,167 मतों से हरा दिया था। हालांकि 1971 के चुनाव में फिर कांग्रेस ने वापसी की। शिक्षाविद् राजाराम शास्त्री ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और जनसंघ के कमला प्रसाद सिंह को 52,941 वोट से हराया। लेकिन 1977 की जनता लहर में कांग्रेस के राजाराम शास्त्री को लोकदल के टिकट पर उतरे चंद्रशेखर ने 1,71,854 वोट से मात दे दी। 1980 के चुनाव कांग्रेस से मैदान में उतरे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी ने जनता पार्टी के प्रत्याशी समाजवादी नेता राज नारायण के खिलाफ 24,735 मतों से जीत दर्ज की। 1984 में भी कांग्रेस सीट बरकरार रखने में सफल रही। पार्टी के प्रत्याशी श्याम लाल यादव ने कम्युनिस्ट पार्टी के ऊदल को पराजित किया, पर 1989 में कांग्रेस के हाथ से यह सीट निकल गई। जनता दल के अनिल शास्त्री ने कांग्रेस के श्याम लाल यादव को 1,71,603 वोटों से हरा दिया।

पहली बार 1991 के चुनाव में भाजपा ने यहां खिलाया कमल

वर्ष 1991 के चुनाव में पहली बार वाराणसी सीट पर भाजपा को जीत मिली। भाजपा के शीश चंद्र दीक्षित ने माकपा के राजकिशोर को 40,439 मतों से शिकस्त दी। इसके बाद 1996 में भाजपा के शंकर प्रसाद जायसवाल ने जीत दर्ज करते हुए 1998 और 1999 में भी पार्टी की जीत का सिलसिला कायम रखा। 2004 के चुनाव में 15 साल बाद कांग्रेस ने राजेश कुमार मिश्रा की जीत के साथ यहां फिर वापसी की।



... जब डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने माफिया मुख्तार अंसारी को हराया

- 2009 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी सीट के परिणाम पर देश भर की नजरें लगी थीं। उस चुनाव में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी के मुकाबले बसपा ने बाहुबली मुख्तार अंसारी को उतार दिया था। प्रचार अभियान से लेकर मतदान के दिन तक भारी गहमागहमी रही। लेकिन जब नतीजे आए तो करीबी मुकाबले में डॉ. जोशी जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने मुख्तार अंसारी को चुनाव में 17,211 वोटों से हरा दिया।

चुनाव में रोजगार का दम खम, फिर भी युवा बेदम

- पहाड़ के काम न आ सकी जवानी और यहां का पानी
- चुनावों में मुद्दा बनाकर गुमराह करना बना सभी दलों का शगल

अल्मोड़ा संसदीय सीट

रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा

अमृत विचार : कहते हैं पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी कभी यहां के काम नहीं आती। इस कहावत को चरितार्थ देश के हिमालयी रीजन के पहाड़ी जिले करते हैं। बीते 75 सालों में देश के सियासतदार और नीति नियंता इस कहावत को झुठलाने में लगातार नाकाम साबित हुए हैं। आजादी के बाद हर चुनावों में रोजगार सिर्फ एक सियासी मुद्दा बनकर रह जाता है। सियासतदार बेरोजगारी नाम की इस नाव पर पांव रख अपनी वैतरणी तो पार कर लेते हैं। लेकिन युवाओं की उम्मीदें कभी परवान चढ़ती नहीं दिखती। 2024 के चुनावों में एक बार फिर राजनैतिक दल रोजगार देने का दम खम तो भर रहे हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि इन चुनावी वायदों के बीच आज पहाड़ का युवा बेदम हो चला है।

बात अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र की करें तो आजादी के बाद अब तक यहां अब तक कुल 18 और राज्य गठन के बाद से चार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं और हर चुनावों में दलों ने बेरोजगारी को अपनी जीत के लिए ब्रह्मास्त्र की तरह प्रयोग किया। लेकिन चुनाव जीतने के बाद पहाड़ की जवानी की फिक्र करना हर कोई भूल गया। नतीजतन पहाड़ की जवानी के पास पहाड़ के बजाय महानगरों में पसीना बहाने के अलावा कोई चारा बाकी नहीं रहा। पिछले 18 लोकसभा चुनावों के परिणामों पर नजर डालें तो यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच रहा और बेरोजगारी के मुद्दे को भुनाकर कई सियासतदारों ने फर्श से अर्श तक सफर भी तय कर लिया। लेकिन नहीं बदली तो यहां के बेराजगारों की किस्मत। इस लोकसभा के चार पहाड़ी जिलों की बात करें तो यहां सिर्फ सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या करीब एक लाख अस्सी हजार के आसपास है। जबकि हजारों युवा ऐसे भी हैं जिन्होंने कभी सेवायोजन कार्यालय में अपने आप को पंजीकृत ही नहीं कराया। बीते पांच सालों में इनमें से अगर कुछ युवाओं को रोजगार मिला भी होगा तो वह संख्या चंद युवाओं की है। बाकी युवा या तो महानगरों में रोजी रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, या फिर पहाड़ों में अस्थायी रोजगार कर जैसे-तैसे अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब जबकि चुनाव एक बार फिर दहलीज पर हैं, सत्ताधारी भाजपा बेरोजगारी दर कम होने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का दम भर कर मैदान में उतरी है तो कांग्रेस युवाओं को रोजगार की गारंटी का शिगूफा दिखाकर आकर्षित करने की कोशिश में है।

बेरोजगारों का जिलेवार आंकड़ा

अल्मोड़ा	72,053
बागेश्वर	33,104
पिथौरागढ़	56,596
चंपावत	17,838

(यह आंकड़े जनवरी 2024 के हैं जो सेवायोजन कार्यालयों से लिए गए हैं)

सेना की सेवा से भी हुआ मोहभंग

उत्तराखंड प्रदेश का सेना से गहरा नाता रहा है। एक दौर वह भी था कि जब पहाड़ के अधिकांश घरों का एक सदस्य सेना में जरूर भर्ती होता था। तब पहाड़ के युवाओं के लिए सेना भर्ती रोजगार का बेहतर अवसर भी हुआ करता था। लेकिन वर्तमान दौर में सेना की सेवाओं में आई तमाम तब्दीलियों के कारण अब सेना से भी युवाओं का मोहभंग होता जा रहा है। जिस कारण रोजगार के इस जरिए से भी उम्मीदें कम होती जा रही हैं।

टेनी के सामने हैट्रिक का मौका, साख बचाने की चुनौती

खीरी सीट का हाल

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: नदियों और जंगलों की थाती समेटे लखीमपुर खीरी की धरती पर खीरी सीट का चुनाव इस पर कुछ अलग ही है। किसान आंदोलन के बाद जिस प्रकार का माहौल केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री के खिलाफ था, उसमें उनके टिकट पर संदेह जताया जा रहा था। भाजपा नेतृत्व के उन पर तीसरी बार भरोसा जताने के बाद अब अजय मिश्र टेनी के सामने हैट्रिक की चुनौती है। इस सीट पर भाजपा और सपा में सीधी टक्कर होने की उम्मीद है। भाजपा के सामने जहां प्रतिष्ठा बचाने की चुनौती है, वहीं सपा वापसी के लिए जोर आजमाइश कर रही है।

जिले में खीरी और धौरहरा दो लोकसभा सीटें हैं। खीरी सीट पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। 2014 के बाद 2019 में भी अजय मिश्र टेनी को जीत हासिल हुई। जुलाई 2021 में मोदी मंत्रिमंडल के विस्तार में टेनी को केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री बनाया गया। मंत्री बनने के बाद तीन महीने बाद खीरी के निघासन विधानसभा क्षेत्र के तिकुनिया में हुई घटना से पूरे देश की सियासत में उबाल आ गया। कृषि कानूनों के खिलाफ किसान प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान अजय मिश्र के बेटे आशीष मिश्रा की गाड़ी से कुचलकर चार किसान मारे गए। इस पर हिंसा भड़की तो चार अन्य की मौत हो गई। इस तरह आठ लोग मारे गए। किसान संगठनों से लेकर विपक्ष ने इसे मुद्द बनाकर सियरसी बढ़त लेने की कोशिश की लेकिन 2022 में विधानसभा चुनाव में जिले की आठों सीटों पर भाजपा ने परचम लहराकर विपक्ष को तगड़ा झटका दिया। खास बात यह रही कि सबसे बड़ी जीत निघासन विधानसभा में हुई, जहां घटना घटी थी। चर्चा होती रहीं, लेकिन कोई असर नहीं हुआ और टेनी का केंद्रीय मंत्री पद भी बरकरार रहा।

किसान आंदोलन के दौरान बेटे का नाम आने पर झेला तीखा विरोध

कब-कौन यहां से चुनाव जीता

वर्ष	प्रत्याशी	पार्टी
1952	रामेश्वर प्रसाद नेवटिया	कांग्रेस
1957	कुंवर खुशवक्त राय	प्रजातांत्रिक सोशलिस्ट पार्टी
1962	बालगोविंद वर्मा	कांग्रेस
1967	बालगोविंद वर्मा	कांग्रेस
1971	बालगोविंद वर्मा	कांग्रेस
1977	सूरत बहादुर शाह	भारतीय लोकदल
1980	बालगोविंद वर्मा	कांग्रेस
1984	ऊषा वर्मा	कांग्रेस
1989	ऊषा वर्मा	कांग्रेस
1991	गेंदन लाल कनौजिया	भाजपा
1996	गेंदनलाल कनौजिया	भाजपा
1998	रवि प्रकाश वर्मा	सपा
1999	रवि प्रकाश वर्मा	सपा
2004	रवि प्रकाश वर्मा	सपा
2009	जफ़र अली नकवी	कांग्रेस
2014	अजय मिश्र टेनी	भाजपा
2019	अजय मिश्र टेनी	भाजपा

अजय मिश्र टेनी, भाजपा।

लोकसभा चुनाव 2014 का परिणाम

प्रत्याशी	पार्टी	वोट मिले
अजय मिश्र टेनी	भाजपा	3,98,578
अरविंद गिरि	बसपा	2,88,304
जफर अली नकवी	कांग्रेस	1,83,940
रवि प्रकाश वर्मा	सपा	1,60,112

लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम

प्रत्याशी	पार्टी	वोट मिले
अजय मिश्र टेनी	भाजपा	6,09,589
पूर्वी वर्मा	सपा	3,90,782
जफर अली नकवी	कांग्रेस	92,155

खीरी लोकसभा में मतदाताओं का विवरण

वि.स. क्षेत्र	पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	कुल
पलिया	1,93,321	1,73,018	04	3,663,43
निघासन	1,88,373	1,62,933	0	3,51,306
गोला गोकर्णनाथ	2,11,418	1,90,917	24	4,02,359
श्रीनगर	1,73,998	1,52,150	04	3,26,152
लखीमपुर	2,20,534	1,95,765	10	4,16,309
कुल	9,87,644	8,74,783	42	18,62,469

नौ बार रहा कब्जा, लेकिन पहली बार मैदान से बाहर वर्मा परिवार

1962 से लेकर 2019 तक हर लोकसभा चुनाव में खीरी सीट पर वर्मा परिवार मैदान में रहा। 2009 से पहले तक नौ बार इस परिवार का कब्जा रहा। आजादी के बाद यहां से वरिष्ठ नेता बाल गोविंद वर्मा लंबे समय तक कांग्रेस के सांसद रहे। उन्होंने हैट्रिक भी लगाई। जनता ने उन्हें चार पर चुना। उनके निधन के बाद उनकी पत्नी ऊषा वर्मा लगातार दो बार सांसद रहीं। उनके बाद उनके बेटे रवि प्रकाश वर्मा ने सपा का दामन थामा और हैट्रिक लगाई। 2019 में रवि प्रकाश वर्मा की बेटी डॉ. पूर्वी वर्मा को सपा-बसपा गठबंधन का प्रत्याशी बनाया लेकिन वे हार गईं। इस बार वह कांग्रेस से टिकट मांग रहीं थीं, लेकिन गठबंधन के कारण सपा को यह सीट मिली। बहरहाल, 62 साल में पहली बार वर्मा परिवार चुनावी लड़ाई के बाहर रहेगा।

कल्पनाथ की तलाश | सपा ने दोबारा राजीव राय तो सुभासपा प्रमुख ने अपने बेटे अरविंद राजभर को मैदान में उतारा

घोसी में बसपा के दांव पर टिके दोनों गठबंधन के भाव

विनय जायसवाल, मऊ

अमृत विचार। बुनकरों की नगरी मऊनाथ भंजन के मतदाता एक बार फिर घोसी संसदीय सीट से अपने रहनुमा का चुनाव करने को तैयार हैं। औद्योगिक नगरी के रूप में पूरे भारत में पहचान रखने वाले मऊ नगर के मतदाताओं को कल्पनाथ राय जैसे सांसद की तलाश है जो न सिर्फ उनके यहां विकास की गंगा बहा सके बल्कि उनके सुख- दुख का साथी बन सके। हर चुनाव में घोसी सीट के सभी दलों के उम्मीदवार कल्पनाथ राय जैसा विकास कराने की बात तो करते हैं पर जीतने के बाद वे मतदाताओं की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते। इस बार बसपा अभी तक अपने उम्मीदवार का नाम तय नहीं कर सकी है तो भाजपा ने यह सीट अपनी सहयोगी दल सुभासपा को दी है। इंडिया गठबंधन में सपा ने यहां से राजीव राय को दूसरी बार मैदान में उतारा है। अब मतदाताओं के साथ ही सपा-कांग्रेस और भाजपा-सुभासपा को भी बसपा प्रमुख मायावती के निर्णय का इंतजार है। बसपा के उम्मीदवार को देखकर ही ये पार्टियां अपनी रणनीति तय करेंगी।

पांच विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर घोसी संसदीय क्षेत्र बना है। पूर्व के चुनावों में बाहुबली मुख्तार अंसारी का अच्छा खासा दखल यहां के चुनावों में हुआ करता था। मुस्लिम मतदाताओं को मुख्तार के फरमान का इंतजार रहता था। अब मुख्तार जेल में है। ऐसे में उसकी दखलंदाजी न के बराबर होगी। लेकिन यह साफ है कि जो दल भाजपा- सुभासपा के उम्मीदवार को हराने की स्थिति में होगा मुस्लिम मतदाता उसी के साथ जाएंगे चाहे वह सपा का उम्मीदवार हो या बसपा का। ऐसे में सपा और भाजपा से ज्यादा यहां के मुस्लिम मतदाताओं की निगाह बसपा के कदम पर लगी हुई है। 2014 की नरेंद्र मोदी लहर में भाजपा के हरिनारायण राजभर यहां से चुनाव जीतने में कामयाब रहे थे लेकिन पांच साल बाद जब 2019 में चुनाव हुए तो उन्हें बसपा के अतुल राय ने 1,22,568 वोटों से पटखनी दे दी। 2014 से पहले भाजपा इस सीट पर कभी नहीं जीती थी। इस चुनाव में जीत की वजह थी मुख्तार अंसारी का कौमी एकता दल से मैदान में उतरना। परिणाम यह हुआ कि यहां मुस्लिम वोट बड़े पैमाने पर मुख्तार के साथ गया और वह तीसरे स्थान पर रहा। बसपा के दारा सिंह चौहान को हराकर हरिनारायण राजभर सांसद बने थे, लेकिन 2019 में मुख्तार बसपा के साथ आए और नतीजा बसपा की जीत के रूप में सामने आया। इस सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की तरह ही राजभर मतदाताओं की भूमिका भी अहम रहती है। यही वजह है कि सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर ने इस सीट से अपने बेटे अरविंद राजभर को मैदान में उतारा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि बसपा यहां से किसी मुस्लिम चेहरे पर ही दांव लगा सकती है।

भाकपा पांच बार, कांग्रेस चार बार, बसपा तीन मर्तबा जीती

इस संसदीय सीट पार भाकपा के उम्मीदवार पांच बार जीते तो कांग्रेस ने चार बार जीत दर्ज की है। सपा और भाजपा को एक- एक बार जीत मिली तो बसपा तीन बार यहां से अपने उम्मीदवार को संसद भेजने में कामयाब रही है।

कल्पनाथ राय की वजह से सुर्खियों में रही सीट

एक दौर था जब यह सीट पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय की वजह से सुर्खियों में आई। वे तीन बार कांग्रेस से राज्यसभा के सदस्य भी रहे। 1989 में कल्पनाथ राय इस सीट से सांसद बने थे। इसके बाद जब 1991 में चुनाव हुआ तो वे फिर कांग्रेस के सिंबल से मैदान में उतरे और जीते। लेकिन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंहा राव के शासन में उन पर राज्यमंत्री के रूप में उन पर चीनी घोटाले का आरोप लगा और वे जेल गए। कांग्रेस से टिकट नहीं मिला तो वे 1996 में निर्दलीय मैदान में उतर गए। कल्पनाथ भारी मतों से जीते और कांग्रेस की इस सीट पर दुगर्ति हो गई। इसके बाद वे समता पार्टी में शामिल हुए और पुन: 1998 में संसद पहुंचे। कल्पनाथ राय को मऊ जिले में विकास पुरुष के रूप में जाना जाता है और आज भी यहां के मतदाताओं को उनके वास्तवितक उत्तराधिकारी की तलाश है जो विकास कर सके।

संदेशखाली का संदेश

ये हैं पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिला की बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी रेखा पात्रा। यह संदेशखाली घटना की प्रमुख पीड़ितों में शामिल हैं। रेखा जब प्रचार में निकलीं तो लोगों का समर्थन पाकर भावुक हो उठीं।

एक नजर

गरिमा ने जीते तीन रजत पदक

अल्मोड़ा : पैरा एथलेटिक्स चैंपियन गरिमा ने भारतीय ओपन पैरा एथलेटिक्स में तीन रजत पदक जीते हैं। गरिमा ने छठवीं भारतीय ओपन पैरा एथलेटिक्स अंतर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया था। द्वाराहाट की छतगुल्ला निवासी गरिमा जोशी इससे पहले भी पैरा एथलेटिक्स में कई पदक अपने नाम कर चुकी हैं। 25 और 26 मार्च को कांटेर्व स्टेडियम बेंगलुरु में आयोजित इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स इंटरनेशनल चैंपियनशिप में भी गरिमा ने एफ 55 श्रेणी शार्टपुट, डिस्कश थ्रो और जेवलिन थ्रो में तीन रजत पदक अपने नाम किए। उनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

जाम की समस्या से नहीं मिल रही निजात

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा को जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। बुधवार को नगर की माल रोड पर वाहनों का दबाव इतना बढ़ गया कि वाहन दौड़ने के बजाय रेंगते नजर आये। कई जरूरी सेवाओं वाले वाहन और अन्य जिलों को जाने वाले लोग व सैलानी भी जाम में फंसे रहे। जिस कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। संकरे माल रोड पर यातायात पुलिस के कर्मी घंटों तक वाहनों को गंतव्य की ओर रवाना करने का प्रयास करते रहे, लेकिन जाम को खुलवाने में उनके पसीने छूट गए। करीब आधे घंटे तक पूरा माल रोड जाम रहा। बाद में यातायात पुलिस के जवानों ने शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों की आवाजाही को रोक दिया। इसके बाद बाजार में फंसे वाहनों को निकाला। करीब घंटे भर की मशक्कत के बाद जैसे तैसे जाम खुला और लोगों ने राहत की सांस ली।

भाजपा ने दस सालों में की लोकतंत्र की हत्या: माहरा

कांग्रेस प्रत्याशी टम्टा के नामांकन के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने साधा सरकार पर निशाना, बोले-जनता लोकसभा चुनाव में देगी मुंहतोड़ जवाब

अल्मोड़ा में नामांकन पत्र दाखित करते कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा, साथ में प्रदेश अध्यक्ष माहरा व विधायक। ● अमृत विचार

अल्मोड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी के शक्ति प्रदर्शन के दौरान रोड शो में शामिल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने देश और प्रदेश में पिछले दस सालों में लोकतंत्र की हत्या करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है।

सत्ता के मद में चूर भाजपा का जनभावनाओं से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा शासन में हिमालयी राज्यों की सबसे अधिक उपेक्षा हुई है। आम आदमी त्रस्त है और वह भाजपा के दोहरे चरित्र को अच्छे से समझ चुका है। जनता भाजपा को उसकी इन नीतियों का मुंहतोड़ जवाब लोकसभा चुनाव में देगी।

▸▸ महंगाई, बेरोजगारी समेत अनेक मुद्दों को लेकर जनता के बीच जायेगी कांग्रेस: टम्टा

यह बात अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी प्रदीप टम्टा के नामांकन के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कही। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार अपने कार्यकाल के दौरान महिला सशक्तिकरण के दावे करते नहीं थकी। लेकिन भाजपा शासन में जितना उत्पीड़न महिलाओं का हुआ, आज तक नहीं हुआ। अंकिता हत्याकांड के दोषियों को प्रदेश सरकार लगातार बचाने की साजिश करती आई है। उसके परिजन आज भी न्याय की उम्मीद में दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। महंगाई और बेरोजगारी से आम आदमी खासकर युवा शक्ति बुरी तरह प्रभावित है। बुनियादी सुविधाओं का अभाव आज भी लोगों की नियति बनकर रह गया है। जनता समझ चुकी है कि भाजपा के पास कोरे आश्वासनों के सिवाय कुछ नहीं है।

सभा के दौरान माहरा ने कार्यकर्ताओं से घर-घर कांग्रेस की नीतियों और भाजपा की विफलताओं को पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की बात कही। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने कहा कि भाजपा की सरकार तमाम तरीकों के हथकंड़ों से पहाड़ के लोगों को सिर्फ गुमराह करने का प्रयास कर रही है। जिस कारण आम आदमी का भविष्य लगातार असुरक्षित होता जा रहा है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर भाजपा को सबक सिखाने की बात कही। कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महंगाई, बेरोजगारी, हिमालयी राज्य की उपेक्षा, ग्रीन बोनस समेत अनेक मुद्दों को लेकर जनता के बीच में जाएगी। सभा को अल्मोड़ा के विधायक मनोज तिवारी, धारचूला के विधायक हरीश धामी, पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, ललित फर्स्वाण ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, राजेंद्र बाराकोटी, प्रदीप पाल, खजान गुड्डू, जिलाध्यक्ष बागेश्वर भगत डसीला, पूरन कठायत, अंजू लुंठी, मनोहर टोलिया, दीपक किरौला, निर्मला गहतोड़ी, बसंत कुमार, पीतांबर पांडे, नारायण रावत, घनानंद शर्मा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रोड शो कर कांग्रेस ने किया शक्ति प्रदर्शन

अल्मोड़ा : कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी प्रदीप टम्टा के नामांकन के लिए बुधवार को अल्मोड़ा में चारों जिलों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी एकत्र हुए। अल्मोड़ा के अलावा बागेश्वर, पिथौरागढ़ और चंपावत जिलों के कार्यकर्ताओं ने नामांकन की प्रक्रिया के बाद प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में रोड शो में भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ रैली में पहुंचे पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने उत्तराखंड की पांचों सीटों पर कांग्रेस के परचम लहराने का दावा भी किया।

भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने तेज किया जनसंपर्क

बागेश्वर । भाजपा का लोकसभा चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है। कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने भी चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। बुधवार को टम्टा ने नगर भ्रमण कर मतदाताओं से संपर्क साधा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत-प्रतिशत मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता जर्नादन के आर्शीवाद से वह दो बार सांसद चुने गए हैं। इस बार जनता उन्हें अपना आशीर्वाद देगी। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करने और विकास को आगे बढ़ाने के लिए जनता भाजपा के साथ खड़ी है। इस दौरान विधायक पार्वती दास, विधायक सुरेश गढ़िया, शिव सिंह बिष्ट, कुंदन परिहार, सुरेश खेतवाल, गोपाल राम, प्रमोद मेहता, सुबोध लाल साह, प्रकाश साह, धीरेंद्र परिहार, गोविंद साह जगाती, संजय साह जगाती, सुनीता टम्टा, दीपा आर्या, हरीश मेहरा, पुष्पा देवी, गोविंद दानू, डॉ. राजेंद्र परिहार, संजय परिहार आदि मौजूद रहे।

टाटिक के जंगल में लगी भीषण आग

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिला मुख्यालय से लगे टाटिक के जंगल में मंगलवार की देर रात अचानक भीषण आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आबादी वाले क्षेत्रों तक पहुंच गई।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद बुधवार की सुबह आग पर काबू पाया। जानकारी के

अनुसार देर शाम टाटिक क्षेत्र के जंगल में आग लग गई। हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के अन्य जंगलों में भी फैल गई। ग्रामीणों को जंगलों में आग लगने की भनक लगी तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। जिसके बाद अल्मोड़ा रेंज से देर रात वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। रात भर मशक्कत के बाद बुधवार की सुबह आग पर काबू पाया जा सका। प्रभागीय वनाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि आशंका है कि कुछ अराजक तत्वों ने रात के समय जंगल में आग लगाई होगी। जिससे वन संपदा को नुकसान पहुंचा है।

पाटी में 25 वर्षीय युवक की हत्या, सनसनी

▸▸ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा सिर व गर्दन पर हैं चोट के निशान

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : जनपद चम्पावत के पाटी क्षेत्र में एक 25 वर्षीय युवक की हत्या का मामला सामने आया है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

युवक के सिर, गर्दन सहित शरीर के कई हिस्सों में चोट के

पान सिंह बिष्ट

निशान हैं। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पाटी विकास खंड के मंगललेख गांव निवासी पान सिंह बिष्ट (25) पुत्र कैलाश सिंह बिष्ट का शव मंगललेख से डेढ़ किलोमीटर दूर सल्यानी तोक पर मिला। घटना देर रात की बताई जा रही है। पाटी के थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कोरंगा ने बताया कि पान सिंह के सिर और गर्दन में चोट के निशान मिले हैं।

पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने पाटी थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

इधर, ग्रामीणों ने बताया कि पान सिंह की गांव में दुकान थी। वह बीते मंगलवार की रात 11 बजे तक मंगललेख में ही होली कार्यक्रम में दिखाई दिया था।

पाटी क्षेत्र में डेढ़ माह से कम समय में यह दूसरी हत्या की घटना है। इससे पूर्व 14 फरवरी को कजीना गांव के खिलानंद उर्फ खिलेश जोशी की चाकू घोंप कर हत्या कर दी गई थी।

हत्या के आरोपी बबलू सिंह को पुलिस ने एक ही दिन में दबोच लिया था।

ढाई करोड़ से अधिक की वसूली करना बना चुनौती

▸▸ जल संस्थान ने भुगतान न होने पर दी संयोजन काटने की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले में सरकारी विभागों समेत निजी उपभोक्ताओं ने पानी के बिलों का बकाया भुगतान जमा नहीं किया है, जिसकी वसूली करना विभाग के लिए चुनौती साबित हो रहा है। वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है ऐसे में अल्मोड़ा जल संस्थान को अभी भी करीब ढाई करोड़ रुपये के राजस्व की वसूली करनी है। बकाया भुगतान न होने पर विभाग ने कनेक्शन काटने की चेतावनी दे डाली है।

अल्मोड़ा जल संस्थान ने मार्च माह की शुरूआत से ही बकाएदारों से बिलों की वसूली का काम शुरू कर दिया था। इस वित्तीय वर्ष के अंत में विभाग के पास सरकारी विभागों और निजी उपभोक्ताओं से करीब 10 करोड़ से अधिक के बकाए की वसूली का लक्ष्य था। जिनमें चिकित्सा विभाग, राजस्व विभाग, लोनिवि, नगर पालिका, शिक्षा विभाग, पुलिस

विभाग, यूपीसीएल, वन विभाग, जिला जजी, वीपीकेएस जैसे बड़े बकाएदारों के अलावा सैकड़ों की संख्या में निजी उपभोक्ता शामिल थे। विभाग ने बकाएदारों को कई बार नोटिस दिए, लेकिन इसके बाद भी बकाए के राजस्व की वसूली में तेजी नहीं आ पा रही थी। जिसे देखते हुए विभाग ने सख्ती के साथ वसूली अभियान शुरू किया। जिसके बाद अब तक विभाग बकाएदारों से करीब साढ़े सात करोड़ रुपये की राशि जमा करवा चुका है। लेकिन शेष ढाई करोड़ की वसूली करना विभाग के लिए अब भी चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है।

जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति तक शेष बकाए को जमा कराने का लक्ष्य रखा गया है। जिन उपभोक्ताओं ने बिलों का भुगतान नहीं किया, उनके कनेक्शन पूर्ण रूप से विच्छेदित कर दिए जाएंगे।

जिले में बेहतर होगी इंटरनेट सेवा

▸▸ बीएसएनएल कॉपर लाइनों को फाइबर में कर रहा अपग्रेड

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : भारत संचार निगम ने बढ़ती प्रतिस्पर्धा के चलते उपभोक्ताओं को बेहतर कनेक्टविटी देने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। उपभोक्ताओं को इंटरनेट की अच्छी सेवा दी जा सके इसके लिए बीएसएनएल अब अपनी कॉपर लाइनों को फाइबर लाइन में अपग्रेड करने जा रहा है। जिसके बाद उपभोक्ताओं को 10 की जगह 300 एमबीपीएस की इंटरनेट स्पीड मिल पाएगी।

भारत संचार निगम लिमिटेड अब तक उपभोक्ताओं को अपनी

पुरानी कॉपर लाइनों से लैंडलाइन और इंटरनेट की सेवाएं प्रदान कर रहा था। कॉपर लाइन पर बिजली गिरने और उनके टूटने के कारण कई बार बीएसएनएल की सेवाएं प्रभावित हो जाती थीं। जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिस कारण बीएसएनएल की सेवाओं से उपभोक्ताओं का लगातार मोहभंग हो रहा था और वह निजी कंपनियों की ओर आकर्षित हो रहे थे। इस समस्या से निपटने के लिए अब निगम ने अपनी सभी पुरानी कॉपर लाइनों को फाइबर लाइनों में बदलने का निर्णय लिया है।

बीएसएनएल के एसडीओ एस चंद्रा ने बताया कि इस सेवा का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को मॉडम व उसके इंस्टालेशन का कोई भुगतान नहीं करना पड़ेगा। जबकि उन्हें निशुल्क कॉलिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इंटरनेट की बेहतर और तेज स्पीड मिलने से उपभोक्ताओं के सभी ऑनलाइन कार्य भी आसानी से संभव हो सकेंगे। जल्द ही उपभोक्ताओं को यह सेवा मिलनी शुरू हो जाएगी।

50 सोलर लाइटों से जगमगाएगा एसएसजे परिसर

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : एसएसजे परिसर के आसपास जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक और छात्र-छात्राओं समेत लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए प्रबंधन ने परिसर में करीब 15 लाख रुपये की लागत से 50 सोलर लाइटें स्थापित करने का निर्णय लिया है।

बता दें कि एसएसजे के परिसर में अल्मोड़ा, बागेश्वर, रानीखेत, पिथौरागढ़ समेत अन्य जिलों की दो सौ से अधिक छात्राएं व दर्जनों कर्मचारी निवास करते हैं। एसएसजे परिसर का मार्ग लोअर और अपर माल रोड को जोड़ने वाला लिंक मार्ग है। रात्रि के समय अंधेरा होने से मार्ग में जंगली जानवरों का खतरा रहता है। इस समस्या से निपटने के लिए एसएसजे प्रशासन ने मुख्य परिसर, महिला छात्रावास और परिसर से होकर गुजरने वाले मार्ग पर 15 लाख रुपये की लागत से 50 सोलर लाइट स्थापित करने का निर्णय लिया है। एसएसजे के वित्त अधिकारी अमित त्रिपाठी ने बताया कि परिसर में सोलर लाइट स्थापित होने के बाद जंगली जानवरों की समस्या से निजात मिल जायेगी।

वर्ग पहेली-22

बाएं से दाएं

3.1. गोपनीय बात का प्रकट हो जाना 2. भेद प्रकट हो जाना, रहस्य प्रकट हो जाना।

4. थोड़ा या थोड़े से कुछ अधिक।

7.1. सुरीले स्वरवाला 2. (संगीत) जिसका स्वर शास्त्रीय पद्धति के अनुरूप हो 3. महीन और मीठा (स्वर)।

8. परंपरागत रूप से शिव के लिए प्रयोग किया जाने वाला शब्द।

ऊपर से नीचे

1. गुड़गुड़ शब्द होना।

2.1. दूर किया या हटाया हुआ 2. एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाया हुआ 3. जिसे कोई भगा या हर ले गया हो।

3. जिसे भांग पीने की लत हो, भांग का नशा करने वाला, भंगेड़ी।

5.1. निकटता, नज़दीकी 2. उपस्थिति, विद्यमानता 3. सम्मुखता, सामना।

6. (संगीत में) सरगम या सप्तक का 'प' के रूप में पांचवां स्वर जिसे कोयल की कूक का स्वर भी माना जाता है।



वर्ग पहेली -21 का हल

1 दू			2 रू		3 वि	
का		4 दु	हा		रो	
न		नि	5 नि	बो	ध	
	6 ह	या	ल	य		
		दा	7 त	8 मा	चा	
9 अ	भि	र	त		निं	
			10 दा	द	रा	

सुडोकू-101

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	5		7			2		
8				2		6		
	3				6			
6		8					2	
	2						8	
			4			3		9
	6	4					7	
		1		6				2
					8		5	

सुडोकू -100 का हल

7	1	4	8	2	6	9	5	3
9	6	8	7	3	5	2	1	4
2	3	5	1	4	9	8	6	7
6	2	1	9	7	3	5	4	8
4	9	7	2	5	8	1	3	6
8	5	3	6	1	4	7	9	2
3	4	2	5	8	1	6	7	9
5	7	9	4	6	2	3	8	1
1	8	6	3	9	7	4	2	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 18.56 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-स्वाती 18.38 तक तत्पश्चात विशाखा।

मेष — आज जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट करेगा। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहने वाला है। अपने सहकर्मियों से ईर्ष्या न करें। व्यापार में कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। महंगी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे।

वृष — आज सोशल मीडिया का व्यावसायिक प्रयोग लाभप्रद सिद्ध होगा। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। अपने विकास के लिए आपको थोड़ा स्वार्थी बनना होगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा।

मिथुन — आज घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा। दोपहर के बाद स्थिति सामान्य होगी। इंजीनियरिंग के छात्रों की पढ़ाई में काफी बाधाएं आएंगी। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ मैत्री संबंध स्थापित करने से बचें।

कर्क — आज किसी से असहमत होने पर उसका अपमान न करें। जोड़ों में दर्द और अकड़न जैसी समस्या हो सकती है। अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए दिन बहुत अच्छा है। कमीशन के कारोबार से जुड़े लोग सावधान रहें।

सिंह — आज कारोबारी यात्रा हो सकती है। बेरोजगार युवा नौकरी के लिए इन्टरव्यू दे सकते हैं। पुराने निवेश से आपको अचानक लाभ प्राप्त होगा। दिन का प्रारम्भिक हिस्सा आपके लिये बेहद शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन को लेकर रुचि जागृत होगी।

कन्या — आज फाइनेंस संबंधी कार्यों में अपेक्षानुसार परिणाम नहीं मिलेंगे। भविष्य की योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। पड़ोसियों के साथ संबंध खराब हो सकते हैं। आपके द्वारा बोले गए कटु वचनों से प्रियजनों का मन व्यथित न हो इसका ध्यान रखें।

तुला — आज शोध कार्यों में अपेक्षित सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आएगी। आध्यात्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा।

वृश्चिक — आज लोग आपके ऊपर बेवजह के आरोप लगा सकते हैं। यात्रा के दौरान अपना सामान सुरक्षित रखें। प्रेम संबंधों को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे। किसी मित्र को उधार देना पड़ सकता है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को बॉस की डांट खानी पड़ सकती है।

धनु — आज आप काफी आशावादी रहेंगे। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती है। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जाएगा।

मकर — आज संतान की शिक्षा पर ध्यान देना काफी आवश्यक है। सरकारी मामलों में सावधानी बरतें। करियर को लेकर चिंता के भाव उत्पन्न होंगे। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। लोग आपकी प्रतिभा और क्षमताओं का सम्मान करेंगे।

कुंभ — आज तनाव लेने के बजाय विवेक और धैर्य से काम लेना उचित होगा। धर्म-कर्म को लेकर मन में विपरीत विचार उत्पन्न हो सकता है। छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

मीन — आज सरकारी सहयोग से आपके काम पूरे हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध बिगड़ सकते हैं। मन अशांत होने की संभावना है। किसी सहकर्मी के साथ आपको विवाद का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- बादशाह — सुबह : 11.00
- वीरगति — रात : 07.00

&pictures
- एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11.03
- गजनी — शाम : 04.18

SONY PIX
- रेडी प्लेयर वन — सुबह : 10.09
- जिओस्ट्राम — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- नो प्रॉब्लम — सुबह : 09.05
- डॉन — रात : 08.25

colors CINEPLEX
- ब्रदर्स — सुबह : 09.47
- दसवीं — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.25 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बालक अपने पड़ोस में जाता है और दरवाजे की घंटी बजाता है, महिला दरवाजा खोलती है।
महिला-बेटा क्या हुआ?
बालक- आंटी मम्मी ने एक कटोरी चीनी मंगाई है।
महिला (मुस्कुराकर उसका सिर सहलाते हुए कहती है)-अच्छा और क्या कहा है तेरी मम्मी ने ?
बालक -कहा है कि अगर वो डायन न दे तो सामने वाली चुड़ैल से ले आना।

पप्पू साइकिल से जा रहा था। अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की- घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू-अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं!

लोकसभा चुनाव: ड्यूटी में लगे वाहनों के किराए में की गई वृद्धि

छोटे वाहनों के लिए 1430, बड़े के लिए 2840 व 30 सीटर के लिए 3800 रुपये प्रतिदिन शुल्क तय

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि निर्वाचन टीमों को पोलिंग बूथ तक लेने के लिए जिन वाहनों का इस्तेमाल किया जायेगा, इस बार उनका किराया बढ़ाया गया है। पहले छोटे वाहनों के लिए 750 रुपये, बड़े वाहनों के लिए 1800 रुपये किराया शुल्क तय किया गया था। इस बार इसको बढ़ाते हुए छोटे वाहनों के लिए 1430 रुपये, बड़े वाहनों के लिए 2840 रुपये तथा 30 सीटर से बड़े वाहनों के लिए

प्रेस ब्रीफिंग करते अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे।

3800 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से किराया शुल्क तय किया गया है। ईंधन का शुल्क अलग से वहन किया जायेगा।

वाहन चालकों के लिए पहली बार 150 रुपये प्रतिदिन उनके खानपान के लिए और 200 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय उपलब्ध कराया जाएगा। पोलिंग पार्टियों के साथ जाने वाले वाहनों के चालकों को रहने और खाने की व्यवस्था संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों के माध्यम से की जायेगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जानकारी मिली है कि निर्वाचन के समय शादियों की तिथियां भी आ रही हैं, इसको देखते हुए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, आरटीओ और एआरटीओ को निर्देश दिये गये हैं कि इस तरह से वाहनों का प्रबंध करें कि वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए प्रर्याप्त संख्या में वाहन उपलब्ध रहें। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) के तहत राज्य में अभी तक 3.60 करोड़ रुपये की जब्ती की गई है। सबसे अधिक 81 लाख की जब्ती हरिद्वार में, 71 लाख उधमसिंह नगर और 67 लाख की जब्ती देहरादून में हुई है। एनडीपीए एक्ट के मामलों में 1.01 करोड़ मूल्य की जब्ती, एक्साइज की 1.03 करोड़ और 48 लाख रुपये कैस जबेत किए गए हैं। जोगदंडे ने बताया कि पुलिस ने 3.25 करोड़ तथा आबकारी विभाग ने 27 लाख की जब्ती आचार संहिता लगने के बाद की है। बताया कि ईएसएमएस पर सभी एक्टिविटी को दर्ज किया जाता है।

देहरादून में अधिकारियों की बैठक लेतीं मुख्य सचिव राधा रतूड़ी। ● अमृत विचार

वित्त आयोग को भेजे जाने वाली संस्तुतियों पर चर्चा

देहरादून, अमृत विचार : 16वें वित्त आयोग को राज्य की ओर से प्रेषित की जाने वाली संस्तुतियों की तैयारियों के सम्बन्ध में बुधवार को सचिवालय में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में सभी विभागों की बैठक आहूत की गई। बैठक में राज्य के सन्दर्भ में 16वें वित्त आयोग के सभी बिन्दुओं तथा विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव आनंदवर्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव दिलीप जावलकर, वी षणमुगम, अरविन्द सिंह हयांकी, डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा सहित विभिन्न विभागों अधिकारी उपस्थित थे।

लिफ्ट खराब होने से मरीज परेशान

अल्मोड़ा : हरगोविंद पंत जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा की लिफ्ट पिछले कई दिनों से खराब पड़ी है। जिस कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन अस्पताल प्रबंधन अभी तक लिफ्ट को ठीक नहीं करा पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला अस्पताल की लिफ्ट आये दिन खराब रहती है। मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी इसकी हालत में कोई सुधार नहीं है। लिफ्ट के खराब होने के कारण तीमारदारों को मरीजों को बहुमंजिले अस्पताल में सीढ़ियों से लेकर जाना पड़ता है। कई बार मांग करने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन समस्या से लोगों को निजात नहीं दिला पा रहा है।

लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम के निर्देश पर निर्वाचन कार्यालय में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों ने कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदाता शपथ आयोजित कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने देहरादून के करनपुर स्थित डीएवी कॉलेज में जाकर मतदाता शपथ एवं जन जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने रितिका चिल्ड्रन एकेडमी, केदारपुरम, दून यूनिवर्सिटी और संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप शाह ने लक्खीबाग स्थित प्राइमरी स्कूल और उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी मुक्ता मिश्र ने उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीव नगर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

देहरादून में लोगों को जागरूक करते निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी।

कारों की टक्कर में मां बेटी समेत तीन की मौत

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : देहरादून में बुधवार सुबह तीन कारों के आपस में टकरा जाने से वाहनों में सवार मां-बेटी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। साथ ही पांच लोग घायल हो गए।

कुआंवाला क्षेत्र में टोल प्लाजा के पास दड़ेश्वर मन्दिर से पहले तीन वाहन आपस में टकराकर दुर्घनाग्रस्त हो गये हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहत और बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह 6 बजे डोईवाला की ओर से आ रही इको स्पोटर्स कार बेकाबू होकर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ देहरादून से डोईवाला की ओर जा रहे मारूति इको तथा आल्टो 800 कार से टकरा गई। इससे वाहनों में सवार कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें

▸▸ डोईवाला क्षेत्र में बुधवार तड़के डिवाइडर पार कर दूसरी सड़क पर दो अन्य कारों से भिड़ी बेकाबू कार

से तीन लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों में गौरव कन्वासी (32) पुत्र खुशाल सिंह, निवासी नागपुर पटटी दुर्गा धार, जिला रूद्रप्रयाग, भुवनेश्वरी (30) पत्नी महादेव पुरोहित, निवासी ग्राम कुहेली, पोस्ट कुरूक्षण, जिला रूद्रप्रयाग तथा भुनेश्वरी की पुत्री गौरी (5) वर्ष शामिल हैं। घायलों में जसमती देवी पत्नी चन्द्रसिंह नेगी, निवासी बालावाला, देहरादून, दिव्यांश नेगी पुत्र रविन्द्र नेगी, निवासी, बालावाला देहरादून, मनोज पुत्र शिवराज सिंह, निवासी सेलाकुई, देहरादून, बुद्विराम पुत्र केवल राम निवासी तिलवाड़ा, रूद्रप्रयाग, आमिर पुत्र अजहर अली, निवासी प्रेमनगर, देहरादून शामिल हैं।

सीएम धामी को स्टार प्रचारक बनाने से कार्यकर्ता खुश

देहरादून, अमृत विचार : भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को यूपी, मध्यप्रदेश व राजस्थान समेत अनेक राज्यों में पार्टी का स्टार प्रचारक बनाने पर खुशी जताई है। प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा कि ऐतिहासिक एवं साहसिक निर्णयों के चलते उनकी बढ़ती स्वीकार्यता प्रत्येक देवभूमि वासी के लिए गर्व का विषय है।

मीडिया से बातचीत में जोशी ने कहा कि अपने दूसरे कार्यकाल में सीएम धामी ने पीएम मोदी के मार्गदर्शन में राज्य का चहुंमुखी विकास किया। साथ ही जनता से किए सभी संकल्पों को पूरा करने का काम किया। सीएम धामी सर्वसुलभ, शालीन और विनम्र मुख्यमंत्री हैं जो प्रत्येक कार्यकर्ता और जनता के संपर्क में रहते हैं। यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बनाकर धामी राष्ट्रवादी संस्कृति को स्थापित करने वाले ब्रांड एंबेसडर के रूप में सामने आए हैं।

पूर्णागिरि में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

भैरव मंदिर के पास लगी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

शारदा घाट में स्नान करते लोग व नदी के तेज बहाव को कम करती मशीन।

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : होली पर्व के बाद मां पूर्णागिरि धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है।

बुधवार को भीड़ अधिक होने के कारण श्रद्धालुओं को भैरव मंदिर के पास करीब एक घंटे तक रूकना पड़ा। काली मंदिर से मुख्य मंदिर तक जगह-जगह बैरिकेडिंग लगाकर श्रद्धालुओं को घंटों इंतजार के बाद मां पूर्णागिरि के दर्शन हो पाए। सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों के साथ पहुंचे श्रद्धालुओं को

▸▸ भैरव मंदिर में एक घंटे तक श्रद्धालुओं को रूकना पड़ा

▸▸ वाहनों की आवाजाही से यातायात व्यवस्था भी बाधित

उठानी पड़ी। बता दें कि इस बार अन्य वर्षों की तरह मां पूर्णागिरि धाम मेले में अतिरिक्त पुलिस बल नहीं पहुंच पाया है। जिससे व्यवस्थाओं में काफी दिक्कतें आ रही है। पीआरडी और होमगार्ड के जवानों से ही अधिकतर ड्यूटी कराई जा रही है। वाहनों की बढ़ती आवाजाही से यातायात भी समय-समय पर बाधित हो रहा है। पूर्णागिरि मार्ग में जगह-जगह पार्किंग स्थल पैक हो गए हैं। जिससे वाहनों को टनकपुर जौलजीबी मोटर मार्ग के किनारे खड़ा करना पड़ रहा है। साथ ही टनकपुर के बैराज मार्ग में भी वाहनों से यातायात प्रभावित हो रहा है।

इधर, शारदा नदी में स्नान के लिए भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। जिनकी सुरक्षा के लिए विशेष पुलिस टीम तैनात की गई है। एसडीएम मेला मजिस्ट्रेट आकाश जोशी, सीओ शिवराज सिंह राणा और टनकपुर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी भूपेंद्र प्रकाश जोशी भी पूर्णागिरि मेले की व्यवस्थाओं में जुटे हैं।

ईओ जोशी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए शारदा घाट में पानी के तेज बहाव को रोककर घाट के पास कम पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। वहीं नेपाल के महेंद्रनगर और ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धनाथ मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

पोस्टल बैलट भरने की अंतिम तिथि आज

चम्पावत : लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान हो, इसके लिए मुख्य निर्वाचन आयोग ने आवश्यक सेवाओं के साथ ही निर्वाचन में लगे कार्मिकों को पोस्टल बैलेट तथा ईडीसी की सुविधा प्रदान की है। जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का वोट कीमती है। जो कार्मिक निर्वाचन ड्यूटी में लगे हैं वह अपने मतदान केंद्र में जाकर मत नहीं दे सकते हैं। इसलिए कार्मिक पोस्टल बैलेट तथा ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) के माध्यम से अपना मत दे सकते हैं। इसके लिए समान संसदीय क्षेत्र के लिए फार्म 12 क तथा अन्य संसदीय क्षेत्र के लिए फार्म 12 भरा जाना है। बताया कि पोस्टल बैलट भरने की अंतिम तिथि 28 मार्च है। ईडीसी भरने की अंतिम तिथि 30 मार्च है। उन्होंने सभी कार्मिकों से अपील की है कि वह अंतिम अवसर न खोएं और पोस्टल बैलट व ईडीसी समय से भरकर जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कराएं।

रणछोड़ बहादुरों का रिकॉर्ड बनाएगा विपक्ष

▸▸ पूर्व मंत्री बोले- प्रधानमंत्री ने भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी और सुशासन की स्वभाविक राजनैतिक पार्टी बनाया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनावी विपक्षी रण बांकुरों से ज्यादा रणछोड़ बहादुरों का रिकार्ड साबित होगा। चुनावी मैदान में भाजपा से भिड़ने वालों से ज्यादा मैदान से भागने वालों की भीड़ दिख रही है।

अजीतपुर स्थित सांवरिया बैंक्वेट हॉल में भाजपा के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के नामांकन से पहले हुई जनसभा में पूर्व मंत्री ने कहा कि आज देश में मोदी मूड, करोड़ों कार्यकर्ताओं की तपस्या

जनसभा में मौजूद मुख्तार अब्बास नकवी, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी एवं अन्य।

की ताकत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिश्रम का परिणाम है जिसने भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी और सुशासन की स्वभाविक राजनैतिक पार्टी बना दिया है। आम चुनाव नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास और विश्वास के समावेशी-सर्वस्पर्शी माहौल को मजबूर व महफूज करने का मौका है। हमें समाज के सभी तबकों का वोट और सपोर्ट लेना है। यह चुनाव मोदी के सुशासन की गारंटी को वोटों के शक्ति से सशक्त और सुरक्षित करना है। हमें साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की आफत से समावेशी सशक्तीकरण की ताकत को अपहरण होने से भी बचाना है। समाज के सभी वर्गों के लिए भी मोदी युग सुरक्षा, समृद्धि, समावेशी सशक्तीकरण का स्वर्णिम समय साबित हुआ है। हमें समावेशी सशक्तीकरण की ताकत को साम्प्रदायिकता तुष्टीकरण की आफत से बचाना होगा। कुछ सुल्तानों की भारत की धाक-धमक को धूमिल करने की धूर्ततापूर्ण धुन से हमें सावधान रहना होगा। कांग्रेस और सपा गठबंधन मैदान में आने से पहले ही बिना जमीन के जागीरदार का महत्त्वाकांक्षी घमासान साफ दिखाई दे रहा है। कुछ दल जुगाड़ के जुटान से जनादेश के मकान का रास्ता तलाश रहे हैं, उन्हें भी मालूम है मोदी के काम-करिश्मे से कुंठित कुनबे का जुगाड़ चारों खाने चित होगा। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रभारी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, जिला प्रभारी राजा वर्मा, एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, शहर विधायक आकाश सक्सेना, मिलक विधायक राजबाला, मंजू दिलेर आदि मौजूद रहे।।

इंडिया गठबंधन देश की जरूरत : स्वामी प्रसाद मौर्य

लखनऊ, अमृत विचार : राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि इंडिया गठबंधन देश की जरूरत है। उनकी पार्टी गठबंधन को मजबूत करेगी। आजाद समाज पार्टी व अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन की चर्चाओं को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वह चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में गरीबों, अनुसूचित व पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। महंगाई चरम पर है। लोकतंत्र व संविधान खतरे में है। विपक्षी दलों के नेताओं को फर्जी मुकदमों में जेल भेजा जा रहा है।

नींद की झपकी आने से कार पलटी, चार लोगों की मौत

संवाददाता, नजीबाबाद (बिजनौर)

अमृत विचार : ऋषिकेश एम्स से दवा लेने जा रहे लोगों की कार ग्राम गुनियापुर के पास अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर कर पलट गई जिससे परिवार के चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतकों में पिता, दो बेटे और साला शामिल है। हादसा थाना नजीबाबाद के नेशनल हाईवे 74 पर हुआ।

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह पांच बजे हुए हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों और पुलिस ने कार सवार लोगों को बाहर निकाला, लेकिन निकलने से पहले ही चार लोगों की मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि अमरोहा के रहने वाले मेहर सिंह की तबीयत

▸▸ ऋषिकेश एम्स से दवा लेने जा रहे थे, हादसे के समय कार की रफ्तार तेज थी

ठीक नहीं थी। उनकी दवा ऋषिकेश एम्स से चल रही थी। मेहर सिंह का बड़ा बेटा प्रवेंद्र रामपुर में सिपाही पद पर तैनात था। उसे पिता को चिकित्सक को दिखाना था। प्रवेंद्र ने पिता से कहा कि वह उसके मामा देवेंद्र 50 वर्ष और भाई रतन सिंह को लेकर बिजनौर आ जाएं। वह भी रामपुर से छुट्टी लेकर वहीं कार लेकर आ जाऊंगा।

बेटे के कहने पर मेहर सिंह साले देवेंद्र और छोटे बेटे रतन सिंह के साथ बिजनौर पहुंचे और वहां से सभी लोग कार से ऋषिकेश के लिए रवाना हो गए। प्रवेंद्र रात भर जागा था और कार भी वही चला रहा था। सुबह के समय हाईवे पर अचानक उसको झपकी आ गई और कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें कार सवार चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मेहर सिंह पुत्र काशीराम सिंह, प्रवेंद्र सिंह 35 वर्ष पुत्र मेहर सिंह, रतन सिंह 32 वर्ष पुत्र मेहर सिंह, देवेंद्र सिंह 50 वर्ष हादसे में मारे गए। हादसे में मारे गए सभी लोग अमरोहा जिले के सीखरोहा गांव के बताई जा रहे हैं। एसपी सिटी संजीव वाजपेई ने बताया कि हादसे में चार लोगों की मौत हुई है।

कार सवार लोग अमरोहा से ऋषिकेश दवाई लेने के लिए जा रहे थे। चारों की एक साथ मृत्यु से परिवार वालों का बुरा हाल है।

बैंकों में लंबित पशु पालन के केसीसी, 19 जिले पीछे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ऋण देकर पशु पालन को बढ़ावा देने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनाने में 19 जिले पीछे है। सबसे ज्यादा खराब प्रगति सीतापुर, सोनभद्र, फिरोजाबाद व मिर्जापुर की है। इन जिलों में पूरे वित्तीय वर्ष से पशु पालकों के आवेदन लंबित हैं। जिन्हें वर्ष समाप्ति से पहले स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं।

फसल की तरह पशु पालन के लिए भी किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर ऋण देना है। इसका जिलों को लक्ष्य मिला था। समीक्षा की गई तो 19 जिलों की प्रगति खराब मिली। इसमें सोनभद्र में लक्ष्य के सापेक्ष 5.43 फीसद केसीसी, सीतापुर 5.55, फिरोजाबाद 7.23,

▸▸ सीतापुर, सोनभद्र, फिरोजाबाद, मिर्जापुर की प्रगति बेहद खराब

मिर्जापुर 9.59, गोंडा 11.33, मैनपुरी 12.33, लखीमपुर खीरी 13.61, बांदा 13.76, फर्रुखाबाद 13.76, बलरामपुर 16.39, भदोही 16.86, हमीरपुर 17.74, चित्रकूट 18.36, एटा 20.58, बहराइच 23.73, मुरादाबाद 26.30, आगरा 28.22, बुलंदशहर 29.75 व कानपुर देहात में 29.78 फीसद केसीसी बनाए गए। जबकि, पूरे वित्तीय वर्ष आवेदन बैंकों में लंबित पड़े हैं। संस्थागत वित्त, बीमा एवं वाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय की सहायक निदेशक निधि श्रीवास्तव ने वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले आवेदन निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं।

पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

बरेली/बहेड़ी, अमृत विचार : बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव सुकटिया के कब्रिस्तान में मंगलवार रात एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। सुकटिया निवासी बाबू उर्फ नन्हें ने बताया कि गांव की एक युवती ने उनके भतीजे मोहम्मद सलीम के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद युवती के परिजनों ने समझौते का दबाव बनाते हुए एक लाख रुपये की मांग की गई। मंगलवार रात को घर से निकलते समय सलीम ने परिजनों को बताया कि वह दूसरे पक्ष के लोगों को रुपये देने जा रहा है। देर रात तक सलीम घर नहीं आया तो उसकी तलाश शुरू की। कब्रिस्तान की ओर पहुंचे तो वहां पेड़ पर सलीम का शव लटका देखा। परिजनों ने सलीम की हत्या की आशंका जताहै।

चुनाव से उद्योगों पर असर नहीं, करोड़ों के अनुदान जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे अधिकारियों का रुटिन कामकाज भी डर्रे पर है। प्रदेश के औद्योगिकरण के लिए इकाईयां लगा रहीं कंपनियों को नीति के तहत घोषित करोड़ों रुपये की छूट का अनुदान तेजी से जारी हो रहा है।

ऐसे तमाम मामलों का औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से रोजाना निस्तारण हो रहा है। खाद्य प्रसंस्करण नीति 2017 के तहत कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में गठित स्टेट लेबल इंपावर्ड कमेटी की बैठक में पहले प्रदेश के विभिन्न जिलों में लग रहीं इकाईयों को अनुदान स्वीकृत किए

▸▸ एसीएस मनोज कुमार ने राइस मिलों व प्रसंस्करण इकाईयों को दिए पूंजीगत अनुदान

गए थे। इसके तहत कानपुर देहात की मे. डैरा बिल्टी साल्यूशन प्रालि. की एक्सपेलर इकाई को 41.18 लाख पूंजीगत अनुदान भेजा गया है। इसी तरह कानपुर के इंडस्ट्रियल एरिया जैनपुर में स्थापित मे. मार्डन स्नैक्स प्रालि. को 23.86 लाख का पूंजीगत अनुदान भेजा गया है।

एसीएस ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक को हिदायत दी है कि भेजे गए अनुदान राशि का सदुपोग इकाई में हो और अनुदान के लिए स्वीकृत धनराशि जारी करने से पहले संस्था के सभी अभिलेखों की जांच और स्थलीय निरीक्षण पूरा किया जाएगा।

बाघ एक्सप्रेस की चपेट में आई महिला

बरेली, अमृत विचार : सिटी श्मशान भूमि क्रॉसिंग पर बाघ एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। महिला बंद क्रॉसिंग को पार कर रही थी। हादसे के वक्त महिला का बेटा भी साथ में था लेकिन पीछे होने के कारण वह बच गया। किला के मोहल्ला कुंवरपुर निवासी 50 वर्षीय बीना पत्नी जोगेंद्र पाल सिंह बुधवार सुबह छह बजे बाकरगंज से मंदिर में पूजा करने जा रही थीं। उनके साथ बेटा अरविंद भी था। सिटी श्मशान भूमि क्रॉसिंग को 13019 बाघ एक्सप्रेस को गुजारने के लिए बंद किया गया था। बीना बूम के नीचे से क्रॉसिंग पार करने लगीं कि तभी ट्रेन आ गई। ट्रेन की टक्कर लगने से वह दूर जाकर गिरीं और सिर में चोट लगने से उनकी मौत हो गई। बरेली जंक्शन से आरपीएफ और किला थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को रौंदा

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

अमृत विचार : क्षेत्र में मंगलवार रात भाजपा का झंडा लगी कार की टक्कर से बाइक सवार मुरादाबाद के रहने वाले पिता-पुत्र की मौत हो गई। वे दोनों बरेली से घर लौट रहे थे। मुरादाबाद महानगर के मोहल्ला करूला पीर बाजार कॉलोनी निवासी गुलाम हुसैन (40) पुत्र दानिश (14) के साथ बरेली में शेरगढ़ के रहने वाले अपने चचेरे भाई के घर मिलने गए थे।

मंगलवार रात्रि भोजन के बाद दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। रात्रि 11 बजे कोतवाली क्षेत्र में हाईवे स्थित निजी ढाबे के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वे दोनों उछलकर हाइवे पर जा गिरे। हादसे के बाद हाइवे पर जाम लग गया। राहगीरों ने दोनों घायलों को हाइवे से हटाया। दोनों घायलों को से मिलक के सरकारी अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टर ने दानिश को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल गुलाम हुसैन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पहुंचने से पहले ही रास्ते में गुलाम ने भी दम तोड़ दिया। मृतकों की जेब से मिले मोबाइल नंबर पर संपर्क कर हादसे की सूचना परिजनों को दी गई। इसके बाद परिजनों ने एक साथ पिता-पुत्र के शवों को देखा तो अस्पताल में चीख पुकार मच गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन दोनों के शव मुरादाबाद ले गए। चालक कार को छोड़कर फरार हो गया। उस पर भाजपा का झंडा लगा था।

बाजार	सेंसेक्स ▲	निफ्टी ▲
बंद हुआ	72,996	22,123
बढ़त	526	118
प्रतिशत में	0.73	0.54

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1910, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1820, रविन्द्रा 1860, फॉर्चुन ली0 1670, जय जवान 1495, सचिन 1610, सूरज 1520, अवसर 1650, राग गोल्ड 1695, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1880 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल -(प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 । दाल दलहन- मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15000 । चीनी - डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3980 (नयी), बहेड़ी 4000 (नयी)।

पिछले एक वर्ष के दौरान कृषि विपणन सुधार से मंडियों को मिली रफ्तार

केंद्र के निर्धारित मानकों पर उत्तर प्रदेश ने पूरा कर हासिल किए 100 अंक

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश की मंडी समितियां किसानों से उपज खरीदने के साथ उनकी बेहतर मार्केटिंग करने में अन्य राज्यों से आगे पहुंच गई हैं। पिछले एक वर्ष में कृषि विपणन में तेजी से सुधार हुआ है।

परिणाम यह है कि केंद्र से कृषि विपणन सुधार के निर्धारित किए गए अधिनियम व मानक दोनों को उत्तर प्रदेश ने पूरा कर 100 में 100 अंक हासिल किए हैं। जबकि अन्य राज्यों को 90 से 96 फीसद अंक मिले हैं। इससे उत्तर प्रदेश कृषि विपणन के साथ केंद्र के निर्धारित मानकों को पूरा करने में पहले स्थान पर है। इससे किसानों को फायदा होने से मंडी कारोबार को रफ्तार मिली है। इसका किसानों को लाभ मिलेगा और आगे मंडी परिषद नवाचार अपनाएगा।

- **अधिनियम व नियम दोनों में मिले प्रदेश को 10-10 अंक**

इनमें बिंदुओं पर मिले 10-10 अंक : निजी बाजार, मंडियों के बाहर थोक व्यापार, वेयर हाउस, कोल्ड स्टोर, साइलो, ई-ट्रेडिंग, एक बाजार शुल्क, एकीकृत लाइसेंस, मंडी शुल्क

> केंद्र ने कृषि विपणन में सुधार के लिए सभी राज्यों के लिए मानक निर्धारित किए थे। उस पर उत्तर प्रदेश की मंडियों ने काम कर 100 फीसद मानक पूरे किए हैं। इसका किसानों को और लाभ मिलेगा। इसी तरह किसान हित में जो भी मानक आएंगे वह पूरे करेंगे।
>
> – अंजनी कुमार सिंह, निदेशक, मंडी परिषद।

शुल्क कम तो ई-ट्रेडिंग से आई बेहतरी

सिस्टम एनालिस्ट सतेंद्र तिवारी ने बताया कि वैसे तो मंडी समितियों पर कृषि विपणन के क्षेत्र में कई काम हुए। इसमें केंद्र के निर्धारित मानकों को पूरा करने में खास निजी बाजार, मंडियों के बाहर सीधे कारोबार की स्वीकृति देना व वेयर हाउस, साइलो व कोल्ड स्टोर को मार्केट यार्ड घोषित करना है। इसी तरह ई-ट्रेडिंग के जरिये किसानों को ऑनलाइन खरीद-बिक्री का प्लेटफार्म मिला। व्यापारियों को एक कर व एकीकृत लाइसेंस की सुविधा के साथ मंडी, बाजार व कमीशन शुल्क कम होने से राहत मिली। इससे विपणन को बढ़ावा मिला है।

आरबीआई ने एमपीसी बैठकों का कार्यक्रम जारी किया

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को नये वित्त वर्ष (2024-25) के लिए मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की दो महीने पर होने वाली बैठकों के कार्यक्रम की घोषणा की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पहली बैठक तीन से पांच अप्रैल को होगी। अगली बैठक पांच जून को शुरू होगी जबकि मौद्रिक समीक्षा की घोषणा सात जून को होगी। आमतौर पर, छह सदस्यीय समिति के सदस्य बैठक के तीसरे दिन एक प्रस्ताव पर मतदान करते हैं और आरबीआई गवर्नर मतदान पूरा होने के बाद बैठक के नतीजों की घोषणा करते हैं। समिति के सदस्य बैठक के पहले दो दिन मौद्रिक नीति से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करते हैं। संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ अपनी बातें रखते हैं।

जीडीपी के दो प्रतिशत प्रत्यक्ष निवेश से 1.1 लाख नौकरियों का हो सकता सृजन

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत के लिए सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश संभावित रूप से 1.1 लाख नौकरियों का सृजन कर सकता है। इसमें से करीब 70 प्रतिशत अवसर महिलाओं को मिलेंगे। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही।

एफएलओ ने भारत की देखभाल (केयर) अर्थव्यवस्था को बदलने के लिए एक खाका भी पेश किया। इसमें पांच प्रमुख क्षेत्र, छुट्टी नीतियां, देखभाल सेवा सब्सिडी, देखभाल बुनियादी ढांचे में निवेश, देखभाल श्रमिकों के लिए कौशल प्रशिक्षण तथा गुणवत्ता आश्वासन तंत्र शामिल हैं। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन ने कहा, ''भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय मातृत्व अवकाश के लिए एमएसएमई और स्टार्टअप को वित्तीय रूप से समर्थन देने, माता-पिता की छुट्टी नीतियों को संशोधित करने और देखभाल कार्य अवकाश तथा लचीले कार्य विकल्पों को बढ़ावा देने पर विचार कर सकता है।

इसमें छुट्टियों के लिए बाजार-आधारित वित्तपोषण शुरू करना शामिल हो सकता है, जैसे कि माता-पिता की छुट्टी बीमा। नियोक्ताओं को स्त्री-पुरूष में अंतर किये बना देखभाल कार्य अवकाश और लचीले कार्य विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।'' रिपोर्ट में कहा गया, ''अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के साक्ष्य से पता चलता है कि देखभाल सेवा क्षेत्र में बढ़ते निवेश से 2030 तक वैश्विक स्तर पर 47.5 करोड़ नौकरियों का सृजन करने की क्षमता है।

सर्राफा

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	66400
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	65400
सिल्वर (पक्की)	740 (अनुमानित)

हल्द्वानी मंडी

(दाम प्रति किग्रा. में) चावल : शरबती- 110 मसूरी- 98 बासमती- 150

दाल दलहन : काला चना- 120 साबुत चना दाल- 112 मूंग साबुत- 95-125 राजमा- 156 दाल उड़द- 120 साबुत मसूर दाल- 119 मसूर दाल- 76-109 उड़द साबुत- 120 काबुली चना- 70-140 अरहर दाल- 165 लोबिया/करमानी- 90-135 सोयाबीन- 120 मूंगफली- 78-130 मटर (सूखी)- 61 मक्का- 18-30

टाटा का चार्जिंग स्टेशन लगाने को एचपीसीएल से गठजोड़

नयी दिल्ली, एजेंसी

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने इस साल के अंत तक देशभर में 5,000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ गठजोड़ किया है। टाटा मोटर्स की इकाई टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) ने बुधवार को बयान में कहा कि इस गठजोड़ के तहत एचपीसीएल के पेट्रोल पंप पर चार्जिंग स्टेशन लगाये जाएंगे।

ये स्टेशन उन स्थानों पर लगाये जाएंगे जहां 1.2 लाख से अधिक टाटा इलेक्ट्रिक वाहनों के मालिक प्रायः आते हैं। कंपनियां सह-ब्रांडेड आरएफआईडी कार्ड के माध्यम से एक सुविधाजनक भुगतान प्रणाली शुरू करने की संभावना भी टटोल रही हैं। एचपीसीएल के पास 21,500 से अधिक पेट्रोल पंप का नेटवर्क है। कंपनी का दिसंबर, 2024 तक 5,000 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य है। टीपीईएम के मुख्य रणनीति अधिकारी बालाजी राजन ने कहा, ''एचपीसीएल के साथ यह रणनीतिक साझेदारी भारत के ईवी परिवेश को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

पवन दावुलुरी बने माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस के चीफ

नई दिल्ली। आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र पवन दावुलुरी को माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस का चीफ बनाया गया है। दावुलुरी ने लंबे समय से प्रोडक्ट हेड रहे पैनोस पानाय का जगह लिया है। पानाय ने पिछले साल अमेजन जॉइन करने के लिए डिपार्टमेंट छोड़ दिया था। दावुलुरी इससे पहले सरफेस ग्रुप को हेड करते थे, जबकि मिखाइल पारखिन विंडोज डिपार्टमेंट के हेड थे। इन दोनों के पद छोड़ने के बाद, पवन ने विंडोज़ और सरफेस दोनों डिपार्टमेंट्स का कार्यभार संभाल लिया है।

सात प्रतिशत के दायरे में देश की आर्थिक वृद्धि दर बेहतर : सान्याल

नयी दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने बुधवार को कहा कि जब तक वैश्विक माहौल में सुधार नहीं होता, भारत को मौजूदा वृद्धि दर से संतुष्ट रहना चाहिए। उन्होंने सात प्रतिशत के दायरे में आर्थिक वृद्धि को बेहतर बताया। सान्याल ने यह भी कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर कड़ी मेहनत से जो स्थिरता हासिल की गयी है, उसे बनाये रखना जरूरी है।

सान्याल ने एक सम्मेलन में कहा, ''...हमारे लिए दहाई अंक में वृद्धि हासिल करना संभव है, लेकिन मैं वास्तव में इसको लेकर सावधान हूं। यह पूरा खेल वृद्धि पर वृद्धि को लेकर है।'' भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत रही है, जो पिछले डेढ़ साल की सबसे तेज रफ्तार है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में अच्छी वृद्धि दर से चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ''अर्थव्यवस्था की अभी जो वृद्धि दर है, फिलहाल उससे अधिक बढ़ाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। अगर वैश्विक वातावरण में नाटकीय रूप से सुधार नहीं होता है, तब क्या होगा, हमारे बाह्य खाते, मुद्रास्फीतिक दबाव पड़ेगा।''

राष्ट्रीय

एक नजर

चारा घोटाला: 89वें गवाह का बयान कलमबंद

पटना, एजेंसी। बिहार के बहुचर्चित करोड़ो रुपये के चारा घोटाला से जुड़े एक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आज विशेष अदालत में अपने 89वें गवाह का बयान कलमबंद करवाया। चारा घोटाला मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के न्यायाधीश महेश कुमार की अदालत में सीबीआई ने 89वें गवाह के रूप में बिहार विधानसभा के एक पूर्व अधिकारी फूल झा को पेश किया था। गवाह का मुख्य परीक्षण पूरा हुआ और बचाव पक्ष के द्वारा प्रति परीक्षण किया गया। अदालत ने मामले में 03 अप्रैल 2024 की अगली तिथि निश्चित की है।

हाथ काट देने वाला बयान देकर घिरे कांग्रेस विधायक

झाबुआ, एजेंसी। मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायक वीर सिंह भूरिया ने एक चुनावी सभा में आदिवासी संगठन जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) का नाम लेकर समर्थकों से कथित तौर पर कहा कि वे पार्टी के वोट काटने की बात करने वाले लोगों के हाथ काट दें। जयस का पश्चिमी मप्र के आदिवासी बहुल इलाकों में प्रभाव है। माना जाता है कि इस संगठन के समर्थित उम्मीदवारों के चुनावी मैदान में उतरने से कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक में सेंध लगती है। भूरिया ने रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार अनीता चौहान पर निशाना साधते हुए भिलाला समुदाय को कथित तौर पर "चोर और डाकू" भी कहा।

दिलीप, सुप्रिया को कारण बताओ नोटिस

निर्वाचन आयोग की कंगना और ममता बनर्जी पर टिप्पणियों को लेकर कार्रवाई

नयी दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया। रनौत को भाजपा ने आम चुनाव के लिए हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है।

निर्वाचन आयोग ने घोष और श्रीनेत की टिप्पणियों को ''अशोभनीय और गलत'' बताया। आयोग ने कहा कि प्रथम दृष्टया, दोनों टिप्पणियां आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) और चुनाव



प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों को गरिमा बनाए रखने की सलाह का उल्लंघन हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। घोष और श्रीनेत को 29 मार्च की शाम तक कारण बताओ नोटिस का जवाब देने को कहा गया है। निर्वाचन आयोग ने भाजपा की एक शिकायत के बाद श्रीनेत के खिलाफ कार्रवाई की, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर ''अशोभनीय टिप्पणियों'' के साथ रनौत की एक तस्वीर पोस्ट की थी। निर्वाचन आयोग के नोटिस के अनुसार सुप्रिया ने पोस्ट किया था, ''मंडी में क्या भाव चल रहा है, कोई बताएगा?'' पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता घोष को नोटिस तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा आयोग का रुख करने के बाद जारी किया गया। आयोग के नोटिस के मुताबिक घोष ने कहा था, ''जब दीदी गोवा जाती हैं, तो वह गोवा की बेटी बन जाती हैं, त्रिपुरा में वह कहती हैं कि मैं त्रिपुरा की बेटी हूं, तय करें कि आपके पिता कौन हैं। स्पष्ट करें...'' आयोग ने कहा कि सावधानीपूर्वक जांच करने पर टिप्पणी अशोभनीय, अपमानजनक और प्रथमदृष्टया एमसीसी के प्रावधानों और इस महीने की शुरुआत में जारी आयोग की सलाह का उल्लंघन करने वाली पाई गई है। आयोग ने दोनों नेताओं को एमसीसी के प्रावधान की याद दिलाई जिसमें कहा गया है कि अन्य राजनीतिक दलों की आलोचना उनकी नीतियों और कार्यक्रम, पिछले रिकॉर्ड और काम तक ही सीमित रहेगी।

बुधवार को जम्मू में गुड फ्राइडे और ईस्टर के उपलक्ष्य में एक जुलूस में हिस्सा लेते ईसाई श्रद्धालु। ● एजेंसी

अमेठी और रायबरेली सीट के बारे में कांग्रेस नेतृत्व करेगा फैसला

नयी दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बुधवार को हुई बैठक में उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट को लेकर चर्चा नहीं हुई और अब इस बारे में पार्टी नेतृत्व फैसला करेगा। सीईसी बैठक में उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड और गोवा के लिए लोकसभा उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता वाली बैठक में पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और सीईसी के कई अन्य सदस्य शामिल हुए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने पूछे जाने पर कहा कि आज की बैठक में इसको लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है।

साजिश का आरोप अधिसूचित अपराध से संबंधित नहीं है तो पीएमएलए लागू नहीं किया जा सकता: सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने अपने उस फैसले पर पुनर्विचार संबंधी याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसने कहा था कि किसी व्यक्ति के खिलाफ कथित आपराधिक साजिश रचने से संबंधित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-120बी लागू करके धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज नहीं किया जा सकता है, यदि कथित आपराधिक साजिश पीएमएलए के तहत अधिसूचित अपराध से संबंधित नहीं है। आईपीसी की धारा 120बी में आपराधिक साजिश के लिए सजा का प्रावधान है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने 29 नवंबर, 2023 के उस फैसले की समीक्षा संबंधी अर्जी खारिज कर दी, जिसमें कहा गया था कि यह जरूरी नहीं है कि जिस व्यक्ति के खिलाफ पीएमएलए की धारा-तीन के तहत अपराध का आरोप है, उसे अधिसूचित अपराध में आरोपी के रूप में दिखाया जाए। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा, ''खुली अदालत में पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई संबंधी अर्जी खारिज की जाती है।''

सभी दलों ने चुनावी बॉन्ड को भुनाया, कुछ बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : सीतारमण

नयी दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने चुनावी बॉन्ड भुनाए हैं। इस मामले में किसी को कुछ भी कहने का नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि यह सब वैध और कानून के मुताबिक था। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी बॉन्ड के खिलाफ उच्चतम न्यायालय के फैसले के मद्देनजर, चुनावों के वित्तपोषण के लिए बेहतर प्रणाली लाने को लेकर और अधिक चर्चा की जरूरत है। सीतारमण ने एक समाचार चैनल के सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि कानून को शीर्ष अदालत ने अब खारिज कर दिया है। लेकिन इसे संसद में पारित किया गया था।

जम्मू कश्मीर से अफस्पा हटाने का वादा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया गया : उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर, एजेंसी

नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि जम्मू कश्मीर से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) हटाने का वादा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया गया है और उन्हें डर है कि जिस तरह लद्दाख के लोगों को छठी अनुसूची के वादे के सिलसिले में ठगा गया है, उसी तरह यहां भी लोगों को ठगा जाएगा। वह मीडिया की इस खबर पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र भविष्य में जम्मू कश्मीर से अफस्पा हटाने पर निश्चित

ही विचार करेगा।

अब्दुल्ला ने बडगाम जिले में संवाददाताओं से कहा, ''मैं 2011 से इस दिन का इंतजार कर रहा हूं। (जब वह मुख्यमंत्री थे) तब हमने भी अफस्पा हटाने की काफी कोशिश की, लेकिन मुझे डर है कि जिस तरह लद्दाख के लोगों को छठी अनुसूची के वादे पर गुमराह किया और ठगा गया, उसी तरह जम्मू कश्मीर के लोगों को गुमराह किया जाएगा एवं ठगा जाएगा, क्योंकि यहां चुनाव हैं।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि समस्याग्रस्त क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को अभियोजन से पूर्ण छूट और उन्हें व्यापक अधिकार प्रदान करने वाले इस कानून को जम्मू कश्मीर में स्थिति सामान्य हो जाने के केंद्रीय नेताओं के बयानों को देखते हुए तत्काल हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल किया, ''जहां तक अफस्पा हटाने की बात है तो आज से ही शुरू कीजिए। जब वे कहते हैं कि स्थिति सामान्य है, आतंकवाद खत्म हो गया है, अब अलगाववादी विचार नहीं बचा है तो फिर वे किस बात का इंतजार कर रहे हैं?''

कोलकाता हवाई अड्डे पर एक दुर्घटना में दो विमानों के पंख क्षतिग्रस्त

कोलकाता। कोलकाता हवाई अड्डा पर बुधवार को एक दुर्घटना में दो विमानों के पंख आपस में टकराने से क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार विमानन कंपनी 'इंडिगो' के एक विमान के पंख 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' के विमान से टकराये जिसमें दोनों विमानों के पंख क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय ने इस दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और हादसे में शामिल इंडिगो के पायलट को उड़ान कार्य में नहीं लगाने को कहा है। हवाई अड्डा के सूत्रों ने बताया कि रनवे के पास के 'टैक्सीवे' पर करीब 11 बजे पूर्वाह्न के समय यह दुर्घटना हुई।

केजरीवाल के इस्तीफे की मांग पर भाजपा का प्रदर्शन

नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया तो आप विधायकों तथा उनके समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की।

केजरीवाल को ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया है। इस आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। दोनों ही दलों ने एक ही समय पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने हाथों में तख्तियां लेकर मार्च निकाला। पीली टी-शर्ट पहने आप नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा के विधायकों के पीछे-पीछे हो लिये। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। बिधूड़ी ने कहा, ''मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन पर भ्रष्टाचार के लगभग 12 आरोप हैं। अगर आबकारी नीति विश्वस्तरीय थी तो उन्होंने इसे वापस क्यों लिया? हम केजरीवाल के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।'' भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी दोपहर 12 बजे के आसपास विधानसभा परिसर के प्रवेश द्वार के बाहर मयूर विहार के लगभग 100 पार्टी कार्यकर्ताओं के एक समूह, पार्टी की महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ प्रदर्शन किया और केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। काले कपड़े पहने भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा प्रवेश द्वार पर एकत्र हो गए और नारेबाजी करने लगे।

कुर्सी का मोह नहीं छोड़ पा रहे केजरीवाल : अनुराग

श्रीनगर/शिमला। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि जेल में रहकर भी केजरीवाल मुख्यमंत्री की कुर्सी का मोह नहीं छोड़ रहे हैं। ठाकुर आज जम्मू-कश्मीर प्रवास पर थे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम उधमपुर में आयोजित बाइक रैली में भाग लिया और इसके बाद उधमपुर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित सांगठनिक बैठक में शामिल हुए। ठाकुर ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस समय लालू यादव चारा घोटाले में फंसे हुए थे उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री राबड़ी देवी उनकी तरफ से घोषणाएं करती थी, फिर धीरे-धीरे उन्होंने लालू यादव की गद्दी संभाल ली। उन्होंने कहा कि अब केजरीवाल के मामले में भी यही हो रहा है।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
चेन्नई सुपरकिंग्स	02	02	00	00	04	+1.979
राजस्थान रॉयल्स	01	01	00	00	02	+1.000
सनराइजर्स हैदराबाद	02	01	01	00	02	+0.675
कोलकाता नाइट राइडर्स	01	01	00	00	02	+0.200
पंजाब किंग्स	02	01	01	00	02	+0.025
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	02	01	01	00	02	-0.180
गुजरात टाइटंस	02	01	01	00	02	-1.425
दिल्ली कैपिटल्स	01	00	01	00	00	-0.455
मुंबई इंडियंस	02	00	02	00	00	-0.925
लखनऊ सुपर जायंट्स	01	00	01	00	00	-1.000

खेल डायरी

बोपन्ना-एबडेन मियामी ओपन के सेमीफाइनल में

मियामी गार्डन्स (अमेरिका)। भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने यहां मियामी ओपन में नीदरलैंड के सेम वर्बीक और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ को हराकर साल के तीसरे पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 3-6 7-6 10-7 से जीत दर्ज की। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी बोपन्ना को इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में रहने और जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी।

मुख्य कोच के लिए ल्यूक रोंची के संपर्क में पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) राष्ट्रीय टीम के नए मुख्य कोच के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ल्यूक रोंची से बात कर रहा है। पीसीबी के एक सूत्र ने बुधवार को बताया कि 42 वर्षीय रोंची के साथ 'विस्तृत चर्चा' हुई। रोंची पाकिस्तान सुपर लीग टीम इस्लामाबाद यूनाईटेड के भी कोच रहे हैं। सूत्र ने कहा, ''कोई भी बड़ा कोच पीसीबी के लिए काम करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है क्योंकि उनमें से ज्यादातर पहले से ही विभिन्न लीग के साथ प्रतिबद्ध हैं या उन्हें पाकिस्तान क्रिकेट में काम करने को लेकर आशंका है इसलिए कोच की तलाश रोंची तक पहुंची है।''

जोकोविच ने कोच इवानिसेविच से नाता तोड़ा

लंदन। शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2018 से उनके कोच रहे गोरान इवानिसेविच से अलग होने का फैसला किया है। इवानिसेविच के साथ रहते हुए सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 24 खिताब के साथ पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने बुधवार को 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि उन्होंने 'कुछ दिन पहले से' इवानिसेविच के साथ काम करना छोड़ दिया था। जोकोविच ने लिखा, ''कोर्ट पर हमारे रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव रहे लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा काफी मजबूत रही।''

उरुग्वे के क्लब कोलोन एफसी से जुड़े बिजय छेत्री

चेन्नई। भारतीय डिफेंडर बिजय छेत्री इस साल के अंत तक उधार पर उरुग्वे के फुटबॉल क्लब कोलोन एफसी से जुड़ गए हैं। उनके इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। छेत्री इस तरह किसी लेटिन अमेरिकी क्लब से अनुबंध करने वाले पहले भारतीय फुटबॉलर बने। कोलोन क्लब मोंटेवीडियो में स्थित है। क्लब सेगुंडा डिविजन पेशेवर (दूसरा डिविजन) में खेलता है और अभी ग्रुप बी लीग तालिका में तीसरे स्थान पर चल रहा है। छेत्री ने विज्ञप्ति में कहा, ''मैं अपने पेशेवर करियर में नई चुनौती का यह अवसर पाकर बहुत रोमांचित महसूस कर रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगा और अपने खेल को बेहतर बनाऊंगा।''

कोच स्टिमक को हटाने की मांग उठी

कोलकाता। निचली रैंकिंग की अफगानिस्तान के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत की 1-2 की शर्मनाक हार के बाद पूर्व फुटबॉल खिलाड़ियों ने मुख्य कोच इगोर स्टिमक को हटाने की मांग की है। भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने अपने 150वें मैच में 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा लेकिन इसके बावजूद घरेलू टीम विश्व रैंकिंग में 158वें स्थान पर काबिज अफगानिस्तान से मंगलवार को गुवाहाटी में हार गयी। भारत के पूर्व डिफेंडर गौरमांगी सिंह का मानना है कि भारतीय ड्रेसिंग रूम में कुछ गड़बड़ है, जबकि पूर्व फॉरवर्ड दीपेंदु विश्वास ने इस शर्मनाक प्रदर्शन के लिए स्टिमक के टीम चयन की आलोचना की और उन्हें तत्काल बाहर करने की मांग की।

सिंधू की मैड्रिड मास्टर्स में विजयी शुरुआत

मैड्रिड। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू बुधवार को यहां कनाडा की वेन यू झांग पर सीधे गेम में जीत के साथ मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंच गईं। पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट की उपविजेता रहीं सिंधू ने विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज झांग को एकतरफा मुकाबले में 21-16, 21-12 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का अगला मुकाबला चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन से होगा। लगभग आधे घंटे तक चले इस मुकाबले की शुरुआत में झांग ने सिंधू पर 4-2 की बढ़त बनायी। दोनों खिलाड़ियों ने इसके बाद एक-दूसरे को पछाड़ना जारी रखा और स्कोर एक समय 14-14 की बराबरी पर था। सिंधू ने इसके बाद कनाडा की खिलाड़ी को ज्यादा मौके नहीं दिये।



ट्रेविस हेड

अभिषेक शर्मा



हेनरिक क्लासेन

हेड, अभिषेक-क्लासेन के तूफान में उड़ी मुंबई

सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को 31 रनों से हराया, हैदराबाद की ओर से मैच में 18 छक्के और 19 चौके लगाए गए

हैदराबाद, एजेंसी

हेनरिक क्लासेन नाबाद 80 रन, अभिषेक शर्मा 63 रन तथा ट्रैविस हेड 62 रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आठवें मैच में मुंबई इंडियंस को 31 रनों से हरा दिया है। 278 रनों का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 246 रन ही बना सकी।

मैच में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, उप्पल में मुम्बई इंडियन के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मयंक अग्रवाल और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने मुंबई के लिए अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 45 रन जोड़े। पांचवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने मयंक अग्रवाल को 11 रन पर आउट कर हैदराबाद को पहला झटका दिया। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये अभिषेक शर्मा ने ट्रेविस हेड के साथ चौके-छक्कों की बारिश करते हुए मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर दिया। अभिषेक शर्मा ने 23 गेंदों में तीन चौके और सात छक्कों की मदद से 63 रनों की पारी खेली। ट्रेविस हेड ने 24 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से 62 रन ठोक डाले। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद भी एडन मारक्रम और हेनरिक क्लासेन ने धुआंधार बल्लेबाजी नहीं रुकने दी। हेनरिक क्लासेन ने 34 गेंदों में चार चौके और सात छक्कों की मदद से नाबाद 80 रन बनाये। एडन मारक्रम ने 28 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 42 रनों की पारी खेली।

हैदराबाद की ओर से मैच में 18 छक्के और 19 चौके लगे। इस पूरी पारी में केवल जसप्रीत बुमराह ही ऐसे गेंदबाज रहे जिन्होंने प्रति ओवर 10 से कम रन दिये। ट्रेविस हेड ने एसआरएच के लिए सबसे तेज़ अर्धशतक लगाया, फिर अभिषेक ने उस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। मुंबई इंडियंस की ओर से हार्दिक पांड्या, गेराल्ड कोएत्जी और पीयूष चावला ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

हैदराबाद ने बनाया आईपीएल का रिकॉर्ड स्कोर

हैदराबाद, एजेंसी। सनराइजर्स हैदराबाद ने चोटी के बल्लेबाजों की तूफानी पारियों के दम पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ बुधवार को यहां तीन विकेट पर 277 रन बनाए, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नया रिकॉर्ड है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने शुरू से लेकर आखिर तक ताबड़तोड़ रन बटोरे जिससे उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ बनाए गए पांच विकेट पर 263 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने में सफल रही।

हैदराबाद 277/3 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 19

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
मयंक अग्रवाल का डेविड बो हार्दिक	11	13	1/0
ट्रैविस हेड का नमन धीर बो कोएत्जी	62	24	9/3
अभिषेक शर्मा का नमन धीर बो चावला	63	23	3/7
एडन मार्कराम नाबाद	42	28	2/1
हेनरिक क्लासेन नाबाद	80	34	4/7

गेंदबाजी : मफाका 4-0-66-0, हार्दिक 4-0-46-1, बुमराह 4-0-36-0, कोएत्जी 4-0-57-1, चावला 2-0-37-1, मुलानी 2-0-33-0

तेंदुलकर ने रोहित को 200 नंबर की जर्सी दी उपहार



हैदराबाद, एजेंसी। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए 200वें मैच खेल रहे रोहित शर्मा को 200 नंबर लिखी जर्सी उपहार में दी है। आज यहां आईपीएल के आठवें मुकाबले में मुंबई इंडिया की ओर से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलने मैदान में उतरे ही रोहित शर्मा मुंबई के लिए 200वां मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गये है। मैच से पहले सचिन ने रोहित को 200 नवंबर की जर्सी भेंट करते हुए उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। रोहित शर्मा ने आईपीएल में कुल 245 मुकाबले खेले हैं। उन्होंने कुल छह हजार से भी ज्यादा रन बनाए हैं।

रॉयल्स के खिलाफ सत्र की पहली जीत दर्ज करने उतरेगी दिल्ली

जयपुर, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल सत्र की पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा तो सभी की नजरें कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी जबकि टीम को बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

गंभीर कार दुर्घटना के कारण 453 दिन बाहर रहने के बाद पंत पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में उनके नए घरेलू मैदान पर वापसी करते हुए सिर्फ 13 गेंद (18 रन) टिक पाए थे। पंत ने हालांकि विकेट के पीछे प्रभावित किया और जितेश शर्मा को स्टंप भी किया। अपने पहले मैच की शुरुआती घबराहट से उबरने के बाद पंत जल्द ही लय हासिल करने को बेताब होंगे क्योंकि उन्हें ट्रेंट बोल्ट, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे अनुभवी गेंदबाजों का सामना करना है। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पहले मैच में डेविड वार्नर और मिशेल मार्श से पारी का आगाज कराने का विकल्प चुना था जिससे कि यह जोड़ी पर्याप्त रन बनाकर मध्य क्रम में पंत के ऊपर से दबाव कम कर दे। ये दोनों हालांकि अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और दबाव पंत पर आ गया। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने हालांकि नाबाद 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे दिल्ली की टीम एक समय सात विकेट पर 138 रन बनाकर मुश्किल में घिरी होने के बावजूद नौ विकेट पर 174 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

राजस्थान रॉयल्स : संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, प्रसिद्ध कृष्णा, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।

दिल्ली कैपिटल्स : ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश धुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्तवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा और शाई होप।

समय : मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख का जुर्माना

चेन्नई। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान टीम की धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल के एक बयान में कहा गया, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।'' गिल की अगुवाई वाली टीम को पहली हार का सामना करना पड़ा जब मंगलवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने उसे 63 रन से हरा दिया। पहली बार किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी का नेतृत्व कर रहे गिल की अगुआई में टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहला मैच छह रन से जीता था।

फिर कप्तान बन सकते हैं बाबर आजम : सूत्र

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने के लिए शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा नहीं रह गया है और उसे लगता है कि पूर्व कप्तान बाबर आजम एक बार फिर टीम की कप्तानी के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं। पिछले साल भारत में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाने के बाद बाबर ने सभी प्रारूपों में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। मसूद को जहां टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तो वहीं शाहीन को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया।

पीसीबी थिंक टैंक के सूत्रों ने कहा कि बोर्ड इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि कोई व्यावहारिक विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण बाबर फिर से टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे अच्छा विकल्प हैं। एक सूत्र ने बताया, ''मजेदार बात यह है कि ऐसा प्रतीत होता है कि बोर्ड के अध्यक्ष में बदलाव के साथ ही पदाधिकारियों ने टेस्ट और टी20 प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने की शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा खो दिया है।''

बॉलीवुड हलचल

'गेमचेंजर' के लिए सुपरस्टार रामचरण ने ली 100 करोड़ फीस



मुंबई, एजेंसी। आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर मूवी देने वाले साउथ के सुपरस्टार राम चरण अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। राम चरण साउथ फिल्मों के उन सितारों में से हैं, जिन पर अपने पिता का स्टारडम हावी नहीं हुआ और उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। उन पर फिल्माया गए गाने नाटू नाटू ने 2023 में ऑस्कर जीता था। आरआरआर में काम करने के लिए उन्हें डायरेक्टर एसएस राजामौली ने 45 करोड़ रु. फीस दी थी। मगर अपनी अगली फिल्म 'गेम चेंजर' के लिए रामचरण 100 करोड़ फीस चार्ज कर रहे हैं। वैसे, रामचरण की गिनती साउथ के सुपरस्टार्स में होती है, लेकिन उन्होंने बॉलीवुड की एक ही फिल्म की है। रामचरण ने 2007 में पुरी जगन्नाथ की फिल्म 'चिरुथा' से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उन्होंने चरण नाम के युवक की भूमिका निभाई थी जो अपने माता-पिता के हत्यारों को खोज रहा होता है। फिल्म के डायरेक्टर और राइटर पुरी जगन्नाथ थे। इसमें नेहा शर्मा, प्रकाश राज, आशीष विद्यार्थी भी नजर आए थे। पहली ही फिल्म में रामचरण बेस्ट मेल डेब्यू का फिल्मफेयर साउथ अवॉर्ड जीतने में कामयाब रहे थे।



कपिल से विवादों पर सुनील ने सात साल बाद तोड़ी चुप्पी

मुंबई, एजेंसी। 'द कपिल शर्मा शो' में गुत्थी और डॉक्टर गुलाटी का रोल प्ले करने वाले सुनील ग्रोवर जल्द ही कपिल शर्मा के साथ स्क्रीन स्पेस एक बार फिर से शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं। दोनों ने नेटफ्लिक्स के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के जरिए पर्दे पर लंबे समय के बाद वापसी कर रहे हैं। इन्हें साथ में देखने के लिए फैंस बेताब हैं। सात साल पहले फ्लाइट में झगड़ना होने की वजह से इनके बीच मनमुटाव हो गया था, जिसके बाद कॉमेडियन ने कपिल का शो छोड़ दिया था। ऐसे में अब वापसी और विवादों पर सुनील ग्रोवर ने रिएक्शन दिया है। चलिए बताते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा। दरअसल, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का हाल ही में प्रीमियर रखा गया था, जिसमें कपिल और सुनील साथ में पहुंचे थे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में विवादित लड़ाई के बारे में दोनों ने खुलकर बात की थी। इस दौरान कॉमेडियन सुनील ग्रोवर ने कपिल के साथ अपनी लड़ाई का मजाक उड़ाया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि इसकी सालों पहले प्लानिंग बना ली गई थी। सुनील ग्रोवर ने कहा कि वो जब फ्लाइट में बैठे तो उन्हें पता चला कि नेटफ्लिक्स इंडिया आ रहा है तो कुछ पब्लिसिटी स्टंट हो।

अदिति राव हैदरी ने साउथ एक्टर सिद्धार्थ से रचाई शादी

मुंबई, एजेंसी। साउथ एक्टर सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने शादी कर ली है। दोनों ने तेलंगाना के श्री रंगानायक स्वामी मंदिर में शादी रचाई है। हालांकि अभी तक फोटोज सामने नहीं आई हैं। ग्रेट आंध्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने तेलंगाना के श्रीरंगापुरम जिले के रंगानायक स्वामी मंदिर में गुपचुप तरीके से शादी की है। दोनों पिछले कई साल से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। सिद्धार्थ और अदिति ने एक साथ 2021 की तमिल-तेलुगु फिल्म महासमुद्रम में काम किया था। तभी से इन दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं। सिद्धार्थ ने बॉलीवुड की फेमस फिल्मों जैसे रंग दे बसंती और चश्मेबद्दूर में काम किया है। अदिति राव हैदरी साउथ के साथ हिंदी फिल्मों की भी जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने पद्मावत, बॉस, रॉकस्टार और मर्डर-3 जैसी फिल्मों में काम किया है। अदिति का जन्म 28 अक्टूबर 1986 को हैदराबाद में एहसान हैदरी और विद्या राव के घर हुआ था। अदिति हैदराबाद के निजाम रहे मो. साहेल अकबर हैदरी की पड़पोती हैं। अदिति के नाना राजा जे.रामेश्वर राव तेलंगाना के वनापर्थी के राजा थे। अदिति ने अपने करियर की शुरुआत बतौर भरतनाट्यम डांसर के तौर पर की थी। उन्होंने फेमस भरतनाट्यम डांस लीला सैमसन के डांस ग्रुप में भी काम किया था। यहां काम करने के बाद उन्होंने एक्टिंग की तरफ रुख किया था। उन्होंने पहली बार 2007 की तमिल फिल्म श्रृंगारम में एक्टिंग की थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

जज रितु ने लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में ली शपथ

नई दिल्ली। न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी ने बुधवार को लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में शपथ ली। लोकपाल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर ने उन्हें शपथ दिलाई। भारतीय लोकपाल कार्यालय में आयोजित समारोह में पंकज कुमार और अजय तिर्की ने भी लोकपाल सदस्य के रूप में शपथ ली। बता दें, नई नियुक्तियां न्यायमूर्ति पी.के. मोहंती और न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी व अन्य का 26 मार्च को कार्यकाल पूरा होने के बाद की गईं हैं। अवस्थी ने हिजाब पर फैसला सुनाने वाली कर्नाटक हाईकोर्ट की पीठ का नेतृत्व किया था। इससे पहले अवस्थी विधि आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।

केरल के मुख्यमंत्री की बेटी के खिलाफ ईडी ने दर्ज किया केस

- सीएम पिनरई विजयन के करीबियों पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन की बेटी वीणा विजयन, उनकी आईटी कंपनी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और सभी लोगों के खिलाफ समन जारी होने की संभावना है।

केंद्रीय कॉर्पोरेट मंत्रालय की जांच शाखा, गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद ईडी ने केस दर्ज किया है। यह मामला आयकर विभाग की जांच से निकला है। आयकर विभाग ने बताया कि कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) नाम

की एक प्राइवेट कंपनी ने वीणा पिनरई की कंपनी को 2018 से 2019 के बीच 1.72 करोड़ रुपये का अवैध भुगतान किया। बता दें कि कर्नाटक हाई कोर्ट ने पिछले महीने एसएफआईओ द्वारा शुरू की गई जांच के खिलाफ एक्सलॉजिक सॉल्यूशंस द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी थी। सीपीआई (एम) के प्रदेश सचिव एम वी गोविंदन ने ईडी की आलोचना की। उन्होंने पूछा कि क्या एजेंसी की कोई विश्वसनीयता है।

एनआईए, बीपीआरडी और एनडीआरएफ में डीजी की नियुक्ति

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को बड़ी नियुक्तियों को हरी झंडी दिखाई। इसके तहत एनआईए, बीपीआरडी और एनडीआरएफ में नए महानिदेशकों (डीजी) की नियुक्ति की गई है। इससे जुड़ा आदेश भी जारी कर दिया गया है।

अधिसूचना के मुताबिक, आईपीएस सदानंद वसंत को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। इसके अलावा आईपीएस पीयूष आनंद को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और आईपीएस राजीव कुमार शर्मा को बीपीआरडी के महानिदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। केंद्र ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक के रूप में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुप्रिया पाटिल यादव का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया।

लोकसभा में बीते पांच साल में कुल 222 विधेयक पास

संसद में हंगामे अक्सर सुर्खियां बटोरते हैं। देश की विधायिका पर बड़ा दारोमदार कानून बनाना और इसके लिए विधेयकों पर चर्चा के बाद इन्हें संसद के दोनों सदनों से पारित कराना है। कानूनों में संशोधन की प्रक्रिया भी संसद से होकर गुजरती है। खास बात ये कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सरकार ने बीते एक दशक में हजारों पुराने कानूनों को खत्म करने का दावा किया है। ताजा घटनाक्रम में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक 17वीं लोकसभा में 222 विधेयक पारित कराए गए। बीते पांच साल के दौरान 222 में से 45 विधेयक ऐसे हैं जो उसी दिन पारित हो गए जिस दिन इन विधेयकों को सदन में पेश किया गया।

45 विधेयकों को पेश किए जाने वाले दिन ही मंजूरी दी गई

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक जिन 45 विधेयकों को मंजूरी दी गई है इनमें विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, विनियोग विधेयक, जम्मू-कश्मीर विनियोग (नंबर-दो) विधेयक, केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 और चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक, 2021 जैसे बिल शामिल हैं। एडीआर की इस रिपोर्ट में 17वीं लोकसभा के दौरान हुए विधायी कामकाज का विश्लेषण किया गया है।

11 विधेयक वापस लिए गए, सांसदों के औसत प्रदर्शन का भी आकलन हुआ

17वीं लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल में 240 बिल पेश किए गए। इनमें से 222 पारित हुए। इसके अलावा 2019 से 2024 की अवधि में 11 बिल वापस ले लिए गए। छह विधेयक लंबित हैं। केवल एक विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली। सांसदों के प्रदर्शन को लेकर एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि एक सांसद ने औसतन 165 सवाल पूछे। सदन की कुल 273 बैठकों में से 189 में भाग लिया। छत्तीसगढ़ के सांसदों की औसत उपस्थिति सबसे अधिक रही। राज्य के 11 सांसदों ने 273 बैठकों में से 216 में भाग लिया। सबसे कम के पैमाने पर अरुणाचल प्रदेश रहा। यहां के सांसद की औसत उपस्थिति सबसे कम रही। अरुणाचल से निर्वाचित दो सांसदों ने केवल 127 बैठकों में भाग लिया।

मलयेशिया के पीएम से मिले जयशंकर भारत के बहुआयामी संबंध होंगे मजबूत

यात्रा के तीसरे और आखिरी चरण में मलयेशिया पहुंचे विदेश मंत्री, अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत और मलयेशिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती आ रही है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात के बाद मलयेशिया के विदेश मंत्रालय द्वारा यह आधिकारिक बयान जारी किया गया है। दरअसल बुधवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मलयेशिया में अपने समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी के साथ मुलाकात की। इस दौरान पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

आपको बता दें कि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर सिंगापुर, फिलीपींस और मलयेशिया के दौरे पर हैं। इस यात्रा का तीसरा और आखिरी चरण मलयेशिया है। इससे पहले फिलीपींस और सिंगापुर में भी जयशंकर द्वारा यात्राएं और सार्थक मुलाकातें की गई हैं। बातचीत के दौरान जयशंकर ने पीएम मोदी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विकास पर उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ। गौरतलब है कि जयशंकर सिंगापुर, फिलीपींस और मलेशिया की अपनी तीन देशों की यात्रा के तीसरे और आखिरी चरण में कुआलालंपुर में हैं। इससे पहले जयशंकर ने अपने मलेशियाई समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी हसन से मुलाकात की।

कुआलालंपुर में मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के साथ मौजूद जयशंकर।

मुलाकात में इन मुद्दों पर हुई चर्चा

भारत और मलयेशिया के विदेश मंत्रियों ने सातवीं संयुक्त आयोग की बैठक आयोजित कराने पर भी चर्चा की। इससे पहले हसन द्वारा पदभार संभालने के बाद दिसंबर 2023 में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात हुई थी। इस बार इस यात्रा का उद्देश्य भारत और मलयेशिया के बीच सहयोग को मजबूत करना है। इसके साथ ही साझा चुनौतियों और अवसरों की समझ को बढ़ाना है। मलेशिया के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, 2023 में भारत ने मलयेशिया के 12वें सबसे बड़े वैश्विक व्यापार भागीदार की भूमिका अदा की थी। यह व्यापार कुल मिलाकार 16 .53 बिलियन डॉलर था।

पीएम इब्राहिम से की द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि इससे भारत और मलेशिया संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मलयेशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात करना सम्मान की बात है। जयशंकर ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मलेशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात सम्मान की बात है। पारंपरिक और नए युग दोनों क्षेत्रों में मजबूत भारत-मलयेशिया संबंधों के लिए उनका दृष्टिकोण, हमें रिश्ते के लिए एक अधिक महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने में मदद करेगा। क्षेत्रीय विकास पर उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ है।

केंद्रीय विवि की छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में प्रोफेसर गिरफ्तार

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में छात्रा से बलात्कार के आरोप में केंद्रीय विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया गया है। शोधार्थी छात्रा ने अपने ही प्रोफेसर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। छात्रा की शिकायत के आधार पर शाहपुर पुलिस थाना में प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

बुधवार को आरोपी केमिस्ट्री' के प्रोफेसर राजेंद्र कुमार (44) को गिरफ्तार कर लिया गया है। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने पुष्टि करते हुए बताया कि छात्रा ने अपनी शिकायत में बताया है प्रोफेसर ने शाहपुर के एक निजी होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रोफेसर को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 30 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। वहीं दुष्कर्म को लेकर विद्यार्थियों ने सीयू परिसर में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। विद्यार्थी आरोपी प्रोफेसर को निलंबित करने की मांग पर अड़े रहे। वहीं, विवि प्रशासन ने आरोपी प्रोफेसर को निलंबित कर दिया है।

भविष्य में युद्ध होंगे और ज्यादा खतरनाक

- वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी बोले- भारत को भविष्य के लिए अभी से तैयार रहने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बुधवार को भविष्य के संघर्षों में एयरोस्पेस पावर विषय पर एक सेमिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा-भारत को भविष्य के लिए अभी से तैयार रहने की जरूरत है और हमें यह स्वीकार करने की जरूरत है कि भविष्य में अलग तरीके से युद्ध लड़े जोएंगे।

यह बातें वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने दिल्ली में कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि "बालाकोट जैसे ऑपरेशन ने दिखाया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति होने पर, एयरोस्पेस शक्ति को प्रभावी ढंग से दुश्मन की सीमाओं से परे ले जाया जा सकता है। सेमिनार में अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि राष्ट्र रणनीतिक लाभ के लिए अंतरिक्ष-आधारित संपत्तियों पर तेजी से भरोसा कर रहे हैं, अंतरिक्ष का सैन्यीकरण और हथियारीकरण एक अपरिहार्य वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा, मानव इतिहास में, आसमान को अक्सर आश्चर्य और अन्वेषण का क्षेत्र माना गया है, जहां सपने उड़ान भरते हैं और सीमाएं विशाल नीले विस्तार में विलीन हो जाती हैं।

बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित सेमिनार में एयर मार्शल अनिल चोपड़ा और वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी के साथ मौजूद अन्य।

रक्षा मंत्री दो को भविष्य की रक्षा चुनौतियों पर करेंगे मंथन

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो अप्रैल को सेना के कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। भारतीय सेना की प्रगति और भविष्य की तैयारियों को लेकर यहां वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व गहन चर्चा करेंगे और इस सत्र के दौरान समूचे देश की सुरक्षा का मूल्यांकन किया जाएगा। सैन्य कमांडरों का यह सम्मेलन वर्चुअल मोड में 28 मार्च को होगा और सशरीर उपस्थिति एक और दो अप्रैल को अनिवार्य होगी। 28 मार्च को थलसेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय नई दिल्ली में सैन्य कमांडरों को आनलाइन संबोधित करेंगे। एक और दो अप्रैल को नई दिल्ली में सैन्य कमांडरों की बैठक होगी जिसमें थलसेना अध्यक्ष पांडेय के अलावा सेना के सभी वरिष्ठ अफसर उपस्थित होंगे। इस अवसर पर भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयारी का मूल्यांकन किया जाएगा। सेना में शोध की संस्कृति को बढ़ावा देने और नई परिस्थितियों में ढलने के लिए विशेष प्रशिक्षण और निवेश संबंधी कार्यक्रमों पर जोर दिया जाएगा।

इमरान की पार्टी को मिली रैली करने की अनुमति

इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) ने बुधवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पीटीआई द्वारा इस्लामाबाद में रैली का आयोजन करने वाली याचिका को स्वीकार कर ली है। अदालत ने अधिकारियों को कानून के तहत पार्टी को रैली का आयोजन करने का आदेश भी दिया। रैली का आयोजन इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने पीटीआई द्वारा एक रैली आयोजित करने के मामले पर सुनवाई की।

एक नजर

अरुणाचल में एक वोट के लिए 39 किमी पैदल सफर करेंगे अफसर

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के मालोगम में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के वोटिंग के लिए पोलिंग अफसरों की टीम सिर्फ एक वोट लेने जाएगी। इसके लिए वे 39 किमी पैदल सफर करेंगे। चीन सीमा के पास स्थित मालोगम में सिर्फ एक महिला वोटर है। 44 साल की महिला का नाम सोकेला तायांग है। अधिकारियों ने बताया कि मालोगम में गिने-चुने परिवार रहते हैं। सोकेला को छोड़कर सभी का नाम दूसरे मतदान केंद्र पर दर्ज है। सोकेला किसी अन्य मतदान केंद्र पर नहीं जाना चाहती हैं। उनका वोट लेने के लिए अफसरों, सुरक्षाकर्मियों के साथ एक पोलिंग टीम हेयुलियांग से दुर्गम पहाड़ी इलाकों से होते हुए मालोगम जाएगी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सभी लोगों अपनी बात कहने का मौका मिले।

कश्मीर में अंजी ब्रिज पर रेल ट्रैक बिछाने का काम जारी

श्रीनगर। कश्मीर को देश से जोड़ने वाले अंजी ब्रिज का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। यहां पर रेलवे ट्रैक बिछाने का काम जारी है। इस ब्रिज का निर्माण अंजी नदी पर किया गया है, जो चिनाब की एक सहायक नदी है। नदी के तल से लगभग 331 मीटर ऊपर लटके इस पुल का नजारा बेहद खूबसूरत है। इसमें 96 केबल्स को सपोर्ट देकर फिक्स किया गया है। इस ब्रिज को रिकॉर्ड 11 माह में पूरा किया गया है। यह केबल ब्रिज सुरंग टी-2, कटड़ा और सुरंग टी-3 और रियासी छोर को भी भी जोड जोड़ता है। जो उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा है। अफसरों का कहना है कि ब्रिज पर ट्रेन 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ सकेगी।

भारत ने भूटान को पांच अरब डॉलर की मदद भेजी

- ग्यालसुंग परियोजना के लिए जारी की दूसरी किस्त, अब तक 10 अरब रुपये की भेजी मदद

नई दिल्ली, एजेंसी

भूटान की मदद के लिए भारत की तरफ से 5 अरब डॉलर की दूसरी किश्त भेजी गई है। इस किश्त की मदद से भूटान में ग्यालसुंग परियोजना से संबंधित बुनियादी ढांचे का विकास होगा। भूटान में भारत के राजदूत सुधाकर दलेला ने भूटान के विदेश मंत्री ल्योनपो डी.एन. धुंगयेल से मुलाकात कर किश्त सौंपी।

भूटान में भारतीय दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि इस किश्त के साथ ही भारत ने भूटान के साथ हुए समझौते के तहत शाही सरकार के लिए कुल दस अरब रुपये जारी कर दिए हैं। इससे पहले 28 जनवरी 2024 को भी भारत ने भूटान के लिए पांच अरब रुपये की किश्त जारी की थी। दरअसल भारत और भूटान के बीच जनवरी 2024 में एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे। इस एमओयू के अनुसार भारत द्वारा भूटान को 15 अरब रुपये की मदद की जाएगी। यह अतिरिक्त मदद भूटान के ग्यालसंग में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए दी जा रही है। जनवरी 2023 में भी भारत ने डेसुंग फॉर ग्यालसंग कार्यक्रम के लिए दो अरब रुपये का अनुदान दिया था। भूटान में भारतीय दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि भूटान के साथ साझेदारी करना भारत के लिए सौभाग्य की बात है।

वोटिंग के लिए जागरुकता...

करगिल: यह फोटो लद्दाख स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे स्की-स्लोप में शामिल लिंकिपाल की है। केंद्र शासित प्रदेश में पहली बार वोट देने जा रहे युवाओं को जागरूक करने के लिए स्वीप करगिल इवेंट आयोजित किया गया। लद्दाख में लिंकिपाल 9 हजार फीट ऊंचाई पर स्थित है।

भारत-अमेरिका सैन्य अभ्यास में जवान आजमा रहे ताकत-तकनीक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच तीनों सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास हो रहा है। इसका मकसद युद्ध कौशल निखारना और जटिल चुनौतियों से निपटने के प्रभावी तरीके विकसित करना है। अभ्यास में शामिल भारतीय सेना के बटालियन समूह में 700 से अधिक कर्मी शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत और अमेरिका के बीच चल रहे ट्राई सर्विस एक्सरसाइज - 'टाइगर ट्रायम्फ -24' में भाग ले रहे सैनिक पूर्वी समुद्री तट पर सैन्य अभ्यास कर रहे हैं। 14 दिवसीय अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इसमें विशाखापत्तनम में बंदरगाह चरण और उसके बाद काकीनाडा में समुद्री चरण शामिल है। सेना ने

कहा, 18-31 मार्च तक चलने वाले इस सैन्य अभ्यास का मकसद सैनिकों को मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) के लिए और बेहतर तरीके से तैयार करना है। सेना के मुताबिक थल सेना, वायुसेना और नौसेना के बीच कैसे अंतरसंचालन को बेहतर बनाया जाए, इसकी संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं। इसके अलावा दोनों देशों की सेनाओं के बीच तेज और सुचारु समन्वय को सक्षम बनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को और बेहतर बनाने पर भी काम हो रहा है।

विज्ञान एरिजोना विवि के अल्फी नॉरविले जेम एंड मिनरल संग्रहालय समेत कई अन्य देशों में किया गया प्रदर्शित

क्षुद्रग्रह 'बेन्नु' के नमूनों को संग्रहालयों में रखा

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ब्रह्मांड में पृथ्वी के समान कंकड़ व मिट्टी के अनगिनत भंडार हैं। हाल में एक क्षुद्रग्रह से लाए नमूनों से इसका पता चलता है। इस क्षुद्रग्रह का नाम बेन्नु है। इन दुर्लभ नमूनों को एरिजोना विश्वविद्यालय के अल्फी नॉरविले जेम एंड मिनरल संग्रहालय समेत कई अन्य देशों में प्रदर्शित किया गया है।

छोटे से कंकड़ को अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लाने के लिए इतनी मसक्कत क्यों? यह प्रश्न स्वाभाविक है, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अनमोल है। जिसे हासिल करने में नासा ने अरबों डाल खर्च कर दिए और सात वर्ष से अधिक समय इसके पीछे लगा दिया। नासा के ओएसआईआरआईएस-आरईएक्स नामक मिशन को इस कार्य में लगाया गया था।

वर्ष 2016 में इस मिशन को क्षुद्रग्रह बेन्नु पर लॉन्च किया गया था, जो सात साल की यात्रा के बाद 2023 में पृथ्वी पर वापस लौटा। यह एक रोमांचक अंतरिक्ष सफर रहा। जिसमें यान ने 6.8 बिलियन किमी की यात्रा पूरी की। अंतरिक्ष यान द्वारा क्षुद्रग्रह बेन्नू से लाए गए टुकड़ों को यूटा रेगिस्तान पर गिराया था।

इसके बाद नमूनों को तुरंत विश्लेषण के लिए ह्यूस्टन के एक साफ कमरे में ले जाया गया। जिन्हें अब एरिज़ोना, टेक्सास और वाशिंगटन डी.सी. में बेन्नू दुर्लभ नमूनों को संग्राहलय में आमजन के अवलोकन के लिए सुसज्जित कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि यह क्षुद्रग्रह एक छोटे ग्रह जैसे पिंड का अवशेष है, जो शायद कभी समुद्री दुनिया रही होगी।

ओरिजोन के संग्रहालय में रखा अंतरिक्ष से लाया गया दुर्लभ कंकड़।

शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस जैसा है बेन्नु

बेन्नू के नमूनों के विश्लेषण से पता चलता है कि यह पानी, मिट्टी, कार्बन, नाइट्रोजन, सल्फर, फास्फोरस, कैल्शियम, मैग्नीशियम और फॉस्फेट से समृद्ध है। यह एक छोटे ग्रह जैसे पिंड का बचा हुआ टुकड़ा है। जिसमें एक महासागर था। यह शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस के समान प्रतीत होता है। ग्रहों की दुनिया के शोध में बन्नू के नमूने मील का पत्थर साबित होंगे।

बाल्टीमोर हादसे में लापता छह लोगों को मृत माना, तलाशी अभियान थमा

बाल्टीमोर, एजेंसी

अमेरिका के मैरीलैंड प्रांत के बाल्टीमोर में पटाप्सको नदी पर बने ऐतिहासिक फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज एक जहाज के टकराने के बाद नदी में गिर गया है। इस हादसे के बाद लापता हुए छह लोगों को मृत मान लिया गया है।

अमेरिकी कोस्ट गार्ड का कहना है कि बाल्टीमोर में एक पुल ढहने के बाद लापता छह लोगों की तलाश को रोक दिया गया है। रियर एडमिरल शैनन गिलरेथ ने कहा कि हमने इस खोज अभियान को रोक दिया है। अब इस बात की कम ही उम्मीदें है कि हादसे के बाद लापता हुए छह लोग जीवित होंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बाल्टीमोर में एक मालवाहक जहाज फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज से टकरा गया था। इस हादसे के दौरान कई लोग और कारें नदी में गिर गई थी। मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर के अनुसार, मालवाहक जहाज के चालक द्वारा हादसे से पहले मदद भी मांगी गई थी। आशंका जताई जा रही है कि बिजली की समस्या के कारण मालवाहक जहाज पुल से टकराया है।

भारतीय दूतावास ने घटना पर जताया दुख, हेल्पलाइन जारी

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने मैरीलैंड राज्य के बाल्टीमोर शहर में हुए दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया। हादसे का शिकार हुए जहाज में चालक दल के सभी 22 सदस्य भारतीय थे। ये सभी सुरक्षित हैं। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए एक हेल्पलाइन जारी की है। उसका कहना है कि यह हेल्पलाइन उन लोगों के लिए हैं, जो इस हादसे से प्रभावित हो सकते हैं या सहायता की आवश्यकता हो सकती है। वहीं, दूतावास पोत के चालक दल के संबंध में ब्यौरे का भी पता लगा रहा है।